


# रॉयल बुलेटिन

प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक

तापमान- अधिकतम- 36.09
न्यूनतम- 22.09




◆ वर्ष 41, अंक 106 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025 ◆ बैशाख कृष्ण 6 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया


# बदल रहा है इलेक्शन कमीशन! अब सुधारों की बढ़ गई है उम्मीद

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने अंतरराष्ट्रीय चुनावी प्रक्रियाओं का शुरू किया अध्ययन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय चुनाव आयोग दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया का संचालन करता है। यह अब एक नई दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालते ही चुनाव आयोग में कई बड़े और निर्णायक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसका उद्देश्य न केवल भारत की चुनाव प्रणाली को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाना है, बल्कि इसे वैश्विक मानकों के अनुरूप या उससे भी कहीं ज्यादा बेहतर रूप में तैयार करना है। इसके लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सबसे पहले चुनावी प्रक्रियाओं के अंतरराष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन पर जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को प्रत्येक लोकतांत्रिक देश की चुनाव प्रणाली का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद यह जानना है कि उन देशों में चुनाव कैसे होते हैं, मतदाता सूची कैसे बनती है, और वे कौन-सी नई चीजें और नए तरीके अपनाते हैं जो भारत के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं।




● **एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में मतदाता सूची की एकरूपता पर दे रहा जोर**

**प्रत्येक मतदाता को भागीदार बनाने की पहल!**

अपने इस पहल के माध्यम से चुनाव आयोग भविष्य में भारतीय चुनावी प्रक्रिया में और भी आधुनिक तकनीकों, जैसे ऑनलाइन वोटिंग, रियल-टाइम वोट ट्रैकिंग या डेटा-संचालित प्रबंधन को शामिल कर सकता है। इससे चुनाव प्रणाली को और भी ज्यादा विश्वसनीय और मतदाता-अनुकूल बनाया जा सकता, ताकि देश का हर वोटर मतदान की प्रक्रिया में भागीदार बन सके।


### एक राष्ट्र, एक चुनाव की ओर बढ़ते कदम

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है विभिन्न राज्यों में स्थानीय निकाय चुनावों के नियमों की समीक्षा। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि देश में एक समान मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में यह पहला और बुनियादी कदम होगा। अभी तक स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अलग मतदाता सूचियां होती हैं, जो कई बार लोकसभा और विधानसभा चुनावों से भिन्न होती हैं। अगर पूरे देश में ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक एक ही मतदाता सूची का इस्तेमाल होगा, तो न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि इससे मतदाता सूची में डुप्लिकेशन और गड़बड़ियों की संभावना भी पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी। यह एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में एक बुनियादी कदम की तरह है। चुनाव आयोग अपने हेडक्वार्टर की कार्य संस्कृति को भी अधिक अनुशासित और आधुनिक बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। अब इसके सभी कर्मचारी ई-ऑफिस सिस्टम का उपयोग करेंगे और उनकी उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (बीएएस) से दर्ज होगी।

## दिल्ली के सीलमपुर में युवक की हत्या के बाद तनाव

● **परिजन का आरोप-कई मुस्लिम लड़कों ने रंजिश में मारा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम करीब 8 बजे 17 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इससे इलाके में तनाव है।



परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर चक्काजाम करके प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि मुस्लिम लड़कों ने पुरानी रंजिश में हत्या की है। उधर, सीलमपुर में रहने वाले परिवारों ने घरों के बाहर हिंदू पलायन के पोस्टर लगाए हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी से मदद की गुहार लगाई है। इन पोस्टर्स पर लिखा है, हिंदू पलायन कर रहा है, योगी जी मदद करो।

## तेलंगाना-हरियाणा के बाद आंध्र में भी आरक्षण में सब-कोटा

● **अध्यादेश जारी; सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उठाया कदम**

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश ने गुरुवार को अनुसूचित जातियों आरक्षण के भीतर आरक्षण देने के लिए अध्यादेश जारी



किया। राज्य में कुल 59 एससी जातियों को 15 फीसदी आरक्षण मिलता है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों कोटे में कोटा देने की अनुमति दी थी। आंध्र प्रदेश के अध्यादेश में सरकारी नौकरी और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए एससी जातियों को तीन ग्रुप में बांटा गया है।

## धार्मिक नाम पर आवंटित वक्फ संपत्तियों पर बने हैं मकान-दुकान

● **यूपी के जिलों से आने लगी रिपोर्ट, 761 से अधिक संपत्तियां हैं शामिल**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के जिलों से जिलाधिकारियों ने धीरे-धीरे वक्फ संपत्तियों की जानकारी शासन को भेजनी शुरू कर दी है। शासन को अब तक मिली जिलों की रिपोर्ट के मुताबिक धार्मिक, शैक्षिक कामों




और कब्रिस्तान के लिए दी गई 761 से अधिक संपत्तियों पर घर और दुकानें बना दी गई हैं। शासन ने जिलाधिकारियों से वक्फ संपत्तियों के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इसमें पूछा गया है कि वक्फ की संपत्तियों का आवंटन के बाद मनमाना इस्तेमाल किया जा रहा है। जिलाधिकारियों से अपने-अपने जिलों में स्थित वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे।

## पीएम मोदी ने एलन मस्क से की तकनीकी सहयोग पर चर्चा

**भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की संभावनाएं**

**स्टारलिंक की भारत में योजनाओं पर कोई जानकारी नहीं दी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी साझा की। पीएम ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में इस साल हुई उनकी पिछली मुलाकात के दौरान कुछ खास मुद्दों पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में भारत और अमेरिका के बीच टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग की बहुत संभावना बताई। पीएम मोदी ने लिखा, एलन मस्क से बात हुई और कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें वाशिंगटन डीसी में इस साल हुई हमारी मुलाकात के दौरान शामिल विषय भी शामिल थे। उन्होंने आगे कहा, हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। इसका मतलब है कि भारत और अमेरिका मिलकर टेक्नोलॉजी को और बेहतर बनाने के लिए काम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत, अमेरिका के साथ इन क्षेत्रों में अपनी दोस्ती को और आगे बढ़ाएगा। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर एक समझौता होने की बात चल रही है।



खबर है कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में आ सकती है। लेकिन पीएम मोदी के पोस्ट में इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई न ही यह बताया गया कि कंपनी की भारत के लिए क्या योजनाएं हैं। कुछ समय पहले, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टारलिंक के अधिकारियों से मुलाकात की थी। स्टारलिंक एक ऐसी कंपनी है जो सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सेवा देती है। इस मीटिंग में स्टारलिंक के वाइस प्रेसीडेंट चाड गिब्स और सीनियर डायरेक्टर रयान गुडनाइट भी शामिल थे। उन्होंने भारत में अपनी टेक्नोलॉजी, पार्टनरशिप और निवेश योजनाओं के बारे में बात की।

## ममता की नहीं सुनी, ट्रेन से मालदा पहुंच गए गवर्नर

● **पीड़ितों से मिलकर केंद्र को भेजेंगे रिपोर्ट, बढ़ेगा टकराव**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मालदा पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अनुरोध को ठुकरा दिया। ममता बनर्जी ने उनसे दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा स्थगित करने को कहा था। दरअसल राज्यपाल हाल ही में मुर्शिदाबाद जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा के पीड़ितों से मिलने की योजना बना रहे थे। हिंसा के बाद कई लोग अपना घर छोड़कर भाग गए थे। राज्यपाल पीड़ितों से मिलेंगे और उनके हालात का जायजा लेंगे और अपनी सिफारिशें



भेजेंगे। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी मालदा जिले में एक टीम भेजी है। यह टीम मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद वहां से भागकर आए लोगों से मिलेगी और जांच करेगी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने और जमीनी हकीकत जानने जा रहा हूं। मुझे जो रिपोर्ट मिली हैं। मैं उन्हें वेरिफाई करूंगा। मैं अस्पतालों, पीड़ितों के घरों और राहत शिविरों में जाऊंगा। केंद्रीय बल और राज्य पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं। स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। मैं पीड़ितों की रिपोर्ट जारी करूंगा।

### तृणमूल ने राज्यपाल और केंद्रीय टीम की आलोचना की

राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल ने राज्यपाल और दौरे पर आई केंद्रीय टीम की आलोचना की और उन पर राजनीतिक लाभ के लिए हालात को अस्थिर करने के प्रयास का आरोप लगाया। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा कि जब मुख्यमंत्री ने उनसे अनुरोध किया था तो उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए था। लेकिन उनका इरादा क्षेत्र में तनाव पैदा करना और परेशानी बढ़ाना है। एनसीडब्ल्यू और एनएचआरसी की टीम भी और परेशानी बढ़ाने में बीजेपी को मदद करने के लिए क्षेत्र का दौरा कर रही हैं और वे नहीं चाहते कि क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो।

## भगवत गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को में मिली जगह

**मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में किया शामिल, मोदी बोले-यह गर्व का क्षण**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को ऐतिहासिक मान्यता देते हुए, श्रीमद् भगवत गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। ये दार्शनिक आधार हैं जिन्होंने हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को बेहतर बनाया है। 18 अप्रैल यानी वर्ल्ड हेरिटेज डे के दिन इसे शामिल किया गया है। पीएम मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा- यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है।

● **पीएम ने कहा- हमारे ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली**



उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। इसके साथ ही, अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस यूनेस्को के रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर एक अंतरराष्ट्रीय पहल है, जिसे यूनेस्को ने 1992 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य विश्व के महत्वपूर्ण दस्तावेजी विरासतों को पहचान देना, उसे संरक्षित करना और लोगों की पहुंच में लाना है। यह एक अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर है जिसमें विश्वभर के ऐतिहासिक दस्तावेज, पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, चित्र, फिल्में, ऑडियो रिकॉर्डिंग, आदि को शामिल किया जाता है, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या सामाजिक महत्व होता है। 2024 में, तीन भारतीय साहित्यिक कृतियों रामचरितमानस, पंचतंत्र, और सहृदयलोक-लोकन को 'मैमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक रीजन' रजिस्टर में शामिल किया गया था। यह पहली बार है कि एक ही बार में भारत के तीन कृतियों को एक-साथ शामिल किया गया हो। 'रामचरित मानस'तुलसीदास ने 16वीं शताब्दी में अवधी भाषा में लिखी थी।इसे हिन्दू धर्म की सर्वोतत्म कृतियों में माना जाता है।

## तेल के खेल में नेपाल की एंट्री संकट में भारतीय कंपनियां

● **सरकार से लगाई बचाने की गुहार, टैक्स में की छूट की मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खाद्य तेलों की कीमतों में जो तेजी है, उसे आप तो महसूस कर ही रहे होंगे। दरअसल, पिछले साल सितंबर में सरकार ने कुकिंग ऑयल के इंपोर्ट पर भारी टैक्स लगा दिया था।



इस वजह से घरेलू बाजार मे इसके दाम चढ़ गए। लेकिन अभी तो इस बाजार में गजब ही हो रहा है। भारत जैसे बड़े देश की खाद्य तेल की बड़ी कंपनियां नेपाल जैसे छोटे देशों की छोटी-छोटी कंपनियों से खौफ खा रही हैं। दरअसल, नेपाल की वजह से इनका धंधा मारा जा रहा है। नेपाली खाद्य तेल से परेशान भारतीय खाद्य तेल बेचने वाली कंपनियों के संगठन इंडियन वेजीटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने सरकार का दरवाजा खटखटाया है। नेपाल से भारत का दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौता है।

## पहले खुद के गिरेबां में झांक लो, फिर दिखाओ आईना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश को फटकार लगाते हुए कहा है कि पड़ोसी देश को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए जहां जघन्य अपराधों के दोषी आजाद घूम रहे हैं। बता दें कि बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विरोध में हुई हिंसक झड़पों ने राज्य में तनाव बढ़ा दिया है। इन प्रदर्शनों के दौरान कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हिंसा के बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए तैनात किया गया है। इस बीच, बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर की गई टिप्पणियों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। बांग्लादेश ने भारतीय अधिकारियों से अशांति से प्रभावित अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदायों की रक्षा करने का आह्वान किया था।

● **बंगाल हिंसा पर ज्ञान दे रहे बांग्लादेश को भारत की फटकार**



मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि अंतरिम सरकार ने इस घटना में बांग्लादेश को शामिल करने के भारत के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है।


## पत्नी के साथ जयपुर में 3 दिन रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**जयपुर (एजेंसी)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसीडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे।

इससे पहले 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी जयपुर आए थे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन भी अपने कार्यकाल के दौरान जयपुर दौरे पर आ चुके हैं। जेडी वेंस के दौरे के मद्देनजर सभी सुरक्षा एजेंसिया सतर्क हो गई हैं। आमेर फोर्ट में एजेंसियों ने सुरक्षा की तैयारियां देखी। व्हाइट हाउस ने वेंस के जयपुर दौरे की दो दिन पहले पुष्टि की थी।

सूत्रों के अनुसार, वेंस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जयपुर आ सकते हैं। जेडी वेंस की विजिट को लेकर अमेरिकी सेना के भी बड़े विमान यहां पहुंचे थे।

**बिल क्लिंटन जैसा होगा स्वागत, आमेर किले के बंद गेट खुलवाए गए**



### 190 साल पुराने रामबाग पैलेस में रुकेंगे वेंस

दुनिया के टॉप लग्जरी होटल में शुमार रामबाग पैलेस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति का दो दिन स्टे होगा। करीब 190 साल पुरानी यह प्रॉपर्टी जयपुर के पूर्व राजपरिवार से संबंध रखती है। ताज ग्रुप का यह प्राइम होटल हॉलीवुड-बॉलीवुड स्टार्स के साथ दुनियाभर के सेलिब्रिटीज की पसंद है। अपने आखिरी दिनों में पूर्व महारानी गायत्री देवी भी रामबाग पैलेस में मौजूद लिलिपूल पैलेस में रहती थीं। रामबाग पैलेस को भारत का सबसे महंगा होटल माना जाता है।

### 'चंदा' और 'पुष्पा' करेंगी वेलकम

22 अप्रैल को आमेर महल विजिट के दौरान वे राजस्थानी मेहमान नवाजी का भी एक्सपीरियंस करेंगे। इस दौरान आमेर महल के सूरजपोल गेट पर उनका स्वागत हथिनी चंदा और पुष्पा करेंगी। हाथी गांव विकास समिति के अध्यक्ष बल्लू खान ने बताया कि दोनों हाथियों को चांदी के होदे लगेंगे और ज्वेलरी पहनाई जाएगी। आमतौर पर वीवीआईपी मेहमानों का स्वागत इसी तरह किया जाता है। आमेर के पास मौजूद हाथी गांव में सेरेमनी को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। जयपुर में उपराष्ट्रपति वेंस आमेर महल को घूमने में सबसे ज्यादा टाइम स्पेंड करेंगे। सूत्रों के अनुसार वे इस फोर्ट में करीब ढाई घंटे तक रुकेंगे। करीब 433 साल पुराना यह किला राजपूताना इतिहास के कई पन्नों को समेटे हुए है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति के जयपुर दौरे से पहले एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और बढ़ा दिया गया है।

## अनमोल वचन

आज का युग अधिक से अधिक धन कमाने और संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा का युग है। मनुष्य के जीवन में एक ही लक्ष्य रह गया है कि अधिक से अधिक धन इकट्ठा किया जाये। धन कमाने और उसे इकट्ठा करने में वह नीति और न्याय सब भूल गया है। प्रभु की याद उसे आती ही नहीं। वह संसार में आने के मुख्य लक्ष्य 'प्रभु प्राप्ति' को मन से ही निकाल देता है तो फिर कष्टों में घिरता है और जब कष्टों में दुखों में घिरता है तो भगवान को पुकारता है। यदि वह सुखों में भी उसे पुकारे और उसका सुमरण करता रहे तो जीवन में दुख ही क्यों आये। ऐसा भी नहीं कि शत-प्रतिशत व्यक्ति ऐसे ही होते हैं। ऐसे भी लोग संसार में हैं जो दुख और सुख में उसे समान रूप से याद करते हैं, बल्कि ऐसे व्यक्ति सुखों में उसे अधिक याद करते हैं। वे अपने सुखों को प्रभु की कृपा और आशीर्वाद मानकर उसका धन्यवाद करते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति ही दूसरों के दुख-दर्द में सहायता और सेवा को सदैव उद्यत रहते हैं, निश्चित ही वे प्रभु के प्यार को प्राप्त करते रहते हैं और सदा सुख का अनुभव करते हैं।

# मुस्लिमों की ही सुनी, तब बनाया है वक्फ कानून

### पीएम ने कहा-1700 शिकायतें मिलने के बाद बना है वक्फ ऐक्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 सैकड़ों शिकायतों के बाद लाया गया है, जिनमें मुस्लिम समुदाय के लोगों,

- **पीएम बोले-विशेष रूप से महिलाओं-विधवाओं की रही प्रमुख भूमिका**

विशेष रूप से महिलाओं और विधवाओं की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री ने यह बात दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2019 में दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें विभिन्न मुस्लिम समुदायों से वक्फ संपत्तियों को लेकर 1700 से अधिक शिकायतें मिली थीं, जिससे सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना पड़ा। पीएम मोदी ने कहा, नया कानून इन शिकायतों का जल्द समाधान करेगा और सबसे गरीबों का आशीर्वाद मिलेगा। मैं पहले से ही उन पीड़ितों के लिए लड़ रहा हूं, विशेष रूप से विधवाओं के लिए जिन्हें पुराने कानूनों ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया।

### कई जगह वक्फ कानून को लेकर भारी विरोध

हालांकि, वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर देश के कुछ हिस्सों में विरोध भी देखने को मिला है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कानून को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि यह कानून देश को बांटने वाला है और इसे लागू नहीं करना चाहिए। दूसरी ओर, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कानून का स्वागत करते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों से अमीर और प्रभावशाली मुस्लिमों द्वारा किए गए अतिक्रमण को खत्म करेगा। सुप्रीम कोर्ट में इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने विशेष रूप से वक्फ-बाय-यूजर श्रेणी को हटाने, गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने और संपत्ति के स्वामित्व का निर्धारण करने के लिए राज्य को दी गई।

# 10,000 की भीड़ हुई जमा छीन ली पुलिस की पिस्तौल

### वक्फ हिंसा पर हाईकोर्ट में ममता सरकार का कबूलनामा



**कोलकाता (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन ऐक्ट के खिलाफ पिछले हफ्ते पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा पर राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया है कि हिंसा के दिन करीब 10,000 की भीड़ जमा हो गई थी। इतना ही नहीं उन्मादी भीड़ ने तब मौके पर तैनात पुलिस की पिस्तौल भी छीन ली थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बंगाल सरकार ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उन्मादी भीड़ में से करीब 10 लोगों के पास घातक हथियार थे, जिनसे पुलिस को अपने अधिकारियों को बचाना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपद्रवियों की हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले करीब 8000-10000 लोगों की भीड़ पीडब्ल्यूडी ग्राउंड आउट पर इकट्ठा हुई। इसके बाद भीड़ का एक हिस्सा अलग हो गया और करीब 5000 लोग उमरपुर की ओर बढ़ गए और एनएच को जाम कर दिया। इसके बाद देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई और गंदी भाषा का इस्तेमाल करने लगी। इसके बाद उन्होंने पुलिस कर्मियों पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इस बीच, कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य वाली तीन सदस्यीय समिति लोगों के पुनर्वास पर बात करे।

## युवक की संदिग्ध मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह शरीफक्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में छत से गिरने के कारण मृत्यु हो गयी। मृतक की मां ने पुत्र की हत्या किये जाने की बात की है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा जिला सीतापुर का निवासी कन्हैय्या (25) यहां एक आटा मिल में वर्कर था। आज सुबह इसका शव मिल के पीछे पड़ा मिला। मृतक की मां का कहना है कि उसके पुत्र का गुरुवार रात फोन आया था कि उसका किसी से झगड़ा हुआ है और वह लोग जान से मारने की धमकी देकर गये हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## अमेठी में प्रबंधन छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमेठी।** अमेठी में राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हॉस्टल की खिड़की से गिरकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जायस थाना क्षेत्र में राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के एमबीए तृतीय वर्ष के छात्र अभिनव आनंद ने हॉस्टल की छठवीं मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। युवक बिहार की राजधानी पटना का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद आरजीआईपीटी के स्थानीय सुरक्षा गार्डों ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में आरजीआईपीटी संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है अभी तक उनकी तरफसे कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। युवक की मौत कारण आत्महत्या है या कोई हादसा यह संशय अभी बरकरार है। मौके पर पुलिस की एक टीम घटना की जांच करने पहुंची है। अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि आज सुबह 4:00 बजे राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में एक छात्र ने होस्टल की बिल्डिंग से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उसे पेट्रोलियम संस्थान के सुरक्षा गार्ड्स ने अस्पताल में भर्ती कराया तब तक उसकी सांसे चल रही थी अस्पताल पहुंचने पर युवक ने दम तोड़ दिया। छात्र की पहचान अभिनव आनंद निवासी पटना बिहार से हुई है।

# अधर में लटकी कर्नाटक की जाति जनगणना

### अभी जारी नहीं होंगे नतीजे, 2 मई को अगली बैठक



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने जाति जनगणना (सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण) के नतीजों को स्वीकार करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। गुरुवार को आयोजित विशेष मंत्रिमंडल बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। अब इस मामले पर अगली चर्चा 2 मई को होने वाली मंत्रिमंडल बैठक में होगी। कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि मंत्रिमंडल ने सर्वेक्षण के तकनीकी विवरण और अतिरिक्त जानकारी की मांग की है, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 2 मई की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। पाटिल ने कहा, चर्चा अधूरी रही, लेकिन यह सौहार्दपूर्ण थी। हमने विभिन्न समुदायों की जनसंख्या, उनके पिछड़ेपन और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रमुख समुदायों की जनसंख्या के आंकड़ों को लेकर उठाए गए विवाद इस चर्चा का हिस्सा नहीं थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंत्रियों से सर्वेक्षण पर अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदायों ने किया विरोध

गौरतलब है कि वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदायों ने इस सर्वे को अवैज्ञानिक बताते हुए इसे खारिज करने और एक नया सर्वेक्षण कराने की मांग की है। पाटिल ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली कैबिनेट बैठक 24 अप्रैल को एम एम हिल्स में होगी, लेकिन उस बैठक में सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा नहीं की जाएगी। उस बैठक में पुराने मैसूर क्षेत्र से संबंधित मुद्दे लिए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट मंत्रियों से कहा गया है कि वे सर्वेक्षण को लेकर अपनी राय लिखित रूप में 2 मई की बैठक में प्रस्तुत करें।

### 1.38 करोड़ परिवारों के 5.98 करोड़ लोग शामिल

11 अप्रैल को बहुप्रतीक्षित सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट को कर्नाटक कैबिनेट के समक्ष पेश किया गया था। पिछड़ा वर्ग विकास मंत्री शिवराज तंगादागी के अनुसार, जाति जनगणना रिपोर्ट 50 खंडों में है। इसमें 1.38 करोड़ परिवारों के 5.98 करोड़ लोग शामिल हैं। तंगादागी ने संवाददाताओं से कहा, ''इसमें 94.77 प्रतिशत लोग शामिल हैं। केवल 5.23 प्रतिशत लोग इसके दायरे से बाहर हैं।'' उन्होंने कहा कि जाति जनगणना 1.6 लाख अधिकारियों की मदद से तैयार की गई थी, जिसमें 79 आईएएस अधिकारी, 777 वरिष्ठ स्तर के अधिकारी, 1,33,825 शिक्षक और कृषि एवं अन्य विभागों के 22,190 कर्मचारी शामिल थे। सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट पिछले साल फरवरी में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सौंपी गई थी। समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा भी इस सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई गई है तथा सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर से भी इसके खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। हालांकि, सभी वर्ग इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। दलितों और ओबीसी का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता और संगठन इसके समर्थन में हैं और चाहते हैं कि सरकार सर्वेक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करे और इस पर आगे बढ़े।

### वाड्रा के खिलाफ तीन मामलों में ईडी की चार्जशीट तैयार

# गुरुग्राम से लंदन तक मनी लॉन्ड्रिंग का खेल!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ अपनी जांच को और तेज कर दिया है। ईडी जल्द ही वाड्रा के खिलाफ तीन अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है। गुरुग्राम लैंड डील केस सहित इन मामलों में वाड्रा से लगातार तीसरे दिन पूछताछ की गई, जो कुल मिलाकर 16 घंटे चली। ईडी सूत्रों ने बताया कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद इन तीनों मामलों में वाड्रा पर एक साथ आरोप तय होने का रास्ता साफ हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इन तीन मामलों में पहला मामला गुरुग्राम की जमीन खरीद से जुड़ा है, जहां वाड्रा पर 7.5 करोड़ रुपये में जमीन खरीदकर कुछ ही महीनों में उसे 58 करोड़ रुपये में बेचने का आरोप है। दूसरा मामला भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े लंदन स्थित प्रॉपर्टीज का है, जिन्हें कथित तौर पर रक्षा सौदों से मिले अवैध पैसे से खरीदा गया था।

### संजय भंडारी और बीकानेर भूमि सौदा

वाड्रा पर दूसरा आरोप यूके स्थित हथियार डीलर संजय भंडारी के साथ कथित संबंधों का है। ईडी पहले ही संजय भंडारी और वाड्रा के करीबी सीसी थंपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जांच एजेंसी के अनुसार, भारत द्वारा स्विस कंपनी पिलाटस से 75 ट्रेनर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए हुई डील में 310 करोड़ रुपये की कथित घूस दुबई स्थित भंडारी की कंपनी ऑफसेट इंडिया सॉल्यूशंस एफजेडसी के खातों में गई।

# महाराष्ट्र में नॉनवेज खाने पर भिड़ गए गुजराती और मराठी

### 'गंदा' कहने को लेकर भड़के एमएनएस नेता, जमकर बवाल



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में भाषा को लेकर लंबे समय से विवाद होता रहा है। हाल ही में एमएनएस चीफ राज ठाकरे ने मराठी भाषा के लिए आंदोलन चलाने का आह्वान कर दिया था। कई जगहों पर ज्यादती की खबरों के बाद उन्होंने खुद ही आंदोलन वापस लेने की अपील भी की। अब मुंबई की ही एक सोसाइटी में मराठी और गुजराती समुदायों में खाने-पीने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गुजराती परिवार ने एक मराठी परिवार को गंदा कह दिया था। जानकारी के मुताबिक नॉनवेज खाने की वजह से गुजराती परिवार ने इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की। घटना घाटकोपर की संभव दर्शन कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी की है। परिवार का कहना है कि उनके नॉनवेज खाने को लेकर पड़ोसी ने आपत्ति जताई और अभद्र टिप्पणी की।

# संत समाज ने की बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

**प्रयागराज।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की साधु-संतो ने कड़ी निंदा करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। संतो का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में जिस दरिंदगी से हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है, बंगाली हिंदू अपने ही घरों में सुरक्षित नहीं है। केंद्र सरकार को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति पर नियंत्रण कर वहां से पलायन कर रहे बंगाली हिंदुओं के घर वापसी की व्यवस्था करनी चाहिए। ममता सरकार शासन चलाने में निष्फल है जिसका परिणाम है कि वहां अराजकता बढ़ी है। महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव महंत यमुना पुरी ने कहा कि वक्फ (संशोधन) कानून पूर्ण बहुमत से सदन में पास हुआ है इससे किसी को कोई नुकसान नहीं है लेकिन इसकी आड़ में पश्चिम बंगाल में जो हो रहा हुआ है वह शर्मनाक है, इसके लिए वहां की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने कि मांग की है जिससे स्थिति नियंत्रण में हो और पलायन कर रहे लोगों की घर वापसी हो सके।

महंत ने कहा कि कश्मीर में जो शुरूआत हुई थी वहीं स्थिति यहां पैदा हो रही है। स्थिति बहुत ही खतरनाक है। राज्य सरकार की शह पर वहां अराजकता फैली है यदि अभी केंद्र सरकार इसका संज्ञान नहीं लेती है तो बाद में कश्मीर जैसी स्थिति पैदा होगी और बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। समय रहते समस्या का निस्तारण आवश्यक है। महंत ने कहा कि देश के किसी भी राज्य में इस प्रकार की अराजकता हद से अधिक बढ़ जाए तो केंद्र सरकार को स्वत: संज्ञान लेकर उसका दमन करना चाहिए। बंगाल सरकार हिंदुओं की सहायता और सुरक्षा की कोई बात ही नहीं कर रही है। जो लोग पलायन कर चुके है, वे अपनो घरों में वापस लौटने का साहस नहीं कर पा रहे हैं, इससे बड़ा और क्या दुर्भाग्य होगा। उन्होंने कहा कि अगर अराजकता के कारण गांव खाली हो गए तो दोबारा उनको बसाना मुश्किल हो जाएगा। कश्मीर में जो गांव उजड़ गए, कितनों को बसाया गया। सचिव ने कहा कि देश में जब तक हिंदू है तभी तक भारत एक है लेकिन उसे तोड़ने का कुचक्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष धर्म के आधार पर जनसंख्या का समीकरण बदल गया तो भारत को खंडित होने के कगार पर पहुंच जाएगा। जिस हिस्से से हिंदुओं की आबादी सीमित होती गयी, उस क्षेत्र को भारत से कटा हुआ मानना होगा क्योंकि वहां विशेष धर्म के लोगों का बहुमत हो जाएगा। आज तक भारत के जितने टुकड़े हुए, इसी आधार पर हुए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह अल्पसंख्यक किस आधार पर हैं। जिन राज्यो अथवा जिलो में यह बहुतायत में हैं वहां से इनकी अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पांच से छह राज्य ऐसे हो गए हैं जहां हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। बंगाल में बहुत से जिलों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सम्प्रदाय की 15 या 20 फीसदी आबादी का समीकरण होने पर उसे अल्पसंख्यक दायरे से बाहर कर देना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में महंत ने कहा कि एक गांव को हिंदू गांव तो बनाया नहीं जा सका, हिंदू राष्ट्र घोषित करना केवल ख्याली पुलाव है। किस आधार पर देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, उधर तो ध्यान ही नहीं दे रहे, हिंदू राष्ट्र- हिंदू राष्ट्र की राग अलाप रहे हैं। हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही की आवश्यकता होगी, हवा में हिंदू राष्ट्र नहीं बन जाएगा। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य महाराज ने पश्चिम बंगाल की घटना निंदा करते हुए शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा जब प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रही है तो सरकार कैसे चलाएगी, ऐसे में पश्चिम बंगाल सरकार को तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

## जौनपुर में दो बाइकों की टक्कर में सभासद पुत्र की मौत, चार घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में गुरुवार की रात तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में कजगाव नगर पंचायत के सभासद के पुत्र की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चार अन्य घायलों में से तीन को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के कजगाव नगर पंचायत राजेपुर वार्ड की सभासद सरोज देवी के पुत्र अभिषेक जायसवाल अपने दुकान पर काम करने वाले मोहम्मद कैफ के साथ गुरुवार की रात 9:30 बजे जौनपुर शहर की तरफसे घर लौट रहे थे, कि गांव के पास कजगाव नगर पंचायत के ही पुरानी बाजार निवासी तीन युवक तेज रफ्तार पल्सर बाइक से आमने सामने टक्कर हो गयी। दोनों बाइक पर सवार पांचों लोग बॉइक से गिर कर घायल हो गए। अभिषेक जायसवाल व मोहम्मद कैफ बेहोशी हालात में पड़े रहे। दोनो को जिला चिकित्सालय ले जाया गया।जहां पर अभिषेक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# बिजली समस्या से परेशान किसानों का मेरठ कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन




**मेरठ।** गन्ना किसान और बिजली सहित कई समस्याओं को लेकर अराजनीतिक दल जिलाध्यक्ष नवाब सिंह अहलावत ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रदेश में किसान परेशान है। देहात में सात घंटे की जगह 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। गेहू कटाई के लिए गांवों में मजदूर नहीं मिल रहे हैं, इसको देखते हुए ब्लाक स्तर पर मशीन की व्यवस्था कराई जाए।

किसान नेता नवाब सिंह अहलावत ने बताया है कि एनएच-58 पर जिटौली के पास दो अवैध कट हैं। जहां पर अक्सर हादसे होते हैं। एक कट तुरंत बंद कराया जाए। जिससे हादसे पर शिकंजा कसा जाए। प्रदेश सरकार ने देहात में सात घंटे बिजली देने की बात कही है, इसको बढ़ाकर 12 घंटे कराई जाए, क्योंकि फसल की सिचाई नहीं हो पा रही हैं। प्रदेश सरकार सभी शुगर मिलों को निर्देश दें कि जब तब किसानों का गन्ना खत्म न हो, तब तक मिल चलें।

किसानों से संबंधित कई समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के नाम डीएम कार्यालय पहुंचकर एसीएम नवनीत गोयल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बबलू जटौली, कवर पाल सिंह, सचिन लोहिया, सुभाष मास्टर, जितेंद्र त्यागी, निक्कू, निर्दोष त्यागी, नीरज शर्मा, संजीव आदि मौजूद थे।

## मेरठ में स्कॉर्पियो ने महिला को मारी टक्कर

**मेरठ।** थाना परतापुर क्षेत्र के मोहिउददीनपुर में खेत से चारा लेकर घर जा रही एक महिला को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। मोहउद्दीनपुर गांव निवासी विमला देवी सुबह खेत पर चारा लेने गई थी। वापस आते समय महिला सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियों ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।


**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**

**सम्पादक:**
◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222,
मो. 9412211222
**e-mail Address :**
royalbulletin@gmail.com



**शराब छुड़ाएं धूम्रपान छुड़ाएं**

**खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।**




शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
जर्दा, तम्बाकू, स्मैक, नौरफीन, अफीम, मारफीन, प्रोक्सीवोन, हैरोइन, चेहरे के अनचाहे बाल हटायें, डोडे (पोस्त), फैंसीडिल, कौरेक्स, मैथाडोन व धूम्रपान से पक्का छुटकारा




सेहत ऐसा अनमोल खजाना है, जिसके सामने दुनिया के सभी खजाने फीके हैं।

दुबले-पतले व्यक्ति का कोई आक र्षक व्यक्तित्व नहीं होता वह चाहे कितना भी शक्तिशाली, दृढ़ व स्वस्थ हो लोग उसे कमजोर ही समझते हैं।

रोजाना मिलें सुबह 10 से शाम 5 बजे

**सेहत की बात**



दुबले-पतले पिचके गाल हो तो आदमी जवानी में भी बूढ़ा लगने लगता है। शादी-विवाह, दोस्तों, मित्रों के सामने अपने को पेश करने में शर्मिंदगी महसूस होती है।

हमारी दवा से सभी नौजवान लड़के-लड़कियां आसानी से सेहत बना सकते हैं। इस दवा से आपकी भूख बढ़ेगी, खाया-पिया लगेगा, सेहत बनेगी, ताकत पैदा होगी, वजन बढ़ने लगेगा।

यह दवा आपके अंदर के विकारों को दूर करके नया जोश, नयी ताकत, नया खून तेजी से बनाती है। चुस्ती-फूर्ती, पैदा कर तदंरूस्ती बनायेगी। चेहरे पर लाली आयेगी। पिचके हुए गाल भर जायेंगे और आप मोटे-तगड़े, सुन्दर सेहतमंद हो जायेंगे। परामर्श नि:शुल्क लें।

**शंकर दवाखाना** गली पान, दाल मंडी मुजफ्फरनगर
फोन-0131-2432326, 9719442124



# रॉयल बुलेटिन

# मुजफ्फरनगर समाचार





# भूसा व्यापारी से बदमाशों ने दिनदहाड़े साढ़े 11 लाख रुपये लूटे

## लूट का विरोध करने पर पिस्टल से हवाई फायर भी किया, डीलिंग के लिए बैठा था खोई-भूसा कारोबारी

**मुजफ्फरनगर।** थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार होकर आये हथियारों से लैस तीन नकाबपोश बदमाशों ने न्यू बिंदल पेपर मिल के सामने भूसा-खोई कारोबारी से 11.5० लाख रुपये लूट लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश में काम्बिंग अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने इस सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज करके बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रात- के समय करीब आठ बजे भोपा थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर निवासी उज्जवल अपने फूफा एवं बिजनेस पार्टनर प्रवीण, निवासी मखियाली और साथी सद्दाम निवासी भंडूरा के साथ न्यू बिन्दल पेपर मिल के सामने पहुंचा। उज्जवल भूसा ठेकेदार है और वह पेपर मिल के बाहर से भूसा खरीदकर पेपर मिल



को सप्लाई करता है। यह इन लोगों की रोजमर्रा की दिनचर्या है। बताया जाता है कि आज प्रात- के समय उज्जवल साढे ग्यारह लाख रूपये से भरे बैग के साथ बिन्दल पेपर मिल के बाहर सडक किनारे बने ठिये पर बैठा हुआ था, जबकि प्रवीण और सद्दाम एक फैक्ट्री के अन्दर चले गये थे। बताया जाता है कि इसी दौरान बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार होकर तीन नकाबपोश बदमाश, जो हथियारों से लैस थे, वहां पहुंचे। एक बदमाश ने बुलेट मोटरसाईकिल को स्टार्ट रखा, जबकि दो अन्य बदमाश उज्जवल के पास आये और उससे रूपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। उज्जवल ने जब बदमाशों का विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्टल निकालकर हवाई फायर कर दिया। पिस्टल देखकर उज्जवल की पकड बैग से ढीली हो गई और बदमाश रूपयों से भरा बैग लेकर बाईक पर सवार होकर फरार हो गये। बदमाशों के तुरंत जाने के बाद उज्जवल ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आसपास के नागरिक मौके पर एकत्रित हो गये। प्रवीण और सद्दाम भी फैक्ट्री से बाहर आ गये। मामले की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही डायल यूपी 112 की टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची, जिसके बाद नई मंडी कोतवाली पुलिस, क्राइम ब्रांच, सीओ नई मंडी रूपाली राव एवं एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश के लिये व्यापक काम्बिंग अभियान चलाया गया, किन्तु बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने पीडितों से पूछताछ की और मौके का मुआयना किया। उज्जवल ने पुलिस को बताया कि बैग में साढे ग्यारह लाख रूपये की नकदी थी, जो वे अपने कारोबार के लिये लेकर आये थे। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में लगी है। इसके साथ ही बदमाशों की धरपकड के लिये टीमों का गठन भी कर दिया गया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी को बरामद कर लिया जायेगा।

# शराब ठेका संचालक से 46 हजार की लूट

## बाईक सवार तीन बदमाशों ने दिया सनसनीखेज वारदात को अंजाम

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना मार्ग पर रेलवे फाटक के निकट गुरुवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने शराब के ठेके से कैश लेकर लौट रहे संचालक गुलबीर के साथ मारपीट करते हुए 46 हजार की नगदी व गले की चेन तथा अन्य सामान लूट लिया और मौके से भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव लिसाढ़ निवासी गुलबीर उर्फ रोमी मलिक का थाना क्षेत्र के गांव भभीसा बुढाना मार्ग पर अंग्रेजी शराब का ठेका है। पीड़ित के अनुसार प्रतिदिन की तरह वह गुरुवार रात करीब 12.1० बजे ठेके से 46 हजार रुपये इकट्ठा करने के बाद बैग में लेकर बाइक से कांधला की ओर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव आट्टा के समीप पहुंची तो पीछे से बाइक पर सवार होकर आये तीन बदमाशों ने हथियारों के बल पर उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने शराब ठेका संचालक के बैग से 46,5०० रुपये व सोने की चेन लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट भी की। गुलबीर उर्फ रोमी मलिक ने इस सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर देकर बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# भांजे संग मामी फरार, पति ने एसएसपी से लगाई बरामदगी की गुहार

**मुजफ्फरनगर-** एसएसपी कार्यालय पर आज एक पति अपनी पत्नी की बरामद को लेकर आलाधिकारियों से गुहार लगाने पहुँचा। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों को छोड़कर प्रेम-प्रसंग के चलते उसके भांजे के साथ फरार हो गई है। जानसठ कोतवाली क्षेत्र स्थित तिसंग गांव निवासी एक 4० वर्षीय व्यक्ति सोनू की शादी 2०13 में खतौली कोतवाली क्षेत्र के गलोपुर तल्हेड़ी गांव की एक 35 वर्षीय रीता नाम की युवती के साथ हुई थी। रीता से सोनू को तीन बच्चे भी हैं सब कुछ सही चल रहा था लेकिन अचानक से बीती 19 मार्च को रीता घर से फरार हो गई थी, जिसके बाद सभी जगह तलाश करने पर जब रीता का कही पता नही चला, तो पीड़ित पति सोनू ने इसके शिकायत थाने में की थी, जिसके चलते जानकारी मिली की रीता अपने पति सोनू के भांजे मोनू के साथ प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गई थी, जिसके चलते कुछ दिन पूर्व मेरठ जनपद के मवाना थाना







पुलिस ने इन दोनों को बरामद भी कर लिया था, जिसके बाद रीता को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया था, लेकिन आज जब पीड़ित पति सोनू एसएसपी कार्यालय पर आलाधिकारियों से अपनी पत्नी की बरामद की को लेकर गुहार लगाने पहुंचा था, तो उसने बताया कि उसकी पत्नी उसके भांजे मोनू के घर ही रह रही है। पीड़ित पति सोनू वह कहना है कि उसने अपनी पत्नी रीता से जब बात की तो उसने कहा कि हमारे पीछे मत आओ वरना अच्छा नहीं होगा अब सोनू को जहाँ अपनी पत्नी और उसके प्रेमी मोनू से अपनी जान को खतरा है, तो वहीं वह अपने बच्चों के लिए चाहता है कि उसकी पत्नी लौटकर वापस आ जाए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पीड़ित पति सोनू ने बताया की हम खेत में गन्ना छिल रहे थे तो वहां से बताया मेरी छाती में दर्द है मैं उसे घर लाया उसे दवाई दिलवाई इंजेक्शन लगवाया दवाई दिलवाई उसको हमने सोचा जब तक आराम लगेगा नहीं तो खतौली डॉक्टर के यहां दिखा लेंगे मैं चला गया गन्ने भरने और वह लड़की को लेकर चली गई, थोड़ी देर बाद मोनू एक लड़का है उसके साथ गई है मोनू हमारा भांजा लगता है हमें तो नहीं पता कब से संबंध है उसके मोनू से सन 2०13 में हमारी शादी हुई थी यह अभी 19 मार्च तारीख में गई है एक लड़की को लेकर गई थी वह तो वापस आ गई हमारे तीन बच्चे हैं अपने साथ जो सामान लेकर गई है उसमें रू. 4०,००० हैं और जेवर वगैरा हैं मुझे उनसे यह डर है कि कभी मुझे भी जान से मार दें मेरठ की तरह जैसे मेरठ में ड्रम में पैक कर दिया था उसने बोला था कि मेरा पीछा मत करना नहीं तो तेरा भी इलाज कर देंगे मैंने नंबर भी मिलने की कोशिश की मेरा नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल रखा है, मैं पुलिस के पास पहुंचा था पुलिस ने भी अब तक कुछ नहीं किया।

# शिव चौक पर सफाईकर्मी और भक्त के बीच संघर्ष

**मुजफ्फरनगर।** नगर की हृदयसली शिव चौक स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में भगवान शंकर के दर्शन करने आए एक भक्त और मंदिर के सफाई नायक के बीच मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। यह विवाद उस समय हुआ, जब भक्त ने सफाई नायक को मंदिर परिसर में चप्पल पहनकर सफाई करने से रोका। घटना का वीडियो किसी श्रद्धालु ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी रमेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि यह घटना 16 अप्रैल की शाम की है। उन्होंने



कहा कि मंदिर में दर्शन करने आए एक भक्त ने जब सफाई नायक नरेश को चप्पल पहनकर सफाई करते देखा, तो उसने इस बात का विरोध किया। इस पर सफाईकर्मी नाराज हो गया और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए भक्त से मारपीट करने लगा। पुजारी और अन्य श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। घटना के बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अपने-अपने घर भेज दिया गया। मंदिर के बाहर हुई इस झड़प का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर लोगों में चर्चा है।

# ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही, 6,71,4०० रुपये का जुर्माना वसूला

**खतौली।** सड़कों पर ओवरलोड वाहनों के सरपट दौड़ने के चलते हो रही दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने परिवहन व पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से सड़कों पर उतर कर ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 6,71,4०० रुपयों का जुर्माना वसूला। अचानक हुई कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। एसडीएम मोनालीसा जौहरी द्वारा एआरटीओ मुजफ्फरनगर सतीश कुमार मिश्रा व यात्री कर अधिकारी, प्रवर्तन दल, नायब तहसीलदार खतौली अमित रस्तोगी व पुलिस बल खतौली को साथ लेकर थाना क्षेत्र खतौली में संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 6,71,4००/- रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी के साथ 13 वाहनों को सीज कराते हुए थाने में खड़ा करा दिये गये। तथा कुछ अन्य वाहनों पर भी परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग की गई और जिस वाहन पर जो भी कमी पाई गई उसके अनुरूप नियमों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई और कुल 48 वाहनों पर 6,71,4०० रुपये का जुर्माना लगाया गया।



एसडीएम मोनालीसा जौहरी द्वारा कराई गई की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कप मच गया। एसडीएम मोनालीसा जौहरी ने परिवहन विभाग व यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि वह इसी तरीके से प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्यवाही करके अपनी रिपोर्ट से उच्च अधिकारियों को अवगत कराये। किसी भी स्थिति में नियमों के विरुद्ध कोई भी वाहन रोड पर चलते हुए ना पाया जाए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि शुक्रवार को संयुक्त अभियान परिवहन व पुलिस विभाग के साथ चलाया गया है, जिसमें कुछ वाहनों पर वैधानिक कार्यवाही करके जुर्माना वसूला गया है।

# खड़े ट्रक में मृत और जिंदा गौवंश बरामद होने से सनसनी

**खतौली।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में मृत और जिंदा गौवंश बरामद होने से सनसनी फैल गई। इसका पता लगते ही हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुंच कर बखेड़ा शुरू कर दिया। आनन फानन मौके पर पहुंचे कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन देकर मामला शांत किया। जानकारी के अनुसार चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग स्थित पिकेट इंटर कॉलेज के स्पोर्ट्स फील्ड की दीवार के नीचे एक काली पन्नी से ढके अशोका लीलेंड मिनी ट्रक से दुर्गंध उठती देख इसकी सूचना एक युवक ने बजरंग दल के पदाधिकारी को दे दी। खबर मिलते ही हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए। ट्रक की तिरपाल हटाते ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ट्रक में ठूंस ठूंस कर भरा गया गोवंश मृत पड़ा हुआ था। चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर मृत गोवंश से भरा ट्रक खड़ा होने की सूचना से कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन



कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृत गौवंशों के नोचे दबी एक गाय और एक बछड़े को निकालकर इनका पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज शुरू कराया। पुलिस ने ट्रक क्लीनर को हिरासत में लेकर इसे थाने पहुंचा दिया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मौका मुआयना करने के बाद मुकदमा दर्ज करके दोषियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा को दिए। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया गोवंश को ट्रक में भरकर मुरादाबाद की और ले जाने की जानकारी मिली है। रास्ते में एक के बाद एक गोवंश की मौत होने से घबराकर चालक ट्रक को मुरादाबाद की और जाने के बजाए वापस मोड कर खतौली थाना क्षेत्र में चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर छोड़कर फरार हो गया है। ट्रक क्लीनर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। जांच पड़ताल में जो तथ्य प्रकाश में आयेंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। दूसरी और मौके पर जमा में शामिल अधिकतर लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त दिखे, जबकि पशु प्रेमी संगठन एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था के संस्थापक पुनीत अरोड़ा और अभिनव यदुवंशी ने घायल गाय और बछड़े को प्राथमिकता देकर इनका इलाज शुरू कराया। समय से इलाज मिलने पर मौत से जूझ रहा बछड़ा कुछ देर बाद होश में आ गया।

# हलवाई की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**मुजफ्फरनगर।** भंडूर पुलिस चौकी के पास स्थित सोनू हलवाई की दुकान में गैस सिलेंडर से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान को उसने अपनी चपेट में ले लिया। दुकान मालिक और आसपास के नागरिकों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। गांव बेहडा अस्सा निवासी सोनू प्रजापति मुजफ्फरनगर-जौली मार्ग पर गांव बेहडा अस्सा के रास्ते के कोने पर हलवाई की



दुकान करता है। इससे पहले वह राजबाहे के पास अपनी दुकान चलाता था। नये पुल के निर्माण के कारण वहां से दुकानें हटाई गई, जिसके बाद उसने यहां दुकान शुरू कर दी थी। बताया जाता है कि दुकान में रोजाना की तरह मिठाई बनाने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन इस बीच स्थानीय नागरिक अपने प्रयासों से आग बुझाने में जुट गये, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस हादसे में सोनू की दुकान का सारा सामान, उपकरण और स्टॉक पूरी तरह से जल गये। पुलिस और दमकल विभाग की टीम आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पीडित दुकानदार को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी सीएम-डीसीएम से मिले





**मुजफ्फरनगर।** लखनऊ में राष्ट्रीय त्यागी भुमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समाज से जुड़े कई अहम विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। श्री त्यागी ने कहा कि त्यागी समाज ने हमेशा भाजपा की विचारधारा का समर्थन किया है और हर संकट की घड़ी में पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। भेंट के दौरान श्री त्यागी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अब समय आ गया है, जब सरकार और संगठन दोनों में त्यागी समाज की भागीदारी और जिम्मेदारी को सुनिश्चित किया जाए। समाज के पास योग्य नेतृत्व है, जो संगठनात्मक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर पार्टी और सरकार को मजबूती प्रदान कर सकता है। इस महत्वपूर्ण संवाद से पूर्व श्री त्यागी ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा से भी मुलाकात की और समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण से जुड़े विषयों को उनके समक्ष रखा। इस संपूर्ण संवाद क्रम में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की उपस्थिति और आत्मीयता उल्लेखनीय रही, जिनकी शुभेच्छा और सहयोग सदैव समाज के हितों से जुड़ी रही है। मांगेराम त्यागी ने यह स्पष्ट किया कि त्यागी समाज अब केवल समर्थन तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। सरकार और संगठन में भागीदारी सुनिश्चित करना ही समाज को आगे बढ़ाने का सही रास्ता है। यह मुलाकात त्यागी समाज की जागरूकता, एकता और नेतृत्व की भावना को दर्शाती है, जो भविष्य में समाज के लिए नई दिशा और ऊर्जा लेकर आएगी।

# अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों की आईपीएस अधिकारी ने लगाई जमकर क्लास

**मुजफ्फरनगर।** रुड़की रोड पर सड़क तक अपना सामान फैलाकर बैठे कारोबारियों की खबर लेते हुए आईपीएस अधिकारी ने अतिक्रमण को हटवाते हुए दुकानों के बाहर सड़क तक सजाकर रखे सामान को अंदर करवाया और हिदायत दी कि अगर आगे से सड़क तक सामान फैला हुआ मिला तो उसे जप्त कर लिया जाएगा। शहर कोतवाली का प्रभार संभालने वाले प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी राजेश धुनावत आज दोपहर के समय शहर के रुड़की रोड पर हुए अतिक्रमण और लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क पर उतरे। चिलचिलाती धूप में पुलिस बल के साथ रुड़की रोड का भ्रमण करते हुए अतिक्रमण को हटवा रहे आईपीएस अधिकारी ने दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान को फैलाकर रखने



पर गहरी नाराजगी जताई और दुकानदारों को हड़काते हुए सड़क तक फैलाकर रखे गए सामान को दुकानों के अंदर रखवाया। इस दौरान आईपीएस अधिकारी ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कारोबारियों से सहयोग मांगा। उल्लेखनीय है कि शहर के रुड़की रोड, मेरठ रोड और सदर बाजार समेत नगर क्षेत्र की तकरीबन सभी सड़कें इस समय अतिक्रमण के मकड़ जाल में बुरी तरह से उलझी हुई है। दुकानों के भीतर अपना सामान रखने के बजाय दुकानदार अपने सामान को सड़क तक फैला कर रख देते हैं, जिससे सड़क मार्ग संकरा हो जाता है और थोड़ी देर ही देर बाद सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हालांकि ऐसा करने से खुद दुकानदारों को ही नुकसान होता है, क्योंकि जाम के कारण ग्राहक उस ओर रूख करना भी पसंद नहीं करते, जिससे दुकानदार सडक तक सामान फैलाने के बाद पूरे दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहकर ग्रहाकों के आने का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन जाम के कारण ग्राहक उन तक पहुंच ही नहीं पाता। शुक्रवार को शहर के रुड़की रोड पर हुए अतिक्रमण को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए आईपीएस राजेश धुनावत ने दुकानदारों पर सख्ती दिखाई और सामान को सड़क से हटाकर दुकानों के अंदर रखने के निर्देश दिए। आईपीएस अधिकारी के कडे रूख को देखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हडकम्प मचा रहा।

## संपादकीय

# सांप्रदायिक हिंसा, हर चुनाव के वक्त बन जाती है ऐसी स्थिति

पश्चिम बंगाल में अक्सर कानून व्यवस्था के मसले सियासी बयानबाजियों में उलझा दिए जाते हैं, जिसका नतीजा होता है कि न तो प्रशासन उनसे कोई सबक लेता है और न उसकी जवाबदेही पर आमजन के सवालों के जवाब मिल पाते हैं। मुर्शिदाबाद में भड़की सांप्रदायिक हिंसा का हश्र भी वही होता नजर आ रहा है। इस मसले पर विपक्षी भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने में जुट गई हैं। वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में वहां आंदोलन शुरू हुआ और बीते शुक्रवार को इसने अचानक हिंसक रुख अख्तियार कर लिया। उसमें तीन लोग मारे गए और कई लोगों के घायल होने की सूचना है। घरों-दुकानों और पुलिस वाहनों में तोड़-फोड़ तथा आगजनी की गई। जब स्थिति पर काबू पाना मुश्किल हो गया तो सीमा सुरक्षा बल को बुलाया गया। फिर भी हालात बेकाबू रहे तो बीएसएफ और अन्य सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात कर दी गईं। स्थिति इस कदर खौफनाक हो गई कि सैकड़ों लोग अपना घर-बार छोड़ कर निकटवर्ती जिले में सुरक्षित जगहों पर पलायन कर गए। भाजपा का आरोप है कि यह हिंसा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान की वजह से भड़की। वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि हिंसा करने वाले लोग बाहर से लाए गए थे।हालांकि फिलहाल स्थिति सामान्य होती बताई जा रही है। प्रशासन का दावा है कि हिंसा करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोगों को इस सिलसिले में गिरफ्तार भी किया जा चुका है। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि क्या पश्चिम बंगाल सरकार और प्रशासन को इस बात का अंदाजा नहीं था कि मुर्शिदाबाद और उसके आसपास के इलाकों में ऐसी स्थिति बन सकती है। खुद मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था कि वे पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू नहीं होने देंगी।उन्हें इसके विरोध में उभरने वाले आंदोलन की भी पूरी जानकारी थी। फिर, उन्हें यह अंदाजा कैसे नहीं था कि इसमें दो समुदायों के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है। अगर वे कह रही हैं कि हिंसा करने वाले बाहर से लाए गए थे, तो हैरानी की बात है कि इसकी जानकारी वहां के खुफिया तंत्र को कैसे नहीं मिल सकी। इतनी बड़ी संख्या में लोग वहां बाहर से पहुंच गए और कैसे सुरक्षाबलों को इसकी भनक नहीं मिल पाई। इस तर्क के आधार पर सरकार अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकती।अनेक मौकों पर, सियासी आवेश में, दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को परस्पर भिड़ते देखा गया है। हर चुनाव के वक्त वहां ऐसी स्थिति बन जाती है, सामान्य आंदोलनों के समय भी इसकी आशंका बनी रहती है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में हिंसा कुछ इस कदर घुल-मिल गई है कि हर राजनीतिक दल मौका मिलते ही अपने कार्यकर्ताओं को जोर-आजमाइश के लिए ललकारता देखा जाता है।यह भी छिपी बात नहीं है कि वहां उपद्रवी तत्वों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। हर सत्तारूढ़ दल परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से अपने कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचाने और कानूनी शिकंजे से दूर रखने का भरोसा देता नजर आता है। वक्फ संशोधन कानून के पक्ष और विपक्ष में किस कदर राजनीतिक रस्साकशी का माहौल है, वह किसी से छिपा नहीं है। फिर पश्चिम बंगाल सरकार ऐसी किसी स्थिति से बेखबर कैसे थी और उसने हिंसा रोकने को पहले से तैयारी क्यों नहीं की थी।

**समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और दलित नेता रामजी लाल सुमन ने मेवाड़ के प्रतापी राजपूत शासक राणा सांगा को गद्दार बताते हुए जो विवादस्पद बयान दिया है, और क्षत्रियों की अखिल भारतीय 'करणी सेना' ने जिस तरह से उसे जातीय नायकों के अपमान का विषय ठहराते हुए सुमन के घर पर धावा बोल दिया था, उस पर जारी प्रशासनिक और सियासी खानापूर्ति से यदि भारत गृहयुद्ध की आग में झुलस जाए तो किसी को हैरत नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह सबकुछ पहले अमेरिकी-पाकिस्तानी एजेंडे और अब चीनी-बंगलादेशी एजेंडे के अनुरूप हो रहा है, जिसे भारत के कथित सेक्यूलर दलों के पृष्ठ पोषक अरब देशों का समर्थन प्राप्त है।**

# रामजी लाल सुमन के बिगड़ैल बयानों से योगी और अखिलेश दोनों की सियासी मुश्किलें बढ़ेंगी!

(कमलेश पांडे)

वहीं अखिलेश यादव को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि जब यूपी में दलित नेत्री मायावती उनकी पार्टी के लिए मजबूत चुनौती बनी हुई थीं और मुस्लिम वोटर भी बसपा-सपा में लगभग आधा-आधा बंट गए थे तब भी राजपूत समाज उनका मजबूत वोट बैंक रहा था।

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और दलित नेता रामजी लाल सुमन ने मेवाड़ के प्रतापी राजपूत शासक राणा सांगा को गद्दार बताते हुए जो विवादस्पद बयान दिया है, और क्षत्रियों की अखिल भारतीय 'करणी सेना' ने जिस तरह से उसे जातीय नायकों के अपमान का विषय ठहराते हुए सुमन के घर पर धावा बोल दिया था, उस पर जारी प्रशासनिक और सियासी खानापूर्ति से यदि भारत गृहयुद्ध की आग में झुलस जाए तो किसी को हैरत नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह सबकुछ पहले अमेरिकी-पाकिस्तानी एजेंडे और अब चीनी-बंगलादेशी एजेंडे के अनुरूप हो रहा है, जिसे भारत के कथित सेक्यूलर दलों के पृष्ठ पोषक अरब देशों का समर्थन प्राप्त है।

समझा जाता है कि जब-जब भारत अपनी सही रणनीति के बल पर विकास की गति को प्राप्त करता है, तब-तब हमारे विघ्न संतोषी कुछ राजनेता विदेशी ताकतों की शह पर यहाँ जातीय और सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने की कोशिश करते रहे हैं। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि यहाँ की सियासी बयानबाजियां और उससे जुड़े साक्ष्य इस बात की चुगली करते हैं। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि आखिर वोट बैंक की कुत्सित राजनीति में निर्लज्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरूपयोग करके कबतक शांतिप्रिय भारतीय समाज को झुलसाया जाता रहेगा7 क्योंकि कभी बादशाहों के इशारे पर, कभी ब्रिटिश नौकरशाहों के तिकड़म पर और आज भारत के अपने ही राजनेताओं की शर्मनाक शतरंजी चालों पर एक समाज को दूसरे समाज से भिड़ाया जाता है और अपना-अपना राजनीतिक उल्लू सीधा किया जाता है।

बता दें कि भारत में वामपंथियों की राजनीति वर्गवादी झड़प के हालात पैदा करके, समाजवादियों की राजनीति जातिवादी संघर्ष के हालात पैदा करके और कांग्रेसियों-राष्ट्रवादियों की राजनीति सांप्रदायिक दंगे के हालत पैदा करके खूब फली-फूली! लेकिन विकास के पैमाने पर भारत अपने पड़ोसी देश चीन से 1987 में आगे बढ़कर भी बाद के वर्षों में निरंतर पिछड़ता चला गया। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन जैसे राजनेता एक बार फिर से विवादित बयान देकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। ऐसे विषैले नेताओं के खिलाफ स्पष्ट कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक सुचिता और न्यायिक दूरदर्शिता भी अब सवालों के घेरे में है!

आप मानें या न मानें, लेकिन मौजूदा विवाद की राजनीतिक कीमत सपा नेता अखिलेश यादव के मुकाबले भाजपा नेता और उत्तरप्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुछ अधिक अदा करनी पड़ेगी, क्योंकि वह अभी सत्ता में हैं। जिस तरह से आगरा में उनकी मौजूदगी को लेकर अखिलेश यादव ने निशाना साधा है, वह राजपूतों के खिलाफ अन्य समाज को भड़काने की गहरी साजिश है, जिसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सतर्क हो जाना चाहिए और करनी सेना की गैरकानूनी हरकतों पर यूपी में अविलंब रोक लगानी चाहिए।



वहीं भाजपा को भी इस मसले को जरूरत से ज्यादा तूल देने से बचना चाहिए। क्योंकि यह सारी सुनियोजित बयानबाजी मुस्लिम शासकों के कुकृत्यों से दलित और ओबीसी हिन्दुओं का ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है, जिसे उसे समझना होगा और इसकी मजबूत रणनीतिक काट निकालनी होगी। यदि भाजपा और योगी इस मामले को ज्यादा तूल देते हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 की तरह अखिलेश के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठजोड़ को मजबूती मिलेगी, वहीं भाजपा के डीपीए यानी दलित, पिछड़ा, अगड़ा गठजोड़ को भी सियासी धक्का लगेगा।

वहीं अखिलेश यादव को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि जब यूपी में दलित नेत्री मायावती उनकी पार्टी के लिए मजबूत चुनौती बनी हुई थीं और मुस्लिम वोटर भी बसपा-सपा में लगभग आधा-आधा बंट गए थे तब भी राजपूत समाज उनका मजबूत वोट बैंक रहा था। उन्हें पता होना चाहिए कि यह पूरी राजपूत जाति पहले कांग्रेसियों और फिर समाजवादियों की मजबूत वोट बैंक रही है। यह बात दीगर है कि अब केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबल नेतृत्व के चलते राजपूत मतदाता भी राष्ट्रवादी मिजाज के हो चले हैं। इसलिए पूरी राजपूत जाति को सपा का विरोधी बना देना उनके लिए राजनीतिक नादानी साबित हो सकती है। इससे न केवल बसपा और कांग्रेस को सिर उठाने का मौका मिलेगा, बल्कि सवर्णों में भी उनका इमेज उनके पिता स्व. मुलायम सिंह यादव से ज्यादा खराब हो जाएगा।

ऐसा इसलिए कि हाल में ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने बौद्ध मठों के अवशेषों पर मन्दिरों के बने होने और उसे मुद्दा बनाने के जो खतरनाक संकेत दिए हैं, उससे साफ है कि वे अरब देशों और चीनी एजेंडे को देश में लागू करके सवर्ण हिन्दुओं को दलित हिन्दुओं और ओबीसी हिन्दुओं से भिड़ाने की योजना बना रहे हैं, ताकि हिन्दूङ्कमुस्लिम दंगे की जगह जातीय दंगे शुरू हों और समाजवादियों के राजनीतिक आधार पर कोई आंच नहीं आए। भारतीय प्रशासन और न्यायपालिका को सिरफिरे नेताओं के इस खतरनाक इरादे से देश को बचाना होगा, अन्यथा महाभारत तय है।

कहना न होगा कि ये वही विदेशी एजेंट लोग हैं जिन्होंने 1977 में इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति पर ब्रेक लगवाई थी। तब मोरारजी देसाई पर अमेरिकी सीआईए एजेंट होने के आरोप लगे थे जो बाद में देश के प्रधानमंत्री तक बने। भले ही सरकार चलाने में विफल रहे और बदले गए। फिर इन्हीं जैसे नेता लोगों ने 1989 में राजीव गाँधी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति पर ब्रेक लगवाई7 और अब 2029 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति में ब्रेक लगवाने के लिए गृह युद्ध के हालात पैदा करने जैसी विषाक्त बयानबाजी कर रहे हैं।

बता दें कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने दो टूक कहा है कि गड़े मुर्दे मत उखाड़ो, बरना भारी पड़ेगा। अगर तुम ये कहोगे कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर है तो फिर हमें भी यह कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है। और जो लोग बाबा साहब को मानने वाले लोग हैं वो यदि मोहल्ले में जाकर ये प्रचार करना शुरू कर दें तो ये मामला बड़ा ही खतरनाक मामला बन सकता है।

वहीं आगरा में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने करणी सेना को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 19 अप्रैल को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा आ रहे हैं, जिसके बाद लड़ाई का मैदान तैयार होगा और दो-दो हाथ होंगे। एक तरफ 10 प्रतिशत लोग हैं और दूसरी तरफ 90 प्रतिशत सामाजिक न्याय की शक्तियां हैं, इसलिए विजय हमारी होगी7 इस लड़ाई को कोई माई का लाल नहीं हरा सकता।

उन्होंने करणी सेना को फर्जी सेना कहा और पूछा कि अगर मुसलमान में बाबर का डीएनए है तो तुम्हारे अंदर किसका डीएनए है ये भी बता दो। उन्होंने आगे कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही एक बैठक हुई, जिसमें तोप तलवार हथियार रहे। उन्होंने याद दिलाया कि भरतपुर के राजा रहे सूरजमल की तलवार ने अंग्रेजों के सिर काटे पर कभी किसी गरीब कमजोर पर उनकी तलवार नहीं चली। क्षत्रिय का तो धर्म होता है कि कमजोर की रक्षा करना है और गरीब की मदद करना है।

वहीं वह आगे बोलते नजर आए कि हमने तो तीन सेना सुनी है- थल सेना, वायु सेना और जल सेना, लेकिन ये चौथी सेना कहां से पैदा हो गई है? करणी सेना के लिए सांसद ने कहा कि हमारी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। अरुणाचल प्रदेश को चीन अपने हिस्से में दिखाता है। ये जो करणी सेना के रणबांकुरे हैं वो हिंदुस्तान की सरहद पर चले जाओ और चीन से हमको बचाओ। वरना दुनिया में तुमसे ज्यादा नकली कोई और हो नहीं सकता।

वहीं सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने करनी सेना वालों को ललकारते हुए कहा कि ये लड़ाई हम लोगों की लड़ाई नहीं है, बल्कि ये लड़ाई लंबी है। ये लड़ाई उन लोगों से है जिन लोगों ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री न रहने पर मुख्यमंत्री आवास को गंगाजल से धुलवाया था। ये लड़ाई उन लोगों से है जिन्होंने राजस्थान की विधानसभा में दलित नेता प्रतिपक्ष के मंदिर में चले जाने से मंदिर को गंगाजल से धुलवाया था।

सुमन जी ने कहा कि, हम कहते है कि हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है, वो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है। हम कहना चाहते हैं कि जब-जब इस देश की इज्जत दांव पर लगी है, हिंदुस्तान के मुसलमान ने साबित किया है कि इस देश की मिट्टी से जितनी मोहब्बत हिन्दू को उतनी मोहब्बत मुसलमान को भी है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में वक्फ को लेकर कानून बनाया गया, जब किसी धर्म महजब की कमेटी बनती है तो उस कमेटी में उसी धर्म के लोग रहते हैं? वक्फ में तीन सनातनी रहेंगे, भाई क्यों रहेंगे और बौद्ध मठ का मामला चल रहा है?

आपको बता दें कि इससे पहले सपा सांसद ने राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिया था। हालांकि उनके इस बयान को राज्यसभा की कार्रवाई से हटा दिया गया, लेकिन इसे लेकर करणी सेना में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है। करणी सेना ने बीते शनिवार को राणा सांगा की जयंती पर आगरा में रक्त स्वाभिमान रैली भी की थी। इस दौरान भारी संख्या में लोग खुलेआम सड़कों पर तलवारें लहराते हुए दिखाई दिए थे। इससे साफ है कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने संसदीय सदन में ऐसा बयान दिया जिससे पूरे देश में संग्राम छिड़ गया।

# बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम

(ललित गर्ग)

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी।

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृर्द्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा।

# देश में समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

**पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी।**

(रमेश सर्राफ धमोरा)

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है।

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं।

अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है।

गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

पिछले 20 वर्षों में 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है पिछले दो दशकों में अकेले नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए हैं। जब देश में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब 8 करोड़ लोगों को प्रभावित किया था। जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी थे।

# मेरठ में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया

**मेरठ।** आज बजे अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन मेरठ के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह पार्क मेरठ कमिश्नरी के सामने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने कहा कि जिस तरह के हालात बंगाल में पैदा हो चुके हैं। हिंदुओं को मारा जा रहा है मुर्शिदाबाद, सूती शमशेर गंज, धूलियान, जंगीपुर इलाकों में हिंसा के कारण 500 हिंदू परिवार को भागीरथी नदी पार करके मालदा में शरण लेनी पड़ी है। इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल




के हिंदुओं की बांग्लादेशी हिंदू जैसी दयनीय स्थिति हो गई है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध की आड़ में मुस्लिम समुदाय द्वारा हिंदुओं के घरों में आग लगा दी गई है। मां बहनों के साथ अश्लील हरकतें एवं मारपीट की जा रही है। पुलिस पर पुलिस के वाहनों पर पत्थरबाजी और आगजनी की जा रही है, जिससे हिंदुओं में एक डर का माहौल लगातार बना हुआ है और हिंदू 65% की आबादी के बाद भी बंगाल में असुरक्षित महसूस करते हुए पलायन करने को मजबूर हो चुका है। यह दंगा भड़काने की और हिंदुओं को मारने की देश में एक बहुत बड़ी साजिश चल रही है। जिसकी शुरुआत बंगाल से हो रही है जिसमें हमारी केंद्र सरकार से मांग है कि बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू कराया जाए और बंगाल में जहां पर भी केंद्रीय पुलिस बल की आवश्यकता हो वह फोर्स उपलब्ध कराई जाए हर हिंदू को पश्चिम बंगाल में सुरक्षित रखा जाए किसी भी प्रकार का पलायन हिंदुओं का बंगाल से ना हो सके। ममता बनर्जी के ऊपर चल रहे सभी केसो मैं सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और यदि ममता बनर्जी को जेल भी भेजना पड़े तो भेज देना चाहिए। जिस तरीके की बयान बाजी ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ऊपर की है। उन्हें योगी की जगह भोगी बताना भी पूरे हिंदू समाज का और हमारे संतों का अपमान के तौर पर हम देख रहे हैं। जिसका पूरे देश का हिंदू समाज विरोध करता है बंगाल के मुख्यमंत्री एक कट्टरपंथी विचारधारा के अनुरूप इस्लामिक फॉर्मूले पर काम कर रही है। जिसमें विदेशी आतंकवादी संगठनों का सहयोग भी ममता सरकार को प्राप्त है। जिसकी जांच भी केंद्र सरकार को बड़ी गहनता से करते हुए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यदि केंद्र सरकार जल्द ही पश्चिम बंगाल के हालात ठीक नहीं करती है तो अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के नेतृत्व में एक विशाल हिंदू यात्रा मेरठ की क्रांति धरती से हिंदू समाज के एक बड़े जथे के साथ पश्चिम बंगाल तक जल्दी निकल जाएगी जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

## विश्व दर्शन

### श्रीलंका ने भारत के साथ भूमि संपर्क परियोजना के प्रस्ताव को खारिज किया

**कोलंबो/नई दिल्ली।** श्रीलंका ने सड़क और रेल-पुल के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने वाली भूमि संपर्क परियोजना के निर्माण के भारत के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वह अभी भूमि संपर्क के लिए तैयार नहीं है। 'डेली मिरर' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ कोलंबो में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव रखा था। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में श्री दिसानायके की यात्रा के दौरान भी भारत ने जिस प्रस्ताव का उल्लेख किया था, उसे अव्यवहारिक मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान यह मुद्दा चर्चा में शामिल नहीं था। फिर भी हाल ही में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच भूमि संपर्क के महत्व और इससे होने वाले कई लाभों का उल्लेख किया। दोनों देशों को जोड़ने वाले भूमि पुल का विचार सबसे पहले 2002/2004 की सरकार के दौरान आया था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे थे। भूमि संपर्क परियोजना का उल्लेख वर्ष 2023 में राष्ट्रपति के रूप में प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान में भी किया गया था। श्री मोदी ने हाल में अपनी श्रीलंका यात्रा के बाद राम सेतु का अवलोकन किया, जो प्राचीन काल में श्रीलंका और भारत को जोड़ता था। कहा जाता है कि भगवान राम की सेना ने लंका पर चढ़ाई के दौरान इस प्राचीन भूमि पुल का निर्माण किया था, जिसका भारत और श्रीलंका दोनों ही देशों में इसका भूवैज्ञानिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है।

### पंजाब में आतंकवादी घटनाओं का भगोड़ा आरोपी हरप्रीत अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं में नामजद भगोड़े अभियुक्त हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करने की घोषणा की है। हरप्रीत का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से संबंध बताया जाता है। एफबीआई ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के पकड़े जाने की जानकारी दी। एफबीआई ने कहा कि भारत के पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं के लिये जिम्मेदार हरप्रीत सिंह को एफबीआई और ईआरओ ने सैक्रामेंटो में पकड़ा है। दो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबंद्ध हरप्रीत अमेरिका में अवैध तरीके से घुसा था और गिरफ्तारी से बचने के लिये बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहा था। एफबीआई ने कहा कि नयी दिल्ली स्थित एफबीआई के विधि कार्यालय के प्रतिनिधि ने सैक्रामेंटो के अधिकारियों को सूचित किया था कि हरप्रीत भारत के पंजाब में आतंकवादी वारदात के कई मामलों में वांछित है। ऐसी आशंका है कि हरप्रीत पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से संबंध रखता है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिये पता न चल सकने वाले बर्नर फोन और कूट भाषा वाली अप्लीकेशन का इस्तेमाल करता था। यह मामला उन तत्वों की गिरफ्तारी के लिये अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को पुन: रेखांकित करता है, जो वैश्विक सुरक्षा के लिये खतरा हैं। रिपोर्टों के अनुसार हरप्रीत सिंह उर्फहैप्पी पस्सिया पंजाब में पिछले छह महीने के दौरान 14 ग्रेनेड हमलों के लिये जिम्मेदार है। पस्सिया अमेरिका के आव्रजन एवं सीमा प्रवर्तन विभाग की हिरासत में है। पस्सिया बड़े भगोड़े अपराधियों में है। भारत ने उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। इस इनाम की घोषणा राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब और चंडीगढ़ में थानों और एक मकान पर ग्रेनेड हमलों में उसकी कथित संलिप्तता के मद्देनजर इस वर्ष जनवरी में की थी। पंजाब में हाल के दिनों में जगह-जगह ग्रेनेड हमलों की 16 वारदातें दर्ज की गयी थीं। ये हमले थाने, धार्मिक स्थलों और आवासीय स्थलों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोरंजन कालिया सहित महत्वपूर्ण व्यक्तियों पर किये गये थे। रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 14 मामलों की जांच के दौरान पस्सिया का नाम आया है।

### मैक्रों ने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों के साथ पेरिस वार्ता की सराहना की

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों की मेजबानी की है। यूरोप में यूक्रेन के सहयोगी अमेरिका के साथ तनाव के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए बड़ी भूमिका निभाने में लगे हैं। यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के उद्देश्य से यहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफकी मेजबानी के बाद बोलते हुए श्री मैक्रों ने कहा कि यह वार्ता 'अभिसरण के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर' का प्रतिनिधित्व करती है। फ्रांसीसी नेता ने कहा, 'हर कोई शांति चाहता है - एक मजबूत और लम्बी अवधि तक शांति। सवाल चरणबद्ध तरीके से शांति लाने का है।' गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर जोर दे रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प स्वयं अपने रूस और यूक्रेन के शीर्ष नेता व्लादिमीर पुतिन और श्री ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अभी तक श्री ट्रम्प के प्रयास सफल नहीं हुए हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन दोनों के प्रति निराशा व्यक्त की है। यूक्रेन ने हालांकि पिछले महीने युद्ध विराम के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी, लेकिन रूस ने इस विचार को खारिज कर दिया। दोनों पक्षों ने केवल ऊर्जा लक्ष्यों और समुद्री हमलों पर अंकुश लगाने पर सहमति व्यक्त की है, जिसके उल्लंघन का आरोप दोनों एक-दूसरे पर लगाते हैं। श्री मैक्रों ने कहा कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए वार्ता एक बहुत अहम अवसर है। हर समस्या को समाधान वार्ता से होता है। हर कोई हमेशा के लिए शांति चाहता है। यह वार्ता चरणबद्ध तरीके से होगी। फ्रांस में वार्ता में अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकाफने भी भाग लिया।

# किठौर पुलिस ने अभियुक्त को रिमांड पर लेकर रायफल बरामद कराई

**मेरठ।** थाना किठौर पुलिस ने अभियुक्त को रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त रायफल जिंदा कारतूस सहित बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक किठौर बृजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना किठौर पुलिस ने जानलेवा हमले के चार आरोपी सद्दाम पुत्र आकिल निवासी ग्राम ललियाना थाना किठौर मेरठ को नियमानुसार पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था। पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर लाये गये अभियुक्त की निशानदेही से उपरोक्त अभियोग से संबंधित एक रायफल .315 बोर देशी व तीन जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद की गयी है। जो घटना के समय प्रयोग में लायी गयी थी। पुलिस ने बताया कि वादी उजैर अहमद पुत्र रियाज अहमद नि0 ग्राम ललियाना थाना किठौर मेरठ की



तहरीर पर सद्दाम, अकील, जफर पुत्रगण आकिल, दानिश उर्फदाउद पुत्र महबूब, वसीम पुत्र इसरार,वहाब पुत्र फैजुल हसन और वसीम पुत्र अब्दुल खालिक उर्फभुल्लन व राशिद पुत्र अब्बास समस्त नि0गण ग्राम ललियाना मेरठ व कुछ अन्य अज्ञात द्वारा जान से मारने की नीयत से वादी के उपर रायफल, तमंचों, बंदूक से गोली चलाना जिससे वादी का बाल बाल बच जाना व गोली अयान को लग जाना व वादी के साथ लाठी डंडो व लोहे की राड से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना किठौर मेरठ पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने रिमांड पर लिये गये अभियुक्त सद्दाम पुत्र आकिल निवासी ग्राम ललियाना थाना किठौर मेरठ से एक रायफल और कारतूस बरामद किया है।

# सहारनपुर में एक बच्चें की कार लॉक होने के कारण दम घुटने से हुई मौत

### ❒ बच्चा खेल-खेल में कार में जाकर बैठ गया था

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक बच्चे की कार लॉक होने के कारण दम घुटने से मौत हो गई। बच्चा खेल-खेल में कार में जाकर बैठ गया था। सहारनपुर जनपद के छुटमलपुर क्षेत्र में खेल-खेल में कार में बैठे कक्षा दो में पढ़ने वाले फतेहपुर थाने के गांव गंगाली निवासी अंश (10) पुत्र सुनील की गाड़ी लाक होने पर दम घुटने से तड़फ-तड़फकर मौत हो गई। दम तोड़ने से पहले बच्चे ने बाहर निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका।



अंश गांव के ही जनहित पब्लिक स्कूल में पढ़ता था। वह स्कूल से आने के बाद खाना खाकर घर से खेलने निकल गया। दो दिन बाद उसकी बड़ी बहन को देखने रिश्ते वाले आने थे जिसकी तैयारियों में परिवार की महिलाएं लगी हुई थी। जब अंश दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु की। अंश के काफी देर तक न मिलने पर थाने में सूचना दी गई। तलाशी अभियान के दौरान अंश बाहर खड़ी कार में मृत हालत में पड़ा मिला। उसका शरीर अकड़ चुका था। इसके बाद फारेंसिक टीम भी बुलाई गई। जांच के बाद शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि अंश खाना खाकर निकलने के बाद कार में बैठ गया और गाड़ी लॉक हो गई। तेज धूप थी। उसने बाहर निकलने का काफी प्रयाास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। अंश दो बहनों का इकलौता भाई था। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

# सरस्वती शिशु वाटिका में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया



**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु वाटिका में शुक्रवार को कक्षा अरुण के बच्चों के लिए पारंपरिक विधि विधान से विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, प्रबंध समिति अध्यक्ष चंचल, उपाध्यक्ष सुभाष ऐरन, मीनाक्षी शर्मा द्वारा किया गया। शिक्षिका स्वाति जैन ने बताया कि विद्यारंभ संस्कार सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में से एक है। जिसका हमारी भारतीय संस्कृति में बहुत महत्व है।

नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं की गोद में बैठकर रोली से एवं स्वास्तिक बनाकर अपने जीवन का पहला वर्ण लिखकर ज्ञान प्राप्ति की ओर शिक्षा का प्रथम चरण प्रारंभ किया। प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने बताया कि जिस प्रकार किसी नवीन कार्य से पहले भगवान का स्मरण किया जाता है उसी प्रकार विद्यारंभ संस्कार द्वारा बच्चे के जीवन में शिक्षा की शुरुआत की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सैनी, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, रिचा संगल, इना गर्ग, संगीता गोयल, सारिका शर्मा, सोनी शर्मा, आंचल बिंदल, नीतू काजल, दिव्या, मांगेराम शर्मा, योगेश कुमार, गोविंद, सोम दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ईडी का मेरठ में सरकारी ठेकेदार के घर छापा, लखनऊ तक हड़कंप



**मेरठ।** मेरठ में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी ठेकेदार के आवास पर छापा मारा है। सरकारी ठेकेदार का नाम पंकज मित्तल है। पंकज बड़े-बड़े ठेकों की ठेकेदारी करते हैं। थाना टीपी नगर क्षेत्र में कारोबारी पंकज मित्तल के घर पर ईडी ने छापा मारा है। बताया जाता है कि ठेकेदार बिल्डर के घर ईडी का छापा पड़ा है। कारोबारी पंकज मित्तल के घर पहुंची ईडी की टीम ने सभी के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। टीम ने करीब एक घंटे बाद सभी के मोबाइल वापस लौटा दिया।

थाना टीपी नगर स्थित रघुकुल बिहार में रहने वाले सरकारी ठेकेदार व कारोबारी पंकज मित्तल के घर और कार्यालय पर ईडी ने छापे की कार्रवाई की। पंकज मित्तल पुत्र क्रांति प्रसाद गवर्नमेंट कांट्रेक्टर है। बिजली विभाग और सड़क निर्माण के बड़े ठेकेदार हैं। साथ में ही बिल्डर भी हैं। लखनऊ की उन्नति फॉर्चून बिल्डर से भी यह जुड़े हुए हैं। बताया गया है कि गाजियाबाद में भी इनकी फर्म है।

सुबह करीब 7 बजे ईडी की टीम ने पंकज मित्तल के रघुकुल बिहार में पहुंचकर छापे की कार्रवाई की। पत्नी रिता मित्तल, बेटा शिवांग मित्तल व पुत्रवधू को ईडी की टीम ने घर से बाहर नहीं जाने दिया। टीम ने सभी परिजनों के मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिए। बताया गया है कि ईडी ने इससे पहले पंकज मित्तल को नोटिस भेज कर जांच करवाई में सहयोग की बात की थी। ईडी की टीम पत्रावली, धन, संपत्ति आदि की जांच कर रही है।

# जानलेवा हमले की घटना में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**मेरठ।** थाना ब्रहमपुरी पुलिस ने जानलेवा हमले की घटना में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शबाना पत्नि शाहिद निवासी तारापुरी गत्ते वाली गली थाना लिसाडी गेट मेरठ की तहरीर आधार पर थाना ब्रहमपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त जैद पुत्र गुलफाम निवासी अखलाख वाली गली लिसाडी रोड थाना लिसाडी गेट मेरठ उम्र करीब 25 वर्ष का नाम सामने आया था।

एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने प्रकाश में आये अभियुक्त जैद पुत्र गुलफाम निवासी अखलाख वाली गली लिसाडी रोड थाना लिसाडी गेट मेरठ को नूर नगर हाल्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया।



जानलेवा हमले की घटना में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

मेरठ। थाना ब्रहमपुरी पुलिस ने

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 19 अप्रैल की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है :-1451: बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया। 1770: कैप्टन जेम्स कुक आस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने 1775: अमेरिकी क्रांति की शुरुआत। 1882: कलकत्ता में पहले प्रसूति अस्पताल की शुरुआत। 1910: हेली पुच्छल तारे को पहली बार सामान्य रूप से देखा गया। 1919: अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई। 1936: फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए। 1950: श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मंत्री बने। 1971: भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला जीती। 1972: बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना। 1975: भारत अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च कर अंतरिक्ष युग में दाखिल हुआ। यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह था। 1989: अफ्रीकी देश सिएस लियोन ने गणतंत्र की घोषणा की। 2003:चीन की महिला भारोतोकल वांग मिंग च्यान विश्व रिकॉर्ड बनाया 2006: प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया। 2007: द विजार्ड ऑफ़आईडी सीरीज के कार्टूनिस्ट ब्रैंड पार्कर का निधन हुआ था। 2011: क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफक्यूबा की केन्द्रीय समिति में 45 वर्षों तक बने रहने के बाद इस्तीफा दिया।

## रंग संसार

### 63 वर्ष की हुई पूनम ढ़िल्लों

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आज 63 वर्ष की हो गयी। पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था। उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे। पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की। 1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आईं। इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त गार्गी ने उन्हें समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है। पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिंग करेंगी। फिल्म त्रिशूल में पूनम को संजीव कुमार, शशि कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे धुरंधर सितारों के साथ काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उन्होंने संजीव कुमार की बेटी की भूमिका निभाई, जो अभिनेता सचिन से प्रेम करती है। फिल्म में उन पर फिल्माया गया गाना गप्पूजी उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गया था। फिल्म त्रिशूल ..टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। इसके बाद कई फिल्मकारों ने पूनम ढिल्लों से अपनी फिल्म में काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने उन सारे प्रस्तावों को ठुकरा दिया, क्योंकि वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थी। इस बीच उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेना चाहा लेकिन उनके बड़े भाई ने उन्हें हतोत्साहित कर दिया इसके बाद पूनम ढिल्लो की तमन्ना भारतीय विदेश सेवा में काम करने की हो गयी और वह परीक्षा की तैयारी में जुट गयी। वर्ष 1979 में यश चोपड़ा के ही बैनर तले बनी फिल्म नूरी में पूनम को काम करने का अवसर मिला।



## राजकाज

### बिहार में लालू परिवार से हटकर राहुल तैयार कर रहे हैं कांग्रेस की सियासी जमीन

विधानचुनाव की घड़ी करीब आती जा रही है। चंद महीनों बाद यहां नई सरकार का गठन होना है। सरकार बनाने के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ-साथ मैदान में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर और ओवैसी भी अपना भविष्य तलाश रहे हैं। बिहार में अगला सीएम कौन होगा,इसको लेकर एनडीए ने तो साफकर दिया है कि उनकी तरफ से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं,लेकिन इंडिया गठबंधन या महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी के बीच भावी सीएम को लेकर कोई नाम नहीं तय हो पाया है,जबकि आरजेडी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बता रहे हैं। यह सब तब देखने को आ रहा है जबकि कांग्रेस और राजद के बीच रिश्ता दशकों पुराना है।मगर अब लगता है कि दोनों ही दल इसे आगे बढ़ाने के मूड में नहीं हैं। इसी के चलते मौजूदा दौर में यह गठबंधन एक बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ा नजर आ रहा है। लालू यादव और सोनिया गांधी की दोस्ती ने वर्षों तक दोनों दलों के संबंधों को मजबूती दी, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि जबसे राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान अपने हाथों में ली हैं, तबसे यह रिश्ता लगातार खिंचाव का शिकार होता जा रहा है। यह खिंचाव केवल राजनीतिक फैसलों में नहीं, बल्कि वैचारिक टकराव और नेतृत्व के बीच भरोसे की कमी में भी दिखाई देता है। सबसे बड़ी बात यह है कि राहुल गांधी बिहार में तेजस्वी के समानांतर कांग्रेस के एक नेता को उभारना चाह रहे हैं। राहुल गांधी का कन्हैया कुमार को बिहार में आगे करना और समय-समय पर उनका साथ देना, आरजेडी को साफ तौर पर चुभता है। लालू यादव को यह डर सताता है कि कांग्रेस कहीं उनके यादव वोट बैंक में सेंध न लगा ले और यही डर तेजस्वी यादव के व्यवहार में भी झलकता है। तेजस्वी खुद को बिहार की राजनीति में एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करने में लगे हैं।



## दैनिक राशिफल..... 19 अप्रैल, 2025, शनिवार

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुम्भ :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

**प्रणपाल सिंह राणा**
**गांधी कालोनी, मुजफ्फरनगर**

## दैनिक पंचांग

**19 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.20 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 07.04 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.02 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.32 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.44 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 17.54 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.09 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.25 बजे से |
| | | मकर | 00.30 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कुंभ | 02.17 बजे से |
| | | मीन | 03.50 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 109 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 18.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 10.21 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 05.49 बजे तदनन्तर वणिज 18.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872319
**जूलियन दिन** 2460784.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा



**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह भदौरिया को सौंपा।

शुक्रवार को दिए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी घ्द्वारा अनुचित कार्यवाही करते हुए नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को सीज किया जाना तथा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से चार्जशीट दाखिल करना लोकतंत्र पर आघात है। राजनैतिक द्विवेश के चलते केंद्र सरकार ईडी सीबीआई सहित तमाम एजेंसीयों का दुरुपयोग करके विपक्ष के नेताओं को असंवैधानिक तरीके से परेशान करके उनकी आवाज को दबाना चाहती है। ताकि देश की आवाम अपने हक हकूक की मांग न कर सके। कहा कि देश में शिक्षा का बाजारीकरण हो रहा है। कांवेंट स्कूलों के द्वारा फीस के नाम अभिभावकों से अवैध उगाही की जा रही है पर सरकार मौन बनी हुई है। इसलिए मांग करते हैं कि नेशनल हेराल्ड की संपति एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित तमाम नेताओं के खिलाफ दायर मुकदमे को वापस लिया जाए। शिक्षा के बाजारीकरण पर लगाम लगाई जाये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव युवा अश्वनी शर्मा, शेखर पाल, ज्योति प्रसाद शर्मा, बृजेश शर्मा, रविन्द्र आर्य, योगेश भारद्वाज, श्रीराम शर्मा, सुरेन्द्र सरोहा आदि मौजूद रहे।

# दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट ने निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया



**शामली।** शुक्रवार को मानव सेवा माधव सेवा पर आधारित दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा शहर के नगर पालिका में निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में पहुंचे साधकों को योग का महत्व बताया गया।

शुक्रवार को शहर के नगर पालिका परिसर में मानव सेवा माधव सेवा पर आधारित दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने किया। जिसमें योग शिक्षकों द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं आसन, प्राणायाम, ध्यान कराया गया।

जिससे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो सके। संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि व्यस्ततम जीवन शैली व खान-पान से अनेक दोष पार्किंसन, डिप्रेशन, हृदय रोग, फैटी लीवर, कमर दर्द, घुटने दोष, हाई बीपी, लो बीपी, डायबिटीज, रोग शरीर को प्रभावित कर रहे हैं। योग आसन प्राणायाम ध्यान के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं और इन सभी रोगों को रिवर्स कर सकते हैं। निशुल्क योग साधना केंद्र पर पहुंचकर स्वस्थ लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर अजय शर्मा, श्रवण संगल, रमेश बजाज, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, राजेश गुलाटी, साक्षी गुलाटी, मनीष चौधरी आदि मौजूद रहे।

# संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर अमर रहें के जयघोष के साथ छात्र/छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी



**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में डा. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने रैली के संचालन से पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पास संसार का सबसे विशाल और लिखित संविधान है और इसके लिए हमारा देश भारत डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सदा ऋणी रहेगा। भारत में अनेक धर्मों एव जातियों के लोग रहते है। उन सबके लिए एक उचित संविधान बनाना एक कठिन कार्य था। जिसे डा. भीमराव अम्बेडकर ने पूर्ण किया। सतीश आत्रेय, फूलकुमार, धनश्याम सारस्वत, उमा रानी, नीतू अग्रवाल और पूनम शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनको डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र से परिचित कराया। प्रभात फेरी का संचालन अनिल कुमार कश्यप और छवि शर्मा ने किया। इस अवसर पर रामनाथ, महेश नारायण गौड, विजेन्द्र दत्त गौतम, शिवकुमार, प्रसून भार्गव, लक्ष्मी गर्ग, ज्योति तायल, सुमन शर्मा, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने मुठभेड के दौरान चोर को गिरफ्तार किया

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड दिखाते हुए एक एक चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो चोरी की घटनाओं का खुलासा करने का दावा करते हुए 15 हजार की नकदी, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद बरामद किया है। वही पुलिस ने दो अभियुक्त को अन्य स्थान से चोरी की घटना से सम्बन्धित नगदी, तांबा व चोरी की घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। गत 23 मार्च को शहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नदी पुल जंगल ग्राम बलवा से अज्ञात चोरों द्वारा जरनेटर के अल्टीनेटर, एक पानी की मोटर व 2 बैटरी चोरी कर ली गई थी। इसके अलावा 14 अप्रैल को मकराना टाईल्स कैराना रोड पर खडे ट्रक मे से चोर ने 84 हजार 500 रुपये चोरी करने की घटना की गई थी। शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस ने ट्रक से नकदी चोरी करने वाले चोर से मुठभेड दिखाते हुए गिरफ्तार करना दर्शाया है। पुलिस के अनुसार सवेरे बलवा चौराहे बाईपास के पास नजदीकी ओमवीर निवासी लिलौन के ईख के खेत के पास से पुलिस मुठभेड में पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल चोर अशोक पुत्र मेघसिह निवासी ग्राम ग्यासपुर की मडईया थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी की घटना से सम्बन्धित 15 हजार की नकदी, अवैध एक तमंचा 315 बोर मय 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। पुलिस ने घायल चोर को सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद चोर को जेल भेज दिया गया।



# शामली चीनी मिल ने किया 14.10 करोड़ का दिनांक दो अप्रैल तक का गन्ना मूल्य भुगतान

**शामली।** अपर दोआब त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल ने गत दो अप्रैल तक का 14.10 करोड का भुगतान किया है। जिससे शामली चीनी मिल किसानों को किये गये त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान में प्रथम स्थान पर बनी हुई है। शामली चीनी मिल द्वारा अपने साप्ताहिक भुगतान के क्रम में 2 अप्रैल तक का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। मिल ने 14 करोड़ 10 लाख रूपये का भुगतान किया गया है तथा पेराई सत्र 2024-25 का अभी तक 260.96 करोड़ रूपये का भुगतान कर दिया गया है। महाप्रबन्धक (गन्ना) सतीश बालियान ने किसानों से अपील की, कि अपने गेहूँ की कटाई के बाद खाली खेतों में उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई करें। इस समय चोटी बेधक कीट के नियन्त्रण के लिए अपने गन्ने के खेतों में कोराजन, नेटजेन, सेन्जी की 150 मिली की मात्रा को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से जड़ों के पास ड्रेन्चिंग करें। यह ड्रेन्चिंग करने का उपर्युक्त समय है। चोटी बेधक से ग्रसित पौधे के तनों को जड़ से काटकर नष्ट कर दे।

# गांव टिटौली निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया



**शामली।** क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने हल्का लेखपाल पर सांठगांठ के चलते कबिस्तान और गांव की चकरोड की भूमि पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होने समस्या का समाधान न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह भदौरिया से मुलाकात कर बताया कि गांव में पशुचर की भूमि के बराबर में कबिस्तान पर जाने वाले रास्ते की भूमि को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा कंपनी द्वारा अपने निजी रास्ते के लिए उपयोग किया जा रहा है। यह रास्ता ग्रामीणों के जाने के लिए चकरोड का रास्ता भी है। जिसकी शिकायत के बाद तहसीलदार ने जांच कर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन गत दिवस हल्का लेखपाल वहां पहुंचा और उक्त कंपनी के लोगों से सांठगांठ कर अवैध कब्जा करा दिया, जबकि दूसरे पक्ष के लोगों को मौके पर नही बुलाया गया और न ही ग्राम प्रधान को मामले की जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि उक्त अवैध कब्जे को हटवाया जाये और हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की जाये। एसडीएम ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आरिफ, नदीम, विक्की देशवाल, आसिफ, समीर, सन्नी, साहिल, प्रवेज अली, राजूदीन, रिजवान, प्रवेज, महताब आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अलग अलग घटनाओं में लिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने दो अलग अलग घटनाओं में लिप्त दो अभियुक्तगण को सिम्भालका बाईपास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 11 हजार की नकदी व 7 किग्रां तांबा व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त कार बरामद की गई है।



पकडे गए अभियुक्त सतीश ने बताया कि वह पिन्टु राजपूत और अशोक निवासी ग्राम ज्ञासपुर, थाना कोतवाली देहात, जनपद बुलन्दशहर तीनो दोस्त हैं। हम तीनो के पास कोई नौकरी नहीं है तीनो दोस्त मेरी कार से दूर दूर जाते थे और मौका देखकर चोरी कर लेते थे। उसी तरह 14 अप्रैन की रात में तीनो गाडी से शामली आये थे और कैराना रोड पर हम एक ट्रक वाले से घुल मिल गये और बातो बातों में हमने पता कर लिया कि वो माल उतारकर आया था। ट्रक ड्राईवर के सोने का इंतजार करने लगे और उसके सोते ही हमने उसके ट्रक के केबिन का शीशा हटाकर अन्दर घुसकर केबिन में रखे बैग में रखे 60 हजार रुपये और उसका मोबाइल चोरी कर लिया था और उसी रात हमने 9 हजार रुपये खर्च कर दिये थे। उसके बाद हम तीनो ने बचे हुए रुपये बांट लिये थे जो मेरे पास 5000 रुपये व पिंटू के पास 6000 रुपये बचे थे मोबाइल अशोक के पास है। तीनों ने अगले दिन पहले गांव कुडाना में पुल के पास रखे दो जनरेटर से तांबा और बैटरी की चोरी करी थी। बैटरी और थोडा सा तांबा चलते फिरते कबाडी को बेच दिये थे बेचकर जो रुपये हमे मिले थे वो हम ने खाने पीने में खर्च कर लिये हैं। पुलिस ने पकडे गए चोर सतीश पुत्र प्यारेलाल निवासी मौहल्ला शेखसराय, बुलन्दशहर व पिंटु राजपूत पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला शेखसराय जनपद बुलन्दशहर को जेल भेज दिया।

# आर्षमति माताजी का शामली में मंगल प्रवेश, श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया



5**शामली।** गुरु मां गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माताजी का शामली में मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार की सुबह 8 बजे परम पूज्य गुरु मां गणिनी श्री 105 आर्षमति माता जी का जलालाबाद से शामली में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा गुरु मां आर्षमति का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला पहुंची जहां बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु मां का आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस मौके पर मोहित जैन, पंकज जैन, राजीव जैन, सचिन जैन, शरद जैन, सीमा जैन, उषा जैन, अजय जैन आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर 20 अप्रैल को श्री दिगम्बर जैन साधु सेवा समिति द्वारा शामली में प्रथम बार जैन धर्मशाला में महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया जाएगा जिसमें 108 श्रावकों को 1008 कलश से गुरु माता आर्षमति द्वारा 1008 मंत्रों से अभिभूत श्रीजी का अभिषेक करने का अवसर प्राप्त होगा। 9 कलशों से श्रीजी का अभिषेक होगा। इसके बाद उक्त कलशों को अपनी दुकान, घर पर रखा जा सकता है इनका चयन बोली द्वारा किया जाएगा।

# हत्यारोपी को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का अर्थदंड

**मेरठ।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस व अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप हत्यारोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। 19 मई 2000 को मुकदमा वादी कृपाल सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी रुहासा थाना दौराला मेरठ द्वारा थाना फलावदा पर प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित करायी गयी थी। जिसमें वादी के लड़के नवीन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपी राजकुमार पुत्र बैनी निवासी आँखेपुर थाना इंचौली जनपद मेरठ को दिनांक 22 अप्रैल 2001 को कोर्ट से फरार अपराधी घोषित कराते हुए 14 मई 2002 को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके बाद उसको कोर्ट के समक्ष पेशकर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया। आरोपी राजकुमार उपरोक्त के विरुद्ध संपूर्ण साक्ष्य संकलन करते हुए पर्याप्त सबूत के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

# अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर उन्हें शामली आगमन के लिए निमंत्रण दिया गया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। उन्होने कहा कि अग्रवाल समाज के युवाओं के लिए शिक्षा, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएँ लागू की जाये। महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और संस्कृति संरक्षण से संबंधित विषयों पर राज्य सरकार की योजनाओं में अग्रवाल समाज की भागीदारी को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया कि वे आगामी किसी भी उत्तर प्रदेश दौरे में विशेष रूप से शामली जिले को भी सम्मिलित करें। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट




प्रतिनिधियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना एवं समाज की सकारात्मक भूमिका की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज की अपेक्षाओं एवं सुझावों को राज्य सरकार की योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल तायल, संगीत गोयल, प्रवीण गोयल, रोबिन गर्ग, रवि संगल, आकाश गुप्ता, अमित बंसल उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर दस लाख की ठगी

**मेरठ।** थाना टीपीनगर क्षेत्र के व्यक्ति से उनकी बेटी का एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर युवक ने दस लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दिया। टीपीनगर थाना क्षेत्र के कमला नगर निवासी विमल जैन ने एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व उत्कर्ष शर्मा से बेटी का मेरठ के एक मेडिकल कॉलिज में दाखिला दिलाने के लिए बात की थी। दाखिला दिलाने के नाम युवक ने दस पीड़ित से दस लाख रुपए लिए थे। पीड़ित का आरोप है कि ना तो उनकी बेटी का मेडिकल कॉलिज में ना तो दाखिला हुआ और ना युवक पैसे लौटा रहा है।

# बिजली आफिस में घुस कर जेई के साथ अभद्रता, कर्मचारियों से हाथापाई, एक आरोपी गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लद्दावाला के कुछ लोगों ने पाल धर्मशाला बिजलीघर पर पहुंच जेई के कार्यालय में घुस कर जेई के साथ जमकर अभद्रता की। इस बीच अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की करते हुए हाथापाई की दी। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए आरोपी युवक को पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला लद्दावाला निवासी एक युवक के मकान में लोहे की एंगल लगी हुई है, जिसे होकर बिजली की लाइन जा रही है। उक्त एंगल को हटवाने के लिए वह रूडकी रोड स्थित पाल धर्मशाला बिजलीघर पर जेई विजय कुशवाहा के पास पहुंचा। जेई ने बताया कि उक्त एंगल बिना उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के नहीं हट सकती है। इस बात को लेकर उक्त युवक आग बबूला हो गया और जेई के कार्यालय में घुस गया। उसने जेई विजय कुशवाहा के साथ जमकर अभद्रता की। शोर शराबा होने पर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए हाथापाई की और इसके बाद फरार हो गए। जेई की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। जेई विजय कुशवाहा का कहना है कि पुलिस को तहरीर दी हुई है। वहीं उक्त युवक ने पुलिस के सामने माफी मांग ली है।

# भीषण गर्मी में सूख रहे हलक, मरम्मत की राह देख रहे हैंडपंप

**जानसठ-** भीषण धूप व गर्मी में लोग परेशान हैं। ऐसे में लोग शुद्ध पेयजल तक के लिए तरस रहे हैं। कहने को इंडिया मार्का हैंडपंप बड़ी संख्या में लगे हैं, लेकिन अधिकांश खराब पड़े हैं। ऐसे में पेयजल संकट लोगों को प्रभावित कर रहा है। अमीर गरीब के खून पसीने की टैक्स के तौर पर वसूली गई रकम खर्च होने के बाद भी प्रचार प्रसार तक ही रह गई है योजनाएं सीमित है। चिलचिलाते गर्मी के चलते पानी को तरसे कॉलोनी वासी बार-बार सूचना देने के बावजूद भी नहीं हो रहा कोई समाधान नहीं हुआ। प्रात जानकारी के अनुसार कस्बा जानसठ में सरकार द्वारा बनाए गए गरीब व बेसहारा लोगों के लिए मकान बनाए गए थे, जिसमें कस्बे के ही 84 परिवार रहते हैं, लेकिन काफी दिनों से खराब पड़े हुए हेड पंप बने हुए हैं, जिसके चलते पानी को लेकर



कॉलोनीवासियों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वालों ने बताया कि बार-बार सूचना देने के बाद भी हैंड पंप ठीक नहीं कराए गए हैं। खराब हैंडपंपों के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं हैं। नागरिकों को मिलने वाली पेयजल जैसी सुविधा के प्रति अधिकारियों की अनदेखी पर सवाल उठते हैं। जिम्मेदारों को यह भी पता नहीं होगा कि ब्लाक में कितने हैंडपंप खराब हैं।

## डा. दिनेश शर्मा ने बंटवारे के दर्द को शब्दों में पिरोया

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय इंटर कॉलेज नंगला मंदौड के प्रवक्ता डा. दिनेश शर्मा की पुस्तक ब्लीडिंग बार्डर्स-इंडिया एंड पाकिस्तान इन दा शैडो ऑफ पार्टीशन-1947 सहज प्रकाशन मुजफ्फरनगर के द्वारा प्रकाशित की गई है।



अंग्रेजी भाषा में लिखी इस पुस्तक में लेखक ने भारत के तीन लेखकों खुशवंत सिंह, चमन नाहल व भीष्म साहनी और पाकिस्तान के तीन लेखकों इंतजार हुसैन, बापसी सिद्धवा व अब्दुला हुसैन के भारत के बंटवारे पर आधारित उपन्यासों का संदर्भ देते हुए बंटवारे के दर्द को शब्दों में पिरोया है। पुस्तक की भूमिका डा. एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज ने लिखी है। लेखक ने अपनी पुस्तक की प्रथम प्रति विदेश मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थान सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान नई दिल्ली के निदेशक पूर्व राजदूत राजकुमार श्रीवास्तव को भेंट की और वैदेशिक मामलों पर चर्चा की।

# दवा व्यापारियों में नए पोर्टल को लेकर भारी रोष

## मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने किया सभा का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्रग पोर्टल में आ रही समस्याओं को लेकर मीटिंग में सबको अवगत कराया गया, सेंट्रल के द्वारा नए पोर्टल में होलसेल के लाइसेंस/गोदाम और रिनुवल की समस्याओं को लेकर व्यापारियों में काफी रोष है, जिसकी शिकायत आए दिन संगठन के पदाधिकारीयों से करते रहते हैं,संगठन के पदाधिकारी ने इस समस्याओं को लेकर जल्द से जल्द निदान करवाने का संकल्प लिया। संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा की एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराकर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी सहारनपुर मंडल सहारनपुर से वार्ता करेगा, संस्था के चेयरमैन प्रमोद मित्तल ने सभी औषधि व्यापारियों से एवं आमजन नागरिकों से अनुरोध किया कि ऑनलाइन दवा खरीदने से बचें, क्योंकि



अधिकतर देखा जा रहा है। दवा कारोबार में ऑनलाइन औषधि में नकली दवा ज्यादा दी जा रही है। कोशिश करें कि दवा को अपने नजदीकी मेडिकल स्टोर से ही खरीदे और बिल से खरीदें, आज की बैठक में मुख्य रूप से संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, चेयरमैन सतपाल सिंह संरक्षक डॉ. आरके गुप्ता जिला कोऑर्डिनेटर सुधीर मटरोजा, पंकज तनेजा, सचिन त्यागी, दिव्य प्रताप सोलंकी, सतीश तायल, मनोज गर्ग, हरीश गुप्ता, सुधीर त्यागी, सुबोध गोयल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी भोपा क्षेत्र की बेटियां

## डेढ़ दर्जन से अधिक युवतियों को पुलिस भर्ती के लिए हुआ चयन

**मोरना।** महिला शिक्षा से आई जागरूकता के सुखद परिणामो की आस जगने लगी है। परिस्थितियों से आगे आकर गांव की युवतियों ने सफलता की ओर कदम बढ़ाये हैं। भोपा क्षेत्र मे डेढ़ दर्जन से अधिक युवतियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस मे भर्ती की परीक्षा पास कर नारी स्वावलम्बन के प्रयासों को सफलता की दिशा दी है। इसी कड़ी मे भोपा निवासी किसान परिवार की मानसी वालिया भी प्रमुख हैं। बेटी की सफलता से जिनके परिवार मे खुशी का माहौल है। भोपा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव निवासी छात्राओं ने यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा पास कर महिला शिक्षा में उत्साह का संचार किया है। गांव भोपा निवासी किसान संदीप वालिया की बेटी मानवी ने पुलिस भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मानवी वालिया के परिवार में खुशी का माहौल है। मानवी ने बताया की उसने जनता इंटर कॉलिज भोपा से इंटरमीडिएट करने के बाद डीएवी डिग्री कॉलिज से बीएससी की डिग्री प्राप्त की है। मानवी वालिया के परिवार मे पिता संदीप वालिया के अलावा माता सोनिया वालिया दादी कौशल्या, छोटा भाई वियोम हैं। यूपी पुलिस भर्ती के लिए अभ्यर्थीयो की रिटर्न परीक्षा, फिजिकल व फाइनल मेरिट लग चुकी है वहीं क्षेत्र के गांव नन्हेंड़ा की तनु, रसूलपुर की अंजलि, सिकंदरपुर की तनु शर्मा, भोकरहेड़ी की शिवानी व पूजा, मोरना की गुंजन, बहुपुरा की आँचल, शुक्रतारी की नेहा, भोपा की डोली व रेणु, बेहड़ा थ्रू की सोनिया, कादीपुर की पारुल, मोरना चीनी मिल की प्रतिभा यादव, निरगाजनी की अभिषा व नेहा चौधरी, रहमतपुर की प्रियांश अंतल, भिड़ाहेड़ी की नीतू यादव आदि ने कड़ी मेहनत से ग्रामीण क्षेत्र में महिला स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ाया है।

# एसपी सिटी ने किया खतौली थाने का निरीक्षण, किये निर्देश



**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने आज थाना खतौली का आकस्मिक निरीक्षक कर थाने की व्यवस्थाओं का परखा तथा थाने पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। विवेचकों को समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्ता पूर्वक विवेचनाओं का निस्तारण करने, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रात के समय पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने खतौली पहुंचकर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी सिटी द्वारा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त एसपी सिटी द्वारा थाना खतौली पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान एसपी सिटी द्वारा थानों पर लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी करते हुए सभी विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

# भगवंत इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी. फार्मा तृतीय वर्ष-पंचम सेमेस्टर का परिणाम घोषित, सुमन शर्मा प्रथम स्थान

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी. फार्मेसी तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस सेमेस्टर में सुमन शर्मा ने 77.33% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। द्वितीय स्थान फोज़िया नसीम ने 76.40% अंकों के साथ हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान पर शिवानी रहीं, जिन्होंने 75.60% अंक प्राप्त किए। चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने कहा कि यह परिणाम संस्था की गुणवत्ता, अनुशासन और छात्रों की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने टॉपर्स को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा दी। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन उनके समर्पण और अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रमाण है। उन्होंने संस्थान के शिक्षण मानकों की प्रशंसा करते हुए छात्रों को निरंतर प्रगति करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल ने तीनों टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि संस्थान सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उपनिदेशक अजय कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक पुष्पनील वर्मा, महाप्रबंधक (लेखा) सीए दुश्यंत ने सभी



सुमन शर्मा



शिवानी



फ़ोज़िया नसीम

विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कक्षा परामर्शदाता सुश्री नर्जिया बेगम ने अपनी छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके कठोर परिश्रम और ईमानदारी का नतीजा है। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में और भी छात्रों को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों के परिश्रम और संकाय के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# भाकियू तोमर की दतियाना में हुई पंचायत, छपार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक पंचायत गांव दतियाना में हरेंद्र के आवास पर हुई, जहां भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने सभा में मौजूद किसानो से आह्वान किया है कि 22 अप्रैल को संगठन एक विशाल पंचायत छपार कोतवाली पर करेगा। उन्होने बताया कि छपार कोतवाल अपनी मनमर्जी कर रहे हैं और अपने उच्चाधिकारियों के भी आदेश का भी पालन नहीं कर रहे है, बिना सुविधा शुल्क लिये बिना कोई भी काम नही कर रहे हैं और थाने मे किसानों और आमजन के साथ है, अभद्र व्यवहार किया जाता है। थाना छपार के पुलिस रवैया से क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है, लगभग एक महीना पहले छपरा गांव मे दो पक्षो मै झगडा हुआ था, जिसमे पीडित पक्ष से मदद करने के बहाने एक लाख रुपए कि मोटी रकम ले ली और उसके बाद उसमें क्रास केस कर दिया गया। चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि रामपुर तिराहा चौकी भी पीछे नही हठ रही है और एक जमीनी विवाद मै किसान से 9000 रूपए ले लिये गये, इसी तरीके से काफी मुद्दो को लेकर संगठन 22 अप्रैल को कोतवाली छपार पर अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, दीपक तोमर, हनी चौधरी, सचिन चौधरी, सुनील, जितेन्द्र, सुदेश पाल, राजीव, सदाम जमीर, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।



# पी.आर पब्लिक स्कूल में मनाया वर्ल्ड हेरिटेज डे

**मुजफ्फरनगर।** पी.आर पब्लिक स्कूल में 18 अप्रैल 2025 को वर्ल्ड हेरिटेज डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें जी के क्विज, वाद- विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन आदि शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा के साथ किया गया, जिसमें अध्यापिका निशु चौधरी ने बच्चों को विश्व धरोहर दिवस के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध कराई।

जी के क्विज प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं में शिवांश, अवनी गर्ग, सक्षम पाल, अवनी शर्मा, आराध्या शर्मा, धैर्य शर्मा, समृद्धि, आर्य कौशिक, परिधि, सौम्या, निकुंज, गौरव, विधि कालसन, वंशिका, आरव शर्मा, माहिरा आदि के नाम शामिल है। कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने विश्व धरोहर दिवस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर इस विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखें। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने सभी विजेता और प्रतिभाग करने वाले छात्र-




छात्राओं को प्रतियोगिताओं में उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए उनकी प्रशंसा की और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा भारत विविधता का देश है। हमारे देश में अनेक कलाएं, संस्कृति, इतिहास और विरासत स्थल हैं, जो मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंधों को दर्शाते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाने का मकसद देश में मौजूद सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों को संरक्षण प्रदान करना है।

उन्होंने कहा हमारा इस दिन को मनाना तभी सार्थक होता है, जब हम अपने पूर्वजों से मिली धरोहर को संरक्षित और सुरक्षित रखकर उसे आने वाली पीढ़ी के हाथों में सौंप सके। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, शशि जैन, प्रियंका चौधरी, अजय कुमार, दीपक मलिक, राखी पाल, चेतन मलहान, शिखा ठाकुर, रितेश त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा।

# गुड फ्राइडे पर्व श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास से मनाया

**खतौली।** गुड फ्राइडे पर्व ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मिशन कंपाउंड स्थित ऐपीफैनी चर्च और सी.एन.आई में पवित्र आराधना आयोजित की गई। आराधना की अगुवाई चर्च के पादरी सुशील कुमार ने करते हुए बताया कि गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करने का दिन है। जब उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों के प्रायश्चित हेतु क्रूस पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। आराधना का आरंभ भक्ति गीतों से हुआ, जिनमें तेरी शीरीन आवाज, यीशु ने अपना खून बहाकर, जो क्रूस पर कुर्बान है, छोड़ न मुझे प्यारे यीशु एवं रख तू मुझको क्रूस के पास जैसे गीतों की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। बाइबल का पाठ आकांक्षा एवं बाबरा बहन ने किया। पादरी सुशील कुमार ने प्रभु यीशु मसीह की सात वाणियों पर आधारित उपदेश दिया। उन्होंने विस्तार से बताया कि क्रूस पर चढ़ते समय जब यीशु के हाथों-पैरों में कील ठोकी गई और सिर पर काँटों का ताज पहनाया गया, तब भी उन्होंने मानवता के लिए क्षमा, प्रेम और त्याग का संदेश दिया। इस अवसर पर चर्च के सन्डे स्कूल के बच्चों, प्रेज एंड वरशिप की बहनों-भाइयों तथा चर्च के प्रमुख सदस्यों जॉन, विक्टर, अंकित, रोनित, शीशपाल, नरेंद्र, रेशमा, पैंजी, लोर्डमार्टिन, प्रिया, राहुल, प्रिंस, जॉर्ज, फिलिप, अंजलि, रोजमेरी, अनिका, मिस्का, जोहना, स्तुति श्रद्धालु उपस्थित रहे रही।





# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे पर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मोरना।** भोपा-मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जिनमें कक्षा 6 में अद्विका राठी, छवि चौधरी प्रथम छवि पाल द्वितीय मानबया चौधरी तृतीय कक्षा 7 खुशी सिंह, अविरल पाल प्रथम, रमनजोत सिंह, राधिका द्वितीय, अर्णव शर्मा तृतीय कक्षा 8 में इशिका शर्मा, पर्व राजवंशी प्रथम, शौर्य राज तोमर द्वितीय, रमशा सलीम, नेमत तेजस्वी तृतीयकक्षा 9 में कशिश (प्रथम), अक्षिता चौहान (द्वितीय), मोक्षी दक्ष तृतीय कक्षा 11 में निहारिका, मानशी प्रथम, ब्रेवजोत कौर, प्रीत अग्रवाल, नंदनी द्वितीय, आयशा, इशिका राठी तृतीय को सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक संदेश-शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए सीनियर विद्यार्थियों ने शानदार राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने बच्चों को कड़ी मेहनत और ईमानदारी से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और सफलता का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक संजय तोमर अध्यक्ष ओमपाल सिंह आदि रहे।



# वरूथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को क्या भोग लगाएं?

**वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की वरूथिनी एकादशी का व्रत इस साल 24 अप्रैल 2025 के दिन रखा जाएगा। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है और ऐसे में इसी दिन एकादशी का पड़ना बहुत शुभ माना जाता है। गुरुवार और वरूथिनी एकादशी के योग के कारण इस दिन भगवान विष्णु के वराह अवतार की पूजा करने से जीवन में बाधाओं का नाश होता है और भय एवं शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। वरूथिनी एकादशी के दिन अगर आप भी व्रत रख रहे हैं तो भगवान विष्णु को प्रसन्न कर उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा-आराधना के साथ ही उन्हें उनका प्रिय भोग भी अर्पित करें।**

### भगवान विष्णु को लगाएं पीली मिठाई का भोग

भगवान विष्णु को पीला रंग बहुत पसंद है। इसलिए वरूथिनी एकादशी के दिन उन्हें पीले रंग की मिठाई का भोग लगाना अच्छा माना जाता है। ऐसा करने से भगवान विष्णु खुश होते हैं और उनका आशीर्वाद मिलता है। यह भी माना जाता है कि इस शुभ काम से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं।

### भगवान विष्णु को लगाएं दही-चीनी का भोग

वरूथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को मीठा दही जरूर चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से घर में झगड़े खत्म होते हैं और भगवान विष्णु की कृपा से परिवार के लोगों के बीच प्यार और एकता बढ़ती है। वरूथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पंजीरी का भोग लगाना भी बहुत शुभ माना जाता है।

### भगवान विष्णु को लगाएं पंचामृत का भोग

वरूथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पंचामृत का भोग लगाना बहुत ही अच्छा माना जाता है। पंचामृत चढ़ाने से घर में लक्ष्मी जी का वास होता है और घर की आर्थिक हालत सुधरने लगती है। भगवान विष्णु को सफेद लड्डू भी चढ़ाए जा सकते हैं इससे घर में पारिवारिक शांति बनी रहती है।



# शुक्रवार के दिन इस विधि से करें मां लक्ष्मी का अभिषेक

**हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी की पूजा धन, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए की जाती है। मां लक्ष्मी को भगवान विष्णु की पत्नी और धन, वैभव, और ऐश्वर्य की देवी माना जाता है। उनकी पूजा विशेष रूप से शुक्रवार के दिन की जाती है। उनकी कृपा से सौभाग्य और सकारात्मकता बढ़ती है। ऐसा माना जाता है कि उनकी पूजा से जीवन में सभी प्रकार की समृद्धि आती है, जिसमें भौतिक सुख-सुविधाएं भी शामिल है। आपको बता दें, जिस तरह सभी देवी-देवताओं का अभिषेक किया जाता है, ठीक वैसे ही मां लक्ष्मी का भी अभिषेक पूरे विधि-विधान के साथ किया जाता है।**

### शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी का अभिषेक किस विधि से करें?

- शुक्रवार के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें।
- अपने घर के पूजा स्थल को साफ करें और वहां एक चौकी स्थापित करें।
- चौकी पर लाल या गुलाबी रंग का कपड़ा बिछाएं।
- मां लक्ष्मी की प्रतिमा को गंगाजल से शुद्ध करें।
- अपने आप पर भी गंगाजल के छींटे डालें।
- एक पात्र में अभिषेक की सभी सामग्री जैसे कि दूध, दही, शहद, घी, चीनी और गंगाजल मिलाएं। यदि केसर है तो वह भी मिला सकते हैं।
- मंत्रों का जाप करते हुए धीरे-धीरे इस मिश्रण को मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर अर्पित करें।
- अभिषेक के बाद प्रतिमा को शुद्ध जल से स्नान कराएं और साफ कपड़े से पोंछ लें।
- मां लक्ष्मी को रोली, कुमकुम और अक्षत का तिलक लगाएं।
- उन्हें फूल अर्पित करें, विशेष रूप से कमल का फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है।
- मां लक्ष्मी के सामने धूप और दीप जलाएं।
- मां लक्ष्मी को मिठाई का भोग लगाएं। खीर या सफेद मिठाई विशेष रूप से प्रिय है।
- मां लक्ष्मी की आरती करें। ध्यान रखें कि इनकी आरती कभी भी खड़े होकर नहीं करनी चाहिए।

### अभिषेक करने का नियम

- शुक्रवार को मां लक्ष्मी की पूजा और अभिषेक के लिए शुभ मुहूर्त देखा जाता है। यह आमतौर पर संध्या काल या प्रदोष काल होता है।
- अभिषेक करने से पहले पूजा स्थल और मां लक्ष्मी की मूर्ति को अच्छी तरह से साफ किया जाता है।
- अभिषेक करने के दौरान मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप –

श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं सिद्ध लक्ष्म्यै नमः
श्री महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णु पत्न्यै च
धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात
ह्रीं श्रीं क्लीं धन लक्ष्म्यै नमः
महालक्ष्म्यै नमो नमः, विष्णु पत्न्यै नमो नमः

### अभिषेक करने का महत्व

मां लक्ष्मी को धन, समृद्धि, और सौभाग्य की देवी माना जाता है। उनकी पूजा करने से भक्तों को आर्थिक रूप से स्थिरता और उन्नति मिलती है। मां लक्ष्मी की पूजा करने से जातकों को कभी भी धन संबंधित समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

# माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए रोजाना करें ये 3 उपाय

माता लक्ष्मी को धन की देवी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस पर माता लक्ष्मी की कृपा होती है उसके पास कभी भी धन की कमी नहीं होती है। वहीं यदि लक्ष्मी जी रूठ जाएं तो ऊंचाइयों से भी मनुष्य नीचे गिर सकता है। इसी वजह से लोग नियमित रूप से लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के उपाय ढूंढते रहते हैं। ऐसी मान्यता है कि घर में यदि साफ़ सफाई है तो हमेशा माता लक्ष्मी उस घर में वास करती हैं। वहीं घर में इकट्ठा गंदगी से और कोने में जमा कूड़े से लक्ष्मी जी के चरण घर के भीतर नहीं आ पाते हैं।

### नियमित रूप से घर की सफाई करें

मान्यता है कि माता लक्ष्मी के आगमन के द्वार घर में तभी खुलते हैं जब घर साफ़ सुथरा रहता है। इसलिए आपको नियमित रूप से घर की सफाई जरूर करनी चाहिए। सफाई के समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि कोने में कचरा इकट्ठा न हो। इसके साथ ही आपको भूलकर भी शाम के समय घर में झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। आपको घर की सफाई हमेशा दिन के समय ही करनी चाहिए।

### घर के मुख्य दरवाजे पर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं

मान्यता है कि यदि आप घर के मुख्य द्वार पर रोजाना हल्दी से स्वास्तिक बनाते हैं तो ये आपके घर में धन वर्षा के मार्ग खोलने में मदद करता है। ऐसा माना जाता है कि मुख्य द्वार से ही माता लक्ष्मी का आगमन घर में होता है और यदि नियमित रूप से स्वास्तिक बनाया जाए तो यह माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने का एक मुख्य उपाय है। इसके साथ ही यदि आप इस स्वस्तिक में दीपक प्रज्वलित करके रखती है तब भी यह आपके लिए फायदेमंद होगा।

### माता लक्ष्मी की आरती करें

यदि आप रोजाना माता लक्ष्मी की आरती करेंगी तो ये घर में मुख्य धन आगमन के द्वार खोलने में मदद करेगा। ज्योतिष के अनुसार नियमित रूप से माता लक्ष्मीकी आरती और पूजा करने की सलाह दी जाती है जो आपके लिए समृद्धि का मुख्य स्रोत मानी जाती है। यदि आप नियमित रूप से माता लक्ष्मी की पूजा और आरती करती हैं तो ये उपाय आपके जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होने देता है।







# वरुथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पीले चंदन का लेप किस विधि से लगाएं?

**हिंदू धर्म में वरुथिनी एकादशी का व्रत बेहद शुभ फलदायी माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। अब ऐसे में अगर आप भगवान विष्णु की पूजा कर रहे हैं तो किस विधि से चंदन का लेप लगाने से लाभ हो सकता है।**

सनातन धर्म में वरुथिनी एकादशी का व्रत हर साल वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि के दिन रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति इस दिन पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ करता है। उसे सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है और कुंडली में स्थित ग्रहदोष के अशुभ प्रभाव भी कम हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इस दिन भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप भी करें और स्तोत्र का पाठ भी करें। अब ऐसे में अगर आप वरुथिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा कर रहे हैं तो उन्हें पीले चंदन का लेप किस विधि से लगाएं और इसे लगाने के नियम क्या है।

### भगवान विष्णु को चंदन का लेप लगाने की विधि


- सबसे पहले, स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- पूजा स्थल को साफ करें और भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें।
- चंदन का पेस्ट तैयार करें। पेस्ट बनाने के लिए, शुद्ध चंदन पाउडर को थोड़े से गंगाजल या शुद्ध जल में मिलाएं।
- भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र पर धीरे-धीरे चंदन का लेप लगाएं।
- लेप लगाते समय, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते रहें।
- आप भगवान को पीले फूल, तुलसी के पत्ते, पंचामृत और घी का दीपक भी अर्पित करें।
- आखिर में भगवान विष्णु की आरती करें।

### भगवान विष्णु को चंदन का लेप लगाने के नियम

- हिंदू धर्म में चंदन को बहुत पवित्र माना जाता है। यह भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है। चंदन का लेप लगाने से मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
- भगवान विष्णु को चंदन का लेप लगाने के बाद अपने माथे पर भी चंदन का तिलक लगाएं।
- अगर आप भगवान विष्णु को चंदन का लेप लगा रहे हैं तो आप पहले उस लेप को अपने हाथ में लें और फिर उस लेप को भगवान विष्णु को लगाएं। इससे कुंडली में स्थित गुरुदोष से छुटकारा मिल सकता है।
- वरुथिनी एकादशी के दिन आप भगवान विष्णु को चंदन ब्रह्म मुहूर्त में लगाएं। इससे उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

### भगवान विष्णु को पीला चंदन लगाने का महत्व

पीले चंदन को शुभता, पवित्रता और सकारात्मकता का प्रतीक है। भगवान विष्णु को पीला चंदन का लेप लगाने से जीवन में आ रही समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही अगर आपके वैवाहिक जीवन में किसी तरह की कोई समस्या आ रही है तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है।



# असुर होते हुए भी इन राक्षसों ने क्यों की थी भगवान विष्णु की पूजा?

हम सभी ने अक्सर पौराणिक कथाओं में ये सुना है कि असुरों का संहार करने का काम भगवान विष्णु ने अपने अलग-अलग अवतारों द्वारा किया है और असुरों को वरदान देने का काम करते थे भगवान शिव। इसी कारण से असुरों को भगवान शिव शंभू प्रिय थे और भगवान विष्णु से असुरों को भयंकर घृणा थी, लेकिन कुछ ऐसे असुर भी थे जिन्होंने राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी भगवान विष्णु की या उनके अवतारों की भक्ति को चुना था। तो चलिए जानते हैं कि कौन थे वो असुर जिन्होंने की थी भगवान विष्णु की पूजा और क्या था इसके पीछे का कारण।

### राक्षस घोरा ने की थी भगवान विष्णु की पूजा

प्राचीन काल में एक गौरा नाम का राक्षस हुआ करता था। वह असुर कुल में जन्मा था लेकिन इसके बाद भी उसकी निष्ठा भगवान विष्णु के प्रति थी। एक पौराणिक कथा के अनुसार घोरा नाम का रक्षा पृथ्वी पर राज्य करना चाहता था, लेकिन जब उसने यह देखा कि पृथ्वी तो शेषनाग के शीश के ऊपर सज्ज है और शेषनाग के राजा भगवान विष्णु हैं तो उसने सोचा कि क्यों ना पृथ्वी को प्राप्त करने के लिए भगवान विष्णु की पूजा की जाए।

राक्षस घोरा ने कई हजार सालों तक भगवान विष्णु की पूजा कर उन्हें प्रसन्न किया जब भगवान विष्णु ने घोरा को दर्शन दिए तो उसने भगवान विष्णु से पृथ्वी के राजा बनने की इच्छा जताई जिस पर भगवान विष्णु ने उसे वरदान दिया कि अब से वह पृथ्वी का राजा कहलाएगा। हालांकि पृथ्वी का राजा बनते ही रक्षा गोरा ने मनुष्यों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया और अपनी आसुरी शक्तियों का दुरुपयोग करने लगा जिसके बाद खुद मां विंध्यवासिनी जो कि मां पार्वती का ही एक स्वरूप हैं उन्होंने राक्षस घोरा से युद्ध किया उसे परास्त किया और उसका वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया।

### असुर राज बलि ने की थी भगवान विष्णु की पूजा

असुर राज बलि भी एक राक्षस कुल से संबंध रखते थे।वे दैत्यों के राजा और अपार बल के स्वामी थे। असुर होने के बाद भी राजा बलि भगवान विष्णु की भक्ति करते थे। जब भी राजा बलि कोई हवन-अनुष्ठान किया करते थे तो सबसे पहले भगवान विष्णु को ही हवन सामग्री अर्पित करते थे। एक बार राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर स्वर्ग को अपने कब्जे में ले लिया था, जिससे सभी देवता अत्यंत दुखी हो गए थे। अपने दुखों का समाधान ढूंढते हुए, देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और उन्हें अपनी समस्या बताई। तब अदिति ने अपने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फलस्वरूप भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में अवतार लिया। भगवान विष्णु जानते थे कि राजा बलि वामन अवतार में उनसे कुछ भी मांगेंगे तो वह मना नहीं करेंगे और हुआ भी ऐसा ही है। राजा बलि से जब वामन देव ने तीन पग भूमि मांगी तो उन्होंने दे दी जिसके बाद वामन देव ने तीन पग भूमि में तीनों लोक नाप लिए। चूंकि यह देवताओं की सुरक्षा के लिए किया गया भगवान विष्णु द्वारा छल था। इसलिए भगवान विष्णु ने राजा बलि को पाताल का राजा बनाते हुए उनके राज्य की हमेशा रक्षा करने का वचन दिया।

### राक्षस शंखचूर्ण ने की थी भगवान विष्णु की पूजा

शंखचूड़ दैत्य, दैत्यराज दंभ का पुत्र था। दंभ की कोई संतान नहीं थी, इसलिये उसने संतान प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु की कठिन तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट हुए और दंभ से वर मांगने के लिए कहा। दंभ ने तीनों लोकों में अजेय और महापराक्रमी पुत्र की इच्छा जताई। भगवान विष्णु ने तथास्तु कहकर उसे वरदान दिया और फिर अंतर्धान हो गए। इसके बाद, दंभ के घर एक पुत्र का जन्म हुआ, जिसका नाम शंखचूड़ रखा गया। शंखचूड़ भी भगवान विष्णु का परम भक्त सीध हुआ। विशेष रूप से शंखचूड़ की संपूर्ण भक्ति भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण के प्रति समर्पित थी। शंखचूड़ ने भगवान श्री कृष्ण की तपस्या कर उनसे कृष्ण कवच भी प्राप्त किया था, लेकिन जब शंखचूड़ ने अपनी शक्तियों का प्रयोग देवताओं के विरुद्ध करना शुरू किया तब भगवान शिव ने शंखचूड़ का वध कर दिया। इसी कारण से भगवान शिव की पूजा में शंख बजाना वर्जित है।

# ग्रेनो वेस्ट के टेक जोन-4 कमर्शियल ऑफिस स्पेस में हंगामा, बिल्डर के बाउंसर्स ने ओनर्स को दी धमकी, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट टेक जोन-4 में स्थित नेक्स वन कमर्शियल ऑफिस स्पेस के सैकड़ों ऑनर्स ने शुक्रवार को बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेक्स वन (एन एक्स वन) प्रोजेक्ट के तहत ऑफिस ओनर्स और बिल्डर के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है।



वायरल वीडियो के अनुसार आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट टेक जोन-4 में स्थित नेक्स वन कमर्शियल ऑफिस स्पेस में एकघटना सामने आई। जब बिल्डर के बाउंसर्स ने कई ऑफिस ओनर्स को धमकाया और उनकी गाड़ियों को परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। जब ऑफिस मालिकों ने विनम्रता से गाड़ियों को अंदर जाने देने की गुजारिश की, तो बाउंसर्स ने उन्हें यह कहते हुए मना कर दिया कि बिना पार्किंग चार्ज दिए वाहन अंदर नहीं जा सकते।

इससे स्थिति तनावपूर्ण तब हो गई जब बाउंसर्स ने खुलेआम धमकी दी कि अगर किसी ने नियम नहीं माने तो उनकी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए जाएंगे। मजबूर होकर ऑफिस ओनर्स ने बूम बैरियर के पास गाड़ियां खड़ी करके विरोध प्रदर्शन किया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ऑफिस ओनर्स का आरोप है कि पुलिस ने बिल्डर का पक्ष लेते हुए उनकी गाड़ियों को वहां से हटवा दिया। पुलिस ने चेतावनी दी कि अगर रोड ब्लॉक किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया और झड़प की संभावना बनी।

बिल्डर के लीगल एडवाइजर गौरव ने खुलेआम चेतावनी दी कि, यह बिल्डिंग मंत्री की है, जो वर्तमान में बरोली विधानसभा से विधायक हैं और मैं उनका भांजा हूँ। यहाँ कानून सिर्फ मत्री का ही चलेगा। आप जो कर सकते हैं कर लीजिए, हम 21 अप्रैल 2025 से उन सभी ऑफिस ओनर्स की गाड़ियों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर देंगे जिन्होंने बिल्डर को भुगतान नहीं किया है। इस तरह की धमकी से माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया है और ऑफिस ओनर्स में भय का वातावरण बन गया है।

इस अन्याय के खिलाफ आज एन एक्स वन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले ऑफिस ओनर्स ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और उनके हस्ताक्षर सहित याचिका अदालत में दाखिल की गई है। पुलिस की कार्यवाही और बिल्डर की धमकी के साक्ष्य के रूप में तस्वीरें और दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं। एन एक्स वन वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है और बिल्डर की गुंडागर्दी एवं राजनीतिक प्रभाव के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की अपील की है।

नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने बताया कि नेक्स् वन कमर्शियल स्पेस में ज्यादातर ऑफिस खाली पड़े हुए हैं ऑफिस चल नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिल्डर का ध्यान जिन लोगों ने लाखों करोड़ों रुपए लगाए हैं उन ऑफिस को चलवाने में होना चाहिए। न कि पार्किंग से पैसे कमाने का। बिल्डर सिर्फ पैसे कमाने में ध्यान लगा रहा है, लिफ्ट पर्याप्त नहीं है लिफ्ट के लिए आधा घंटा इंतजार करना पड़ता है। आज के धरना प्रदर्शन में प्रभात कुमार, योगेंद्र तोमर, विवेक, धर्मेन्द्र भट्ट, अंकुर अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, गौरव ढींगरा अजय कुमार, इंद्रजीत सिंह, मोहम्मद वसीम सहित अन्य शामिल रहे।

# ट्रक ड्राइवर को मारी गोली

**नोएडा।** नोएडा में रोड रेज के एक मामले में फॉर्च्यूनर सवार दो लोगों ने एक ट्रक ड्राइवर को गोली मार दी। गोली ट्रक ड्राइवर के सिर में लगी। उसे गंभीर अवस्था में सफरदंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।परिजनों की शिकायत पर थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना गुरुवार दोपहर की है।



डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में गुरुवार दोपहर फॉर्च्यूनर कार सवार कही जा रहे थे। इस दौरान उनके आगे एक ट्रक आ गया। हार्न बजाने के बाद भी ट्रक चालक साइड नहीं दे रहा था। ऐसे में फॉर्च्यूनर कार सवार ने जबरन ट्रक से साइड लेते हुए उसे रोक दिया।ट्रक चालक झीझर होटल की तरफ मुड़ रहा था। इस दौरान कार सवार ट्रक चालक के साथ बहस करने लगा। दोनों के बीच जमकर बहस होने लगी। नौबत गाली गलौच तक पहुंची। इसके बाद फॉर्च्यूनर सवार विकास ने अपनी पिस्टल निकाली और ट्रक ड्राइवर को गाली मार दी। ट्रक ड्राइवर की पहचान लालू प्रसाद हुई है। गोली सीधे सिर में लगी।

**गोली लगते ही सड़क पर गिरा:** गोली लगते ही राम प्रसाद लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर गया। वहां भीड़ को बढ़ता देख दोनों कार सवार मौके से फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया।

वहां से लालू प्रसाद को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित का इलाज किया जा रहा है। वो अभी होश में नहीं है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाली:** जिस जगह वारदात हुई। उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। शिकायत के अनुसार फॉर्च्यूनर गाड़ी को देखा गया। फॉर्च्यूनर गाडी नंबर यूपी 16 ईवी 1236 को ट्रेस किया गया। जिसके बाद दोनों दोनों को गिरफ्तार किया गया। सघन पूछताछ के बाद दोनों ने बताया कि लालू प्रसाद के द्वारा साइड नहीं देने पर झगड़ा और गाली गलौच हुआ था। जिसके बाद गोली चला दी।

**विकास के नाम है लाइसेंस:** जिस पिस्टल से फायर किया गया। उसका लाइसेंस विकास के नाम पर है। पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर लिया है। वहीं दूसरा आरोपी ललित कुमार है। ये विकास का साथी है। विकास ठेकेदारी का काम करता है। सेक्टर-72 थाना फेज-3 निवासी है।




**नोएडा ।** सैक्टर 20 स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में अष्टसखा चरित्र भक्तमाल कथा का शुभारंभ हुआ। बरसाना से पधारी बाल व्यास पूज्या मधुबनी जी द्वारा आज भगवान के भक्त श्री सूरदास जी की भक्ति एव उन के भक्त चरित्र का वर्णन श्रोताओं को सुनाया गया । जिसे सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए ।

# छह फीसदी के सभी भूखंडों में रोड, बिजली, पानी व सीवर जल्द

**नोएडा।** किसानों को दिए जाने वाले छह फीसदी भूखंडों में रोड, बिजली, पानी और सीवर के कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएंगे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की अगुवाई में किसानों के साथ बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने यह आश्वासन दिया। सीईओ ने कहा कि ग्रेटर नोएडा के जो भी गांव अभी तक मुख्य मार्गों से नहीं जुड़ सके हैं, उनको प्राथमिकता पर जोड़ा जाएगा।




जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह शुक्रवार को किसानों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों के साथ बोर्ड रूम में बैठक की। किसानों ने विधायक के जरिए ग्रामीण आबादी की बैकलीज, प्लॉट शिफ्टिंग, छह फीसदी आवासीय भूखंड, गांवों के विकास कार्य आदि से जुड़ी मांगों को प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष रखा। सीईओ ने इन मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का आश्वासन दिया। बैठक में प्राधिकरण की तरफ से किसानों और गांवों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से भी विधायक को अवगत कराया गया। सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि गांवों में सीवर, रोड, बिजली, पानी आदि कार्यां के लिए 1000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने परियोजना विभाग को निर्देश भी दिया कि सभी गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के कार्य को प्राथमिकता पर रखें। विधायक की तरफ से स्वर्णनगरी में मिल्क बूथ स्थापित कराने को कहा गया, जिस पर सीईओ ने नियोजन विभाग को तत्काल जगह चिंहित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में सीईओ ने प्राधिकरण आने वाले सभी आगंतुकों से अच्छा व्यवहार करने की बात दोहराई। किसी से भी अभद्रता करने की षिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सीईओ ने ट्रैफिक जाम की समस्या को खत्म करने के लिए सड़कें दुरुस्त करने पर अधिक जोर दिया। इस बाबत परियोजना विभाग को निर्देश भी दिया। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा के सभी गांवों, सेक्टरों व सोसाइटियों तक गंगाजल शीघ्रता से पहुंचाने को कहा, ताकि भूजल को दोहन का करना पड़े। उन्होंने चेताया कि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसे रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो भविष्य में पानी की किल्लत से जूझना पड़ेगा। बैठक में ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, ओएसडी रामनयन सिंह, महाप्रबंधक एके सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# खेत खलिहान अग्नि कांड पीड़ित किसानों को विधायक विनय वर्मा ने दिया राहता राशि का चेक

**नोएडा।** शोहरतगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरैनिया, तप्पा डाबरा, परगना नौगढ़ स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत चेक वितरण शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक विनय वर्मा ने इस शिविर में ग्राम नकाही व बरैनिया के कुल 110 कृषक भाई-बहनों को अपने हाथों से राहत राशि प्रदान किया, जिनकी मेहनत की फसलें हाल ही में अग्निकांड की चपेट में आकर जल गई थीं। इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा ने कहा कि किसान सिर्फ अन्न उगाता नहीं, वह आत्मा से धरती को सींचता है। उसकी मेहनत में हमारे देश की साँसें बसती हैं। उसके खेतों की राख भी हमें उसके संघर्ष की तपिश महसूस कराती है। यह सहायता उस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती जो






उन्हें हुआ है, लेकिन यह एक संकल्प है कि हम संकट की घड़ी में अपने अन्नदाताओं के साथ खड़े हैं,उनके आत्मबल को मजबूत करने का प्रयास है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास - यही हमारा मूल मंत्र है।

बिना जाति-धर्म देखे, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने हर किसान को समान रूप से सम्मान और सहायता प्रदान की।

यहाँ जातिवाद की नहीं, जमात (जनता) की राजनीति होती है जहाँ सब हमारे लिए समान हैं। हम न धर्म में भेद करते हैं, न जाति में। हमारा धर्म है जनसेवा, हमारा वचन है न्याय। डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हर संभव तरीके से किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर शोहरतगढ़ के उपजिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# इंडिया एक्सपो मार्ट में जलापूर्ति के लिए नई पाइप लाइन बिछाई गई

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बेहतर जलापूर्ति के लिए परिसर में नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसका फायदा क्षेत्र के अन्य संस्थानों को भी होगा। नए कनेक्शन भी दिए जाने की तैयारी है। वहीं एक्सपो मार्ट के आसपास यातायात, जल निकासी, सौंदर्यीकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। दरअसल ग्रेटर नोएडा में 20 वर्ष पहले बिछाई गई पेयजल पाइप लाइनों में लीकेज और पाइप के फटने की वजह से आपूर्ति बाधित हो रही है। यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गर्मी के मौसम में जल संकट और अधिक बढ़ सकता है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने जरूरी स्थानों पर नई पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट परिसर में नई पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। यहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इससे जलापूर्ति बेहतर हो सकेगी। इसके साथ ही नॉलेज पार्क में स्थित शिक्षण संस्थानों में भी पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। अधिकारी के मुताबिक जलापूर्ति के नेटवर्क को बढ़ाकर नए कनेक्शन भी दिए जाने हैं। उन इलाकों में भी पेयजल पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है, जो अब तक अछूते थे। अधिकारी के मुताबिक औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-1 एक्सटेंशन-1 में भी जलापूर्ति की तैयारी चल रही है। इसके लिए मुख्य जल वितरण नेटवर्क में एक नई मुख्य पाइपलाइन को जोड़ने का काम चल रहा है। जलापूर्ति शुरू होने से उद्यमियों को राहत मिलेगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में यह काम पूरा हो जाएगा। औद्योगिक सेक्टरों में जलापूर्ति का मुद्दा उद्यमी संगठनों के पदाधिकारी बैठक में उठा चुके हैं।

वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी और 16सी में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराने के लिए निविदा जारी की गई है। इस पर प्राधिकरण लगभग 88 लाख रुपये खर्च करेगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी सेक्टरों को गंगाजल परियोजना से आच्छादित किए जाने का काम तेजी से चल रहा है। सेक्टर ओमेगा गोल्फ लिंक में पेयजल वितरण मुख्य लाइन के रखरखाव के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है, जिसे तीन साल के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# नए नोएडा के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया मई से शुरू होगी

**नोएडा।** नोएडा ने अब 50 वें साल में कदम रख दिया है। पांच दशक देख चुके इस शहर के नाम के साथ जोड़ते हुए अब नया नोएडा बसाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे बसाने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को ही मिली है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि अगले महीने से किसानों से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मुआवजा रेट तय करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जमीन अधिग्रहण होने के बाद ले आउट प्लान तैयार किया जाएगा। नया नोएडा बुलंदशहर और दादरी के 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। पिछले साल अक्तूबर महीने में शासन ने नए नोएडा के मास्टर प्लान-2041 को मंजूरी दे दी थी। नए नोएडा को कागजों में दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इंवेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) नाम दिया गया है। नया नोएडा 209.11 वर्ग किलोमीटर में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इसके लिए 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, जिसे नोटिफाई किया जा चुका है। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। यह मास्टर प्लान एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) दिल्ली ने बनाया है। ये शहर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन होगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नए नोएडा के मास्टर प्लान-2041 को प्राधिकरण की 210 वीं बोर्ड में रखा गया था। सितंबर 2023 में इस मास्टर प्लान पर आपत्तियां मांगी गई, जिसके बाद 12 जनवरी 2024 को मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया था। इसे चार फेज में पूरा किया जाएगा। वर्ष 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने की योजना है।

**जमीन अधिग्रहण की अलग-अलग प्रक्रिया:** नोएडा में अधिकांश हिस्से की जमीन का अधिग्रहण धारा चार और छह के तहत जिला प्रशासन के जरिए किया गया। कुछ जगह किसानों से आपसी सहमति से जमीन ली गई। इसके अलावा यह भी विचार है कि गुरुग्राम की तर्ज पर सीधे डेवलपर को जमीन लेने का जिम्मा देते हुए लाइसेंस दिया जाए। इसमें प्राधिकरण उस एरिया का बाहरी विकास करेगा जबकि डेवलपर आंतरिक विकास। अधिकारियों का कहना है कि कि अभी कोशिश है कि आपसी सहमति से ही किसानों से जमीन ली जाए।



**शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा:** अधिकारियों ने बताया कि नया नोएडा खासतौर से औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बसाया जाएगा। ऐसे में यहां पर सबसे ज्यादा एरिया औद्योगिक क्षेत्र के लिए 41 प्रतिशत चिह्नित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 41 प्रतिशत औद्योगिक संपत्ति के अलावा 11.5 प्रतिशत आवासीय, 17 प्रतिशत हरियाली और रिएक्शनल, 15.5 प्रतिशत में सड़क, 9 प्रतिशत संस्थागत और 4.5 प्रतिशत स्थान व्यावसायिक संपत्ति के लिए प्रयोग के लिए चिह्नित किया गया है। नए नोएडा में कर्मचारियों के लिए आवास की भी सुविधा होगी। माना जा रहा है कि इस शहर की कुल आबादी छह लाख में माइग्रेंट यानी प्रावासी की संख्या 3.5 लाख की होगी। इनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल आवासीय एरिया दो हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा। यह औद्योगिक नगरी के साथ-साथ शिक्षा की नगरी से भी जाना जाएगा। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त संख्या में उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज खोले जाएंगे। यहां पर मेडिकल और पैरामेडिकल कॉलेज भी खोले जाएंगे।

**इसलिए जरूरत पड़ी नए नोएडा बसाने की:** नोएडा शहर का 95 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विकसित हो चुका है। सिर्फ नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से सटकर कुछ नए सेक्टर विकसित किए जाने हैं। ऐसे में शहर का विस्तार करने के लिए अब यहां जमीन नहीं बची है। सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक ही नोएडा में 45 लाख 26 हजार 464 वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण है। इसको कब्जा मुक्त कराने में प्राधिकरण फेल साबित हो रहा है। अधिकारियों का कहना कि ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नया नोएडा बसाने की जरूरत पड़ी। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में आबादी बढ़ रही है। ऐसे में वहां पर कुछ हिस्सा आवासीय के लिए भी आरक्षित किया गया है।

**शिकागों की तर्ज पर विकसित होगा:** पूरे शहर को एक साथ बसाने के बजाए इसे अलग-अलग चार जोन में बांटकर बसाया जाएगा। मास्टर प्लान तैयार करने वाली एसपीए ने शिकागो और अन्य यूरोपियन देशों की तर्ज पर इसे जोन में बांट विकसित करने का प्लान तैयार किया है। विशेष निवेश क्षेत्र करीब 210 वर्ग किलोमीटर में बसाया जाएगा। उदाहरण के तौर पर साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, नार्थ जोन आदि में बांटा जाएगा। प्रत्येक जोन में अलग-अलग इंडस्ट्री का हब होगा। इसके बाद वर्ष 2041 तक पूरा नया नोएडा शहर बसा दिया जाएग।

सड़क से संपर्क मार्ग में जेवर एयरपोर्ट के साथ रेलवे संपर्क भी देने की तैयारी है। इसी तरह पानी सप्लाई के साथ ग्रीन एनर्जी बेस्ड डिवेलपमेंट की प्लानिंग नए नोएडा के लिए हुई है।

**भूमि अधिग्रहण के लिए एक हजार करोड़ का बजट:** डीएनजीआईआर में भूमि अधिग्रहण और आंतरिक विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के बजट को नोएडा प्राधिकरण ने पिछले महीने हुई बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी थी। जमीन अधिग्रहण के समय इस राशि का प्रयोग किया जाएगा।

**नोएडा को 2021 में बसाने की जिम्मेदारी मिली:** शासन ने 29 अगस्त 2017 में विशेष निवेश क्षेत्र गठित किया गया था, जिसको डीएनजीआईआर नाम दिया गया। शुरुआत में इसको बसाने की जिम्मेदारी यूपीसीडा को दी गई थी लेकिन बाद में आंशिक संशोधन किया गया। शासन ने 29 जनवरी 2021 इस क्षेत्र को बसाने का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण को दिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address :
royalnoida@gmail.com

# भारत विकास परिषद नोएडा की अधिष्ठापन समारोह में उमड़ा पूरा शहर

**नोएडा।** भारत विकास परिषद नोएडा का अधिष्ठापन समारोह एवं एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार की शाम सेक्टर 51 में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का साक्षी पूरा शहर बना। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र गंगल, सचिव राम रतन शर्मा, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, संयोजिका महिला सहभागिता श्रीमती कंचन गुप्ता ने नए कार्यकाल वर्ष 2025-26 के लिए सपथ ग्रहण किया और भारत विकास परिषद नोएडा के कार्यों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण की चली आ रही परंपरा को और भी विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद डॉ महेश शर्मा रहे। नोएडा विधायक पंकज सिंह व अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम अति





विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। जबकि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। भारत विकास परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं अधिष्ठापन अधिकारी भारत विकास परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रांतीय महासचिव श्रीमती मुक्ता अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी पंकज जिंदल अतुल वर्मा एवं कुलदीप गुप्ता ने संभाली। इस अवसर पर शाखा संरक्षक मधुसूदन दादू, प्रताप मेहता सम्मेद शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अध्यक्ष देवेंद्र गंगल की अध्यक्षता में एक शानदार और यादगार कार्यकाल की कल्पना करते हुए उन्हें व उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

# नोएडा में मानसिक व पारिवारिक समस्याओं से ग्रसित 5 महिलाएं समेत 10 लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा व ग्रेटर में मानसिक तनाव की स्थिति काफी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। बीते 10 दिनों के अंदर यहां रहने वाले 5 महिलाएं समेत 10 लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर लिया। औद्योगिक शहर नोएडा में आज हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है। कोई पारिवारिक समस्या को लेकर परेशान है तो कोई काम के बोझ से तो कोई बेरोजगारी के कारण। इसके चलते लोग आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे है।

थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में रहने वाली एक महिला ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं विभिन्न जगहों पर रहने वाले 9 लोगों ने आत्महत्या कर लिया है।

थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि शिवानी पत्नी सोमेश उम्र 22 वर्ष ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि वह ग्राम सर्फाबाद में रहती थी।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रहने वाले लोकेश कुमार पुत्र चंद्रशेखर निवासी सदरपुर कॉलोनी उम्र 45 वर्ष ने 16 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में रहने वाले उपेंद्र पुत्र रामचंद्र उम्र 35 वर्ष की 16 अप्रैल को ऊंचाई से गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में रहने वाली मौनी सिंह नेगी पुत्री त्रिलोक सिंह नेगी उम्र 32 वर्ष निवासी धवल गिरी अपार्टमेंट ने 15 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना फेस-दो क्षेत्र के नागला चरण दास गांव में में रहने वाली खुशबू पुत्री मुकेश सिंह उम्र 15 वर्ष ने 15 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले अंकुश पुत्र नेत्रपाल उम्र 19 वर्ष ने 14 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

थाना जारचा क्षेत्र में रहने वाले रोहित राणा उम्र 23 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर 14 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई।

थाना दनकौर क्षेत्र में रहने वाली खुशबू पुत्री सुरेंद्र उम्र 26 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर 14 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रहने वाले अंकित कुमार पुत्र गणेश कुमार ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर 13 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। इसी थाना क्षेत्र में रहने वाले श्याम थापा पुत्र रामराज थापा उम्र 19 वर्ष निवासी सेक्टर-44 ने मानसिक तनाव के चलते 13 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

थाना फेस-दो क्षेत्र के याकूबपुर गांव में रहने वाली पूजा पत्नी राहुल उम्र 23 वर्ष ने 14 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस उपायुक्त ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# यीशु के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

**नोएडा।** करुणा और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को सूली पर लटकाए जाने की याद में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर विभिन्न चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु के सात वचनों को याद किया गया। साथ ही उनके मानवता-प्रेम के संदेशों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। वही, प्रार्थना सभा में मुल्क के अमनचैन की कामना की गई। गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा में कई लोग शामिल हुए।

इस मौके पर विभिन्न चर्चा के मुख्य पादरी द्वारा प्रभु यीशु के सात वचनों को बताया। सेक्टर-34 स्थित सेंट मेरी चर्च, सेक्टर-27 स्थित मारिया सदन चर्च, सेक्टर-50 सहित शहर के सभी चर्च में गुड फ्राइडे के मौके पर दोपहर 12 से शाम तीन बजे तक विशेष प्रार्थना सभा हुई। इसके साथ क्रास के सात वचनों के बारे में फादर ने संदेश दिए। सेक्टर-50 स्थित बेथल मेथोडिस्ट चर्च के पोस्टर जोसफ ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन गुड फ्राइडे है। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के व्यक्तित्व की जानकारी दी। लोगों ने परमेश्वर यीशु के वचनों को अपने जीवन में पालन करने का संकल्प लिया। बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पैर धोने की रस्म की गई थी। पैर धोकर समानता का संदेश दिया जाता है। 20 अप्रैल ( रविवार ) को ईस्टर डे होगा। यानि प्रभु यीशु फिर से जीवित होंगे। इस दौरान यीशु के अनुयायी निराहार उपवास करते हैं। यीशु के दुखों को स्मरण कर हर घर में प्रार्थना सभा, बाइबल पढ़कर लोग अपने पापों से शुद्धिकरण, पश्चाताप करने के साथ अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।

**प्रभु के संदेशों के बारे में बताया:** चर्च में पादरी ने प्रभु के संदेशों के बारे में लोगों को बताया। साथ ही मानवता के लिए उनके बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह को जब सूली पर चढ़ाया गया तो सबसे पहले उन्होंने कहा कि हे पिता इन्हें क्षमा करना, क्योंकि ये नहीं जानते कि कर क्या रहे हैं।

## नशे में कार चालक ने दंपति को टक्कर मारी

**नोएडा।** सेक्टर-63 के ई ब्लॉक में शराब के नशे में धुत कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेक्टर-122 स्थित जनता फ्लैट निवासी रंजीत ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह नौ अप्रैल की रात बाइक से अपने भाई को भोजन देने सेक्टर-63 गए थे। साथ में उनकी पत्नी भी थी। घर लौटते समय सेक्टर-63 के ई ब्लॉक में काले रंग की कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह और उनकी पत्नी दूर जाकर गिरे। आरती के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। हादसे के बाद कार चालक को राहगीरों ने रोक लिया और घायल दंपति का उपचार कराने के लिए कहा। आरोपी चालक ने लोगों से घायलों का इलाज कराने का वादा किया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह मुकर गया। उनकी पत्नी आरती की हालत अब भी गंभीर बनी हुई। रंजीत ने पुलिस को आरोपी चालक के कार का नंबर भी उपलब्ध कराया है।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एक इनामी बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है। बीटा-2 थाना पुलिस एटीएस गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। बदमाश ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश की। पुलिस ने जब पीछा किया तो बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के ककोड़ थाना क्षेत्र के हिनरौती गांव निवासी सुकेश के रूप में हुई है। उसके पास से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि सुकेश रजिस्टर्ड गैंग डी-181 का सक्रिय सदस्य है। इस गैंग का लीडर निखिल फिलहाल जेल में है। यह गैंग 2022 में एसटीएफ कर्मचारी की मारुति ईको कार से पिस्टल और वाईफाई डिवाइस लूटने में शामिल था। सुकेश अपने साथियों के साथ लोगों को धमकाकर डकैती और लूट की वारदातें करता था।बदमाश 13 दिसंबर 2024 से गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# छोटी-छोटी गलतियों के चलते समय से पहले खराब हो रहा लिवर: डॉ. जगतजोत सिंह गिल

**नोएडा।** आमतौर पर माना जाता है कि लिवर में दिक्कत 50 की उम्र पार करने के बाद होती है, लेकिन अब संक्रमित व खराब लिवर की दिक्कत से 35 से 40 उम्र वाले भी बचे नहीं है। छोटी-छोटी गलतियों के चलते लिवर रोगियों के आयु ग्रुप में बदलाव देखने को मिला है। फेलिक्स अस्पताल के गेस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट डॉ. जगतजोत सिंह गिल ने यह बातें विश्व लिवर दिवस पर कहीं।

उन्होंने बताया कि अनियमित दिनचर्या, बाजार का खानपान व कम उम्र में ही शराब की अत्यधिक लत से लिवर की उम्र घट रही है। लिवर संबंधी रोग में कोई बड़ा लक्षण पहले से नहीं दिखता है। यह चोरी-चुपके लिवर को खराब करता है। इलाज कराने वाले मरीजों में से 70 फीसदी मरीज जान ही नहीं पाते हैं कि उनको लिवर संबंधी रोग है। बगैर डॉक्टर की सलाह व अत्यधिक दवा का सेवन भी लिवर खराब कर रहा



है। सबसे ज्यादा टीबी की दवाएं खतरनाक हैं। दर्द व गठिया रोग की लंबे समय तक दवा खाना भी कारण माना गया है। लिवर के साथ किडनी को भी खराब कर रही है। घर व बाहर बाजार का खानपान, खेलकूद व घटती शारीरिक गतिविधियों से बच्चों और बड़ों के लिवर की सेहत खराब हो रही है।

बाजार की तली भुनी और मसालेदार खानपान मिलें रसायन पेट में जाकर जमा रहे हैं। इससे मोटापा बढ़ रहा है। यह रसायन लिवर को जख्मी और अन्य तरह से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे इनका लिवर फैटी हो रहा है। मोटापे को काबू में कर नियमित जीवन शैली और संयमित खानपान से फैटी लिवर की समस्या से बचा जा सकता है। लोगों में बाहर की चीजें खाने का चलन बढ़ा है। साइकिल चलाना, खेलकूद व अन्य शारीरिक गतिविधियां बहुत कम हुई हैं। घर और बाहर लोग घंटों मोबाइल और स्क्रीन के साथ समय बिता रहे हैं। आने जाने में वाहन का प्रयोग कर रहे हैं। इससे शरीर में फैट जमा होने से मोटापा बढ़ रहा है। शराब का सेवन करने वाले 60 फीसदी जर्नल ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन में प्रकाशित राष्ट्रीय स्तर के शोध में हवाला दिया गया कि लिवर की बीमारी का सबसे बड़ा कारण शराब का सेवन है। 60 फीसदी मरीज शराब के शौक की वजह से चपेट में आ गए। कम आयु में ही शराब की लत लिवर खराब कर रही है। 20 फीसदी कारण हेपेटाइटिस बी और सी को माना गया है। 10-10 फीसदी वजह शुगर व मोटापा है।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा पति समेत तीन लोगों के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराली उससे दहेज में ऑडी और 21 लाख रुपये की मांग करते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 15 मई 2022 को थाना फेज-2 क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। परिजन ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़िता आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में ऑडी कार वह 21 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोपियों ने मारपीट की और चुन्नी से गला घोटकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने उसकी बिना अनुमति के मोबाइल के जरिये धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बना रखा है, जिसे वह वायरल करने की धमकी देता है। महिला के अनुसार 29 अगस्त 2024 की रात पति देर रात घर लौटा और जबरन कुकर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा। वह जान बचाने के लिए अपना मोबाइल फोन लेकर बाथरूम में चली गई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई और उन्हें बचाया। दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता विफल होने पर पुलिस आयुक्त के आदेश पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## घर का सामान लेकर निकला ट्रक ढाई महीने में बिहार नहीं पहुंचा

**नोएडा।** होशियारपुर गांव से ढाई महीने पहले सामान लेकर निकला ट्रक अब तक बिहार नहीं पहुंचा। जिस पैकर्स और मूवर्स से पीड़ित ने बुकिंग कराई थी, उसने मोबाइल बंद कर लिया है। पीड़ित ने गुरुवार को सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया। होशियारपुर की गली नंबर एक में रहने वाले अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि वह नोएडा में परिवार के साथ रहते थे। अचानक से उन्हें बिहार शिफ्ट होना पड़ा। ऐसे में अभिषेक ने गूगल से मूवर्स एंड पैकर्स का नंबर निकाला और उस पर कॉल की।

उनकी घर का सामान ले जाने के संबंध में प्रवीन गुर्जर से बातचीत हुई। सौदा तय होने के बाद प्रवीन ने सामान ले जाने के लिए ट्रक भेजा। 30 जनवरी को ट्रक पर घर का सामान लादा गया। दो दिन के भीतर सामान बिहार पहुंचना था। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन 18,200 रुपये का भुगतान किया। हरियाणा नंबर के ट्रक के चालक ने सामान ले जाते समय रास्ते में मोबाइल बंद कर दिया। तय समय पर जब सामान गंतव्य तक नहीं पर पहुंचा तो अभिषेक ने प्रवीन गुर्जर के पास कॉल की। प्रवीन कॉल नहीं उठाता है। अपना मोबाइल बंद कर देता है।

इस संबंध में अभिषेक ने प्रवीण को ई-मेल और मैसेज भी किया पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ऐसे में अभिषेक ने अब मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी का कहना है कि बुकिंग लेने वाले व्यक्ति से संपर्क हो गया है। प्राथमिक जांच में मामला लेनदेन का निकला है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सामान के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जाएगी। पीड़ित ने ट्रक का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

# 19 अप्रैल को बरौला में होगा जनवादी महिला समिति का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन: आशा यादव

**नोएडा।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गौतम बुध नगर कमेटी का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन शनिवार 19 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गांव बरौला सेक्टर- 49, नोएडा सामुदायिक केंद्र (सरकारी अस्पताल/ बड़ा पार्क के सामने) पर होगा। सम्मेलन की जानकारी देते हुए समिति की जिला प्रभारी आशा यादव ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर हमारा अभियान लगातार चल रहा है! सम्मेलन में हम अपने पिछले 3 साल के कामकाज की समीक्षा और आगामी तीन वर्षों के लिए कार्य योजना/ दिशा तय करेंगे! साथ ही नई जिला कमेटी का चुनाव किया जाएगा!

उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर आज झुग्गी बस्ती सेक्टर- 78, नोएडा पर सभा कर स्थानीय कमेटी का चुनाव किया गया! जिसमें सीमा प्रधान, पार्वती उपप्रधान,




सुनीता सचिव, मनीषा सहसचिव, सरोज कोषाध्यक्ष, पूनम व मुस्कान कार्यकारिणी सदस्य चुनी गई।

सभा को समिति की जिला अध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने संबोधित किया। साथ ही उन्होंने 19 अप्रैल 2025 को बरौला में होने वाले सम्मेलन में सभी से समय से पहुंचने की अपील किया।

# संक्षिप्त समाचार

## स्कूली बच्चों को आग से बचाव का प्रशिक्षण

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण सेक्टर 25 स्थित जेपी ग्रुप के सरदार पटेल स्कूल में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यशाला में छात्रों को आपातकालीन स्थिति में आग से बचाव के तरीके सिखाए गए।

कार्यशाला में मॉक ड्रिल और रेस्क्यू का प्रदर्शन किया गया। छात्रों को आग बुझाने की विधियां और आग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। जेपी ग्रुप के चीफ फायर ऑफिसर डॉ. गगनदीप देवगन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डॉ. देवगन ने बताया कि अचानक लगी आग या सिलेंडर लीकेज से उत्पन्न आग को कंबल और पानी से बुझाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि आग जैसी आपात स्थिति में हड़बड़ाना नहीं चाहिए। घबराहट से स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन करने से जान को कोई खतरा नहीं होता।

## ट्रैक्टर से रास्ता न देने पर हमला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक सप्ताह पहले हुए हमले का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। पुलिस ने गुरुवार रात को नकुल को गिरफ्तार किया। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

घटना 7 अप्रैल की है। रामपुर खादर गांव में अनिल ट्रैक्टर चला रहा था। नकुल और उसके साथी ने रास्ता न देने पर लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनिल को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसका एक पैर काटना पड़ा।पीड़ित के चचेरे भाई योगेंद्र ने 10 अप्रैल को नकुल और राकेश के खिलाफ केस दर्ज कराया। दोनों पक्षों में पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में यह हमला किया गया। एम्स में भर्ती अनिल की हालत अभी भी गंभीर है।दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जनाक्रोश यात्रा निकाली

**नोएडा।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा चार्जशीट फाइल होने पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा शुक्रवार को जनाक्रोश यात्रा निकाली गई। पार्टी कार्यालय से तिलपता गोलचक्कर तक निकाली गई इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राज नागर ने किया। अभिषेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार एवं घोटाले चरम सीमा पर थे। घोटाले एवं भ्रष्टाचार की कड़ी में नेशनल हेराल्ड केस भी कांग्रेस द्वारा किया गया एक अनूठा उदाहरण है। समाचार पत्र के नाम पर देश की परिसंपत्तियों की खुली लूट के विरोध में भाजपा सदैव खड़ी रहेगी। वहीं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज नागर ने कहा कि एसोसिएट जनरल एवं नेशनल हेराल्ड परिवार का घोटाला मनी लोडिंग से जुड़ा हुआ 661 करोड़ का घोटाला है। जनाक्रोश यात्रा में सुभाष भाटी, देवेंद्र त्यागी, दीपक भारद्वाज, धर्मेंद्र कौरी, मनोज गर्ग, सुनील भाटी, पवन नागर, सत्येंद्र नागर, देवा भाटी, कर्मवीर आर्य, अमित पंडित, ओमकार भाटी, अरुण शर्मा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सड़क पर फैला रहा था कूड़ा, शिकायत मिलने पर प्राधिकरण ने कर दी कार्रवाई

**नोएडा।** सेक्टरों में पीजी संचालक लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। पीजी में होने वाले शोर शराबे के कारण जहां एक तरफ आस-पास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है वहीं दूसरी तरफ संचालकों के द्वारा गंदगी भी फैलाई जाती है। शिकायत मिलने पर जांच के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने पीजी संचालक पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगा दिया। साथ ही चेतावनी दी है कि दोबारा सड़क पर कूड़ा न फेंके।

बीटा एक सेक्टर के मकान नंबर ई-97 में नियम से इतर पीजी का संचालन होता है। पीजी में काम करने वाले कर्मचारी के द्वारा आए दिन कूड़े को पास में ही सड़क पर फेंक दिया जाता है। सेक्टर निवासी हरेंद्र भाटी ने मामले की शिकायत प्राधिकरण के अधिकारियों से की गई थी। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के बाद मकान पर 500 रुपए का जुर्माना लगा दिया।

## पुलिस की चेन स्नेचर से मुठभेड़

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर-15ए के पीछे गंदे नाले को जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर रही थी। सेक्टर-16 की तरफ से एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखाई दिया। इसे रूकने का इशारा करने पर व्यक्ति अपनी बाइक को वापस पीछे मोड़कर सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगा।पुलिस टीम द्वारा करीब 600 मीटर तक पीछा करने पर बाइक फिसलकर गिर गई। जिस पर उसके द्वारा भागने के प्रयास किया। पुलिस ने वॉर्निंग दी कि अपने आप को सरेंडर कर दो। इतना सुनते ही बदमाश ने पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। बदमाश की पहचान मनीष कुमार निवासी जिला बक्सर, बिहार वर्तमान पता नया बास सेक्टर-16 हुई। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस, चोरी/लूट के 02 मोबाइल फोन, लूटे गए मोबाइल फोन को बेचने से 1500 रुपए और चोरी की बाइक बरामद की गई। इस बाइक के संबंध में थाना शकरपुर ईस्ट दिल्ली में मुकदमा है। बरामद रुपए छीने गए फोन को बेचने से प्राप्त है, इसके संबंध में थाना फेस-1 नोएडा में मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी मॉडल की जरूरत है; सीलमपुर में नाबालिग की हत्या के बाद तनाव, लोगों ने घरों पर लगाए पोस्टर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सीलमपुर में गुरुवार शाम को एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद इलाके में तनाव है। हिंदू परिवारों ने अपने घर के बाहर 'मकान बिकाऊ है' और 'योगी मॉडल की जरूरत है सीलमपुर को' के पोस्टर लगाए हैं। कल लोगों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन भी किया था। हालात को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। सूत्रों के अनुसार वारदात को पुरानी रंजिश में अंजाम दिया गया है। लड़के को चार-पांच हमलावरों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ चाकू से वार किया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में रहने वाले हिंदू परिवार दहशत में हैं। उनके पलायन की बात भी सामने आ रही है। लोगों ने अपने घर के बाहर मकान बिकाऊ है को पोस्टर लगाए हैं। इसके अलावा योगी जी मदद करो, रेखा गुप्ता जी मदद करो के पोस्टर भी लगाने की बात बताई जा रही है। फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि उसने टीम का गठन किया है। जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं लोगों में हत्याकांड को लेकर भारी गुस्सा है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक 17 साल के किशोर को घेरकर उसपर चाकू से कई बार वार करके हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कुणाल के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सीलमपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलावर की पहचान करने और उसे पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। घटना की खबर फैलते ही पीड़ित के परिवार और स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया और पास की सड़क को जाम कर दिया। उन्होंने न्याय और तत्काल पुलिस कार्रवाई की मांग की।

### दिल्ली में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, बाएं पैर में लगी गोली; दर्ज हैं चोरी-डकैती के 13 केस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शुक्रवार सुबह पांच बजे बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक वांटेड अपराधी पकड़ा गया। यह एनकाउंटर नजफगढ़ में हुआ। पुलिस ने अक्षय उर्फ गोलू को सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर पर गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार तड़के पांच बजे 30 साल का अक्षय उर्फ गोलू जय विहार नाला रोड पर लूटी गई मोटर साइकिल के साथ मिला। वह नजफगढ़ में डकैती के एक मामले में वांटेड था। उसे सरेंडर करने के लिए कहा गया लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। क्रॉस फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लग गई। उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने पुलिस पर दो गोलियां चलाई और तीन गोलियां नजफगढ़ की पुलिस टीम ने चलाई। उसके खिलाफ डकैती, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के 13 मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ 10 बार निवारक कार्रवाई की गई है। आखिरी बार 18 जनवरी 2025 को उसे पुलिस स्टेशन बाबा हरिदास नगर में धारा 126/170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली में जल्द शुरू होगी 'देवी' बस सर्विस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के लोगों की सहूलियत के लिए सरकार जल्द ही एक सेवा शुरू करने वाली है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सरकार 22 अप्रैल को दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) के बैनर तले अपनी मोहल्ला इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में नौ मीटर लंबी 255 बसें सर्विस में लगाई जाएंगी। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा पहले मोहल्ला बस सेवा के नाम से जानी जाने वाली इस सेवा से राजधानी में अंतिम मील की कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, आज ज्यादातर रूट तय कर दिए गए हैं और शुरुआती प्रतिक्रिया की समीक्षा के बाद मांग के अनुसार और रूट जोड़े जाएंगे। इसके पीछे आइडिया यह है कि आंतरिक सड़कों को मुख्य सड़कों से जोड़ने वाले छोटे रूटों को शामिल किया जाए, ताकि ये बसें उन इलाकों में सर्विस दे सकें जहां बड़ी बसों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। आप सरकार के सिग्नेचर मोहल्ला क्लीनिक को आरोग्य मंदिर के नाम से रीब्रांड किया जा रहा है, और मोहल्ला बसों को देवी बसों के नाम से लॉन्च किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि बसों का पहला जत्था गाजीपुर, नांगलोई और ईस्ट विनोद नगर डिपो से संचालित होगा। ये बसें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रमुख बस मार्गों और मेट्रो स्टेशनों के लिए फीडर के तौर पर काम करेंगी। उन्होंने कहा कि हर बस से 12 किलोमीटर का रूट तय करने की उम्मीद है और प्रत्येक डिपो में ऐसी 100 बसें खड़ी



की जा सकती हैं। देवी सर्विस दिल्ली सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन को उन्नत करने और इसे अधिक टिकाऊ बनाने की व्यापक कोशिश का हिस्सा है।

अधिकारियों ने कहा कि मोहल्ला बस योजना के तहत प्रस्तावित किराए में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसमें 10, 15, 20 और 25 रुपए के टिकट प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पिंक टिकट का उपयोग करके मुफ्त सफर का लाभ उठा सकती हैं। प्रत्येक देवी बस में 23 सीटें होंगी, जिनमें से छह महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, और 13 खड़े यात्रियों के लिए जगह होगी। अधिकारियों ने कहा कि वे 196 किलोवाट की कुल क्षमता वाले छह बैटरी पैक से लैस हैं, और 45 मिनट का चार्ज 200 किलोमीटर से अधिक की यात्रा को सुविधाजनक बना सकता है।

परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने हाल ही में सतत गतिशीलता के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पिछले महीने, उन्होंने 2025 के अंत तक बसों के बेड़े को 10,000 से अधिक बसों तक बढ़ाने की घोषणा की, जिसमें 80 फीसदी इलेक्ट्रिक होंगी।

## दिल्ली में गलत ढंग से फीस बढ़ाने वाले सारे स्कूलों की होगी जांच, शिक्षा मंत्री आशीष सूद का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को कहा कि फीस बढ़ोतरी के मामले में हर स्कूल की जांच होगी। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के साथ फीस के मामले को लेकर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने दिल्ली सचिवालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि सभी निजी स्कूलों का ऑडिट किया जाएगा। सूद ने कहा कि जिस स्कूल द्वारा भी अनियमित तौर पर फीस वृद्धि की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि फीस बढ़ोतरी को लेकर अब तक 600 से ज्यादा निजी स्कूलों का ऑडिट किया जा चुका है। बिना मंजूरी फीस बढ़ाने पर स्कूल की मान्यता वापस लेने और स्कूल प्रबंधन को अपने नियंत्रण लेने के संबंध में 11 स्कूल को नोटिस जारी किया गया है। ऑडिट को लेकर यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आप पर निशाना साधा = शिक्षा मंत्री ने फीस वृद्धि के मामले को लेकर फिर पूर्व की आप सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगार नेता स्कूलों के मामले में भ्रम फैला रहे हैं।



आप की रणनीति है कि आरोप लगाओ और भाग जाओ। सूद ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सवाल करते हुए पूछा कि डीपीएस के लिए जो बयान वह दे रहे हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल के दौरान इस स्कूल पर क्या कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में फीस वृद्धि का मुद्दा पहली बार सामने नहीं आया है। यह हर वर्ष उठता है, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार को बताना चाहिए कि आखिर उन्होंने कितने स्कूलों का ऑडिट कराया था। मंत्री सूद ने कहा कि डीपीएस द्वारका की लड़ाई कोर्ट में लड़ी जा रही है। सूद ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद जिला अधिकारी की शक्तियों का इस्तेमाल कर स्कूल का निरीक्षण किया गया है।

## दिल्ली से नोएडा तक सफर होगा सुहाना, चिल्ला और यमुना पुस्ता एलिवेटेड रोड आपस में जुड़ेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से नोएडा में महामाया फ्लाईओवर तक बन रही एलिवेटेड रोड को यमुना पुस्ता पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड से जोड़ा जाएगा। यह घोषणा सीईओ डॉ. लोकेश एम ने गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण के 49वें स्थापना दिवस पर की।

नोएडा प्राधिकरण ने अब 50वें साल में कदम रख दिया है। स्थापना दिवस के मौके पर सेक्टर-6 इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि चिल्ला एलिवेटेड रोड महामाया फ्लाईओवर पर आकर खत्म होगा, जबकि सेक्टर-94 से यमुना पुस्ते पर सेक्टर-150 तक एलिवेटेड रोड बनना है। ऐसे में इन दोनों के बीच के हिस्से को रोटरी या अन्य माध्यम से जोड़ा जाएगा। चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो चुका है। यमुना पुस्ते पर बनने वाले एलिवेटेड रोड के लिए सिंचाई विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



चिल्ला और यमुना पुस्ता एलिवेटेड रोड जुड़ने से दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर की ओर से आने वाले वाहन आसानी से यमुना एक्सप्रेसवे तक आ-जा सकेंगे। मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर एलिवेटेड रोड बनने के बावजूद सड़क के नीचे करीब आधा हिस्से में जाम की समस्या रहती है। सेक्टर-27 अट्टा अंडरपास से निकलते ही निठारी के सामने वाहनों की कतार लग जाती है। निठारी में सड़क कम चौड़ी होने के साथ-साथ अतिक्रमण भी है। इसको देखते हुए निर्णय लिया गया है कि सड़क को चौड़ा कराया जाएगा। इस योजना पर प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। इसके लिए अगले कुछ महीने में टेंडर जारी कर दिया जाएगा। शहर के अधिकांश चौराहे पर लेफ्ट टर्न फ्री नहीं है। कहीं सड़क कम चौड़ी होने या अतिक्रमण की वजह से ट्रैफिक अटका रहता है। प्राधिकरण ने योजना तैयार की है कि चौराहे पर पर लेफ्ट टर्न को फ्री किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण जल्द सर्वे कराकर मौके पर आ रही समस्या का पता लगाएगा। इसके बाद काम शुरू होगा।

## अमेरिका जाना है तो करना होगा यह काम, डीयू ने प्रोफेसर के सामने रखी अनोखी शर्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा ने दावा किया है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें अमेरिकी यात्रा की मंजूरी देने के लिए वहां दिए जाने वाले लेक्चर का टेक्स्ट सबमिट करने को कहा है। हालांकि डीयू प्रशासन ने इसपर कोई जवाब नहीं दिया है। झा ने इस कदम को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय की स्वायत्तता और शैक्षणिक स्वतंत्रता को कमजोर करता है।

हिंदी विभाग के फैकल्टी मेंबर झा को 23 अप्रैल से 1 मई तक न्यूयॉर्क के द न्यू स्कूल में इंडिया चाइना इंस्टीट्यूट की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में विश्वविद्यालय एक वैश्विक सत्तावादी मोड़ के तहत नामक सेमिनार में बोलने के लिए आमंत्रित किया गया है। झा ने कहा, मुझे रजिस्ट्रार कार्यालय से एक मेल मिला जिसमें मुझे अपने भाषण के टेक्स्ट को मंजूरी के लिए जमा कराने को कहा गया। मेरे विचार में, यह बहुत चिंताजनक है। हम जानबूझकर डीयू की स्वायत्तता खो रहे हैं। यह अभूतपूर्व है क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रोफेसर ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय के ऑनलाइन समर्थ पोर्टल के जरिए 35 दिन से पहले ही अपनी लीव एप्लीकेशन सबमिट कर दी थी, लेकिन 2 अप्रैल को डीयू से एक मेल मिला, जिसमें कहा गया था कि विश्वविद्यालय अनुमति देने में असमर्थ है और उसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से सलाह लेने की आवश्यकता है। 15 अप्रैल को डीयू के कुलपति योगेश सिंह को झा ने पत्र लिखकर कहा, मैं यह समझने में असफल रहा कि विश्वविद्यालय ने संस्थागत स्वायत्तता के सिद्धांत को क्यों त्याग दिया और अवकाश देने के मामले में एक बाहरी एजेंसी, इस मामले में केंद्र सरकार, के हस्तक्षेप को आमंत्रित किया। रजिस्ट्रार कार्यालय को दिए लिखित जवाब में प्रोफेसर ने कहा कि फैकल्टी की यात्रा या छुट्टी के लिए सरकार की मंजूरी की मंजूरी वाले किसी नियम की आवश्यकता नहीं है। झा ने अपने जवाब में लिखा, आपने कहा कि आपको ऐसे किसी विशिष्ट नियम की जानकारी नहीं है जिसके तहत मंत्रालय की अनुमति की जरूरत है। हमारी बातचीत से, मैंने निष्कर्ष निकाला कि विश्वविद्यालय सक्रिय रूप से, बिना किसी आवश्यक कानून, नियम या विनियमन के, मंत्रालय को मेरी लीव एप्लीकेशन भेज रहा है।

## दिल्ली के सीलमपुर में 17 साल के किशोर की हत्या, इलाके में तनाव; पुलिस-अर्धसैनिक बल तैनात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सीलमपुर इलाके में गुरुवार रात चार से पांच लोगों ने 17 वर्षीय एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 17 वर्षीय कुणाल निवासी जे-ब्लॉक, न्यू सीलमपुर के रूप में हुई। सूत्रों के अनुसार, पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल सीलमपुर पुलिस ने हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान के अलावा उन्हें गिरफ्तार



करने की कोशिश कर रही है।

कुणाल अपने परिवार के साथ सीलमपुर जे ब्लाक में रहता था। परिवार में पिता राजवीर, मां, तीन भाई व एक बहन है। पिता ऑटो चलाते हैं। कुणाल गांधी नगर में एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा कुणाल 7.30 बजे दुकान से दूध लेने के लिए गया था। रास्ते में उसे चार से पांच लोगों ने घेर लिया। पहले उसके साथ गाली गलौज की और उसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। एक पड़ोसी ने घर आकर वारदात के बारे में बताया। परिवार मौके पर पहुंचा तो कुणाल खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और घायल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वारदातस्थल का निरीक्षण करने के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम और एफएसएल की टीमों को भी बुलाया गया।

## यौन उत्पीड़न का आरोप लगा, जेएनयू ने कर दिया बर्खास्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्याल के एक प्रोफेसर को जापानी दूतावास के अधिकारी के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले की जानकारी देते हुए जेएनयू के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के एक सीनियर फैकल्टी सदस्य स्वर्ण सिंह को आरोपों के बाद बर्खास्त किया गया है। अधिकारी ने जानकारी देते यह भी बताया कि यह घटना पिछले साल मई की है। जापानी दूतावास की अधिकारी के आरोपों के बाद एक समिति का गठन किया गया, जिसकी जांच में स्वर्ण सिंह के खिलाफ सबूत मिले हैं। आइए जानते हैं कि जापानी दूतावास की अधिकारी के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर स्वर्ण सिंह कौन हैं। जेएनयू की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, स्वर्ण सिंह जेएनयू की स्कूल फॉर इंटरनेशन स्टडीज के सेंटर फॉर इंटरनेशनल पॉलिटिक्स, ऑर्गनाइजेशन एंड डिजास्टर मैनेजमें के प्रोफेसर है। वेबसाइट पर मिली जानकारी के अनुसार, यौन जापानी अधिकारी के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर स्वर्ण सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पॉलिटिकल साइंस में अपनी मास्टर्स की डिग्री पूरी की है, इसके बाद सिंह ने जेएनयू से इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी भी पूरी की है। इसके अलावा आरोपी फैकल्टी सदस्य स्वर्ण सिंह ने स्वीडन से कॉन्फ्लिक रिजॉल्यूशन में पोस्ट डॉक्टरल डिप्लोमा भी किया है। जेएनयू की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वर्ण सिंह ने स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज को साल 2001 में जॉइन किया था। इससे पहले आरोपी सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस के लिए काम कर रहा था।

## अवैध संबंध रखने वाली महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि पति से अलग रह रही महिला के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं तो वह पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं होगी।

जस्टिस गिरीश कठपाड़िया की बेंच ने इस मामले में वादी पति के हक में फैसला सुनाया है। बेंच ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें संबंधित फैमिली कोर्ट ने आदेश दिए थे कि वह हर माह अपनी पत्नी को दस हजार रुपये अंतरिम गुजारा भत्ते के तौर पर दे। निचली अदालत के इस निर्देश को पति ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अंतरिम गुजारा भत्ता देना उचित नहीं = पति की चुनौती याचिका पर विचार करते हुए बेंच ने कहा कि इस मामले में प्रथमदृष्टया साक्ष्य बताते हैं कि प्रतिवादी पत्नी किसी और के साथ संबंधों में है। हालांकि, इस संबंध में अदालत ही अंतिम निर्णय करेगी, लेकिन पति की ओर से पेश तथ्यों के अनुसार पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंधों में है। ऐसे में पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता देना उचित नहीं है। बेंच ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125(4) के तहत कानून कहता है कि पत्नी के किसी अन्य पुरुष के साथ शारीरिक संबंध होने पर



वह पति से गुजारा भत्ता पाने की अधिकारी नहीं होगी। बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले में साक्ष्य दर्शाते हैं कि पत्नी के अन्य पुरुष के साथ अनैतिक संबंध हैं। अपनी पत्नी के अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंधों को लेकर पति ने हाईकोर्ट के समक्ष फोटो व वीडियो पेश किए। पति का कहना था कि उसने निचली अदालत के समक्ष भी यही सबूत पेश किए थे। बावजूद इसके संबंधित अदालत ने गुजाराभत्ता आदेश पेश कर दिया। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि रिकॉर्ड बताते हैं कि निचली अदालत में अवैध सबंधों के सबूत पेश किए जाने पर भी उसने ना इन्हें स्वीकार किया और ना ही खारिज किया, जबकि इस अहम तथ्य को लेकर निचली अदालत को निर्णय पर पहुंचना चाहिए था। उसके बाद ही गुजाराभत्ता तय किया जाता। लिहाजा निचली अदालत दोबारा इस पर सुनवाई कर निर्णय सुनाए। बेंच ने इस मामले को दोबारा सुनवाई के लिए संबंधित फैमिली कोर्ट के पास वापस भेज दिया है। बेंच ने कहा है कि निचली अदालत नए सिरे से इस मामले में सुनवाई करे। खासतौर पर पति द्वारा पेश साक्ष्यों पर गौर करे। इसके बाद गुजाराभत्ता याचिका पर निर्णय करे। बेंच ने दोनों पक्षों को कहा है कि वह निचली अदालत में 21 जुलाई को पेश हों। वादी पति अपनी दलीलें पेश करे। साथ ही प्रतिवादी पत्नी को अपनी सफाई में जो कहना हो वहीं कहे।

## 'बाढ़ से बचना है तो नालों की तत्काल सफाई करें'; मॉनसून से पहले दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में नाले को अवरुद्ध करने वाली संरचनाओं को हटाने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि राजधानी में लोग बहुत बुरी परिस्थिति में रहते हैं। उन्हें नाले के ऊपर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि मानसून नजदीक है। ऐसे में दिल्ली के कई इलाकों को बाढ़ से बचाने के लिए तत्काल इनकी सफाई की जरुरत है। खासतौर पर तैमूर नगर के नाले की रुकावट को तत्काल हटाने व उसे चाले करने के निर्देश पीठ ने संबंधित विभागों को दिए। मानसून आने में बस एक महीना बाकी है। झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर व कॉलोनियों सहित कोई भी चीज जो नाले में पानी के मुक्त प्रवाह के रास्ते में आती है, उसे हटा दिया जाए। पीठ ने कहा कि इस नाले को अगले एक महीने के भीतर साफ करना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि नाले के ऊपर बसी कॉलोनी को नियमित नहीं किया जा सकता। पीठ ने विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के प्रमुख द्वारा पेश नाले के स्थलाकृतिक सर्वेक्षण व निरीक्षण योजना पर भी विचार किया।

# फिर लय में आ रहे हैं रोहित जल्दी ही खेलेंगे बड़ी पारी :मार्क बाउचर



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं और जल्दी ही बड़ी पारी खेलेंगे। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने कहा, 'हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आए। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा। वहीं नौ गेंद में 21 रन बनाने वाले मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के बारे में उन्होंने कहा, 'हार्दिक पांड्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है। जब वह अच्छा खेलता है तो टीम जीतती है। अब वह सिर्फ पावरप्ले में ही नहीं बल्कि बीच के ओवरों में भी गेंदबाजी कर रहा है और विकेट भी ले रहा है। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बाउचर ने विल जैक्स के बारे में कहा, 'वह दबाव में लग रहा है और उस तरह से प्रदर्शन नहीं रहा है, जैसा वह करना चाहता होगा। लेकिन वह शानदार खिलाड़ी है और जबर्दस्त हरफनमौला है। उसने कुछ अहम विकेट लिए जिससे बतौर बल्लेबाज भी उसका आत्मविश्वास बढ़ा है।



# हार्दिक के बारे में बात यह है कि वह कभी हार नहीं मानते: जडेजा

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की एक बात जो उन्हें बहुत पसंद है वह उनका कभी हार न मानने वाला रवैया और हर पहलू में टीम का नेतृत्व करने की इच्छा। पिछले सप्ताह तक एमआई का अभियान लड़खड़ा रहा था, लेकिन पांड्या के नेतृत्व में वे अब दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। पांड्या खुद अब छह मैचों में 11 विकेट लेकर आईपीएल 2025 में कुलदीप यादव, खलील अहमद और शार्दुल ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जडेजा ने कहा, हार्दिक पांड्या एक किरदार हैं, और वह आगे से नेतृत्व करते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो, फील्डिंग हो या फिर मैदान के बाहर। वह हमेशा मुस्कुराते रहते हैं। उनके बारे में एक बात यह है कि वह कभी हार नहीं मानते। पिछला साल उनके लिए अच्छा नहीं रहा, लेकिन इस साल शुरुआत में अच्छे नतीजे न मिलने के बावजूद, वह अपनी शैली पर कायम हैं। उन्होंने यह भी महसूस किया कि एमआई के अभियान में बदलाव अरुण जेटली स्टेडियम में षष्ट पर मिली रोमांचक 12 रन की जीत से प्रेरित था। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से, बदलाव दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आया। वह मैच हार गया था; ज्यादातर टीमें हार मान लेतीं। लेकिन मुंबई इंडियंस ने वापसी की – और यही हार्दिक पांड्या हैं। जडेजा ने कहा, यह वह खेल था जिसने शायद उनके सीजन को बदल दिया। आज रात (इस खेल को जीतना) एक बोनस था। यह एक आरामदायक जीत थी, लेकिन दिल्ली के खेल ने दिखाया कि एमआई और हार्दिक किस चीज से बने हैं। जब हार्दिक पांड्या मैदान में आते हैं, तब भी जब टीम को 10, 12, 15 रन प्रति ओवर की जरूरत होती है, तब भी आपको लगता है कि उनके पास क्रीज पर बेहतर मौका है।



## स्पर्स ने फ्रैंकफर्ट को हराकर यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**बर्लिन, एजेंसी।** डोमिनिक सोलंके की पहली हाफ की पेनल्टी निर्णायक साबित हुई, क्योंकि टोटेनहम हॉटस्पर ने इंट्राच फ्रैंकफर्ट पर 1-0 (कुल 2-1) की जीत के साथ यूईएफए यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। लंदन में 1-1 की बराबरी से उत्साहित फ्रैंकफर्ट ने शानदार शुरुआत की। ह्यूगो एकिटिके ने शुरुआत में ही गोल करने का प्रयास किया, जबकि मारियो गोट्ज ने एक आशाजनक प्रयास किया, जो चूक गया। हालांकि, मेजबान टीम को 17वें मिनट में झटका लगा, जब गोट्ज जांघ की समस्या के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए, जिससे उन्हें जल्दी ही रणनीति बदलनी पड़ी। फ्रैंकफर्ट ने नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन स्पर्स के खेल में आगे बढ़ने के साथ ही वह बढ़त हासिल करने में विफल रहा। जेम्स मैडिसन ने एक शॉट बचाया, लेकिन कुछ मिनट बाद गोलकीपर कौआ सैंटोस द्वारा गिराए जाने पर पेनल्टी जीत ली। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोलनके ने ब्रेक से ठीक पहले स्पॉट से गोल किया। फ्रैंकफर्ट ने खेल फिर से शुरू होने के बाद बढ़त हासिल की।

## 5 मैच हारने वाली हैदराबाद की टीम प्लेऑफ में पहुंचेगी, ये है समीकरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ 17 अप्रैल की शाम मिली हार, आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद की 5वीं हार रही. मतलब अब तक खेले 7 मैचों में से 5 मुकाबले एसआरएचहार चुकी है. मगर प्लेऑफ में पहुंचने का मौका उसके पास अब भी है. 5 मैच हारने के बाद भी आईपीएल में ऑरेंज आर्मी के नाम से मशहूर ये टीम टॉप फोर का टिकट कटा सकती है. वो क्रिकेट में कहावत है ना, जब तक आखिरी गेंद पड़ ना जाए, तब तक गेम ओवर नहीं समझो. कुछ ऐसा ही किस्सा सनराइजर्स हैदराबाद का भी है. आईपीएल 2025 में खेले पहले 7 में से 5 मैच तो वो हार चुके हैं. मगर बाकी के 7 मुकाबले अभी बचे हैं, जो उसे प्लेऑफ में पहुंचा सकते हैं. आईपीएल 2025 के ग्रुप स्टेज पर सभी टीमों को 14-14 मुकाबले खेलने हैं. उसमें से 7 तकरीबन सभी ने खेल लिए हैं. पहले 7 मैचों में से 5 हार के बाद पॉइंट्स टेबल में सनराइजर्स हैदराबाद की हालत पतली है. 10 टीमों के दंगल वाले इस लीग में वो फिलहाल 9वें नंबर पर है. मगर उसके बाद टॉप फोर में पहुंचने का रास्ता हमेशा खुला है. अब सवाल है कि वहां तक वो पहुंचेंगे कैसे? सनराइजर्स हैदराबाद को टॉप फोर में जाने के लिए बाकी बचे हुए अपने 7 मैचों में कोशिश तो सभी जीतने की करनी होगी.मगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें कम से कम 7 में से 6 मैच जरूर जीतने होंगे. उसके बिना उनका काम नहीं चलेगा. पहले 7 मैच में से 2 जीतकर उनके खाते में 4 अंक हैं. वहीं अगले 7 मैच में से 6 जीतने के बाद ही उनके 12 अंक होंगे, जिससे कुल जमां करने पर उनके 16 अंक होंगे.

# गिल की टीम में फिलिप्स की जगह शामिल हुआ 75 लाख सैलरी वाला ऑलराउंडर

### टी-20 में बनाए हैं 4449 रन, लिए हैं 91 विकेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को आईपीएल के इस सीजन में बड़ा झटका लगा था जब ग्लेन फिलिप्स कमर की चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, लेकिन अब इस टीम में उनकी जगह श्रीलंकाई ऑलराउंडर दासुन शनाका को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया है। शनाका अब गुजरात के लिए सीजन के बचे हुए मैचों में खेलते हुए नजर आएंगे। ग्लेन फिलिप्स अपनी इंजरी के बाद स्वदेश वापस लौट चुके हैं।गुजरात ने ग्लेन फिलिप्स को इस सीजन के लिए 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था, लेकिन एक मैच में फील्डिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी और फिर वो मैदान से बाहर चले गए थे। बाद में पता चला की उनकी कमर में गंभीर चोट है और वो इस टीम के लिए बाकी के मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। वहीं दूसरी तरफ दासुन शनाका को साल 2023 में गुजरात टीम का हिस्सा बनाया गया था और वो इस सीजन में सिर्फ 3 ही मैच खेल पाए थे। अब उनकी फिर से गुजरात टीम में वापसी हुई है। शनाका को गुजरात फ्रेंचाईजी ने 75 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा है।श्रीलंका के 33 साल के क्रिकेटर दासुन शनाका दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं और इसी हाथ से मध्यमगति की तेज गेंदबाजी भी करते हैं। उनके आने से गुजरात को एक और ऑलराउंडर मिल गया है। दासुन के टी20 क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक कुल 243 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 3 शतक समेत 142.45 की स्ट्राइक रेट के साथ 4449 रन बनाए हैं। टी20 में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 131 रन है जबकि इतने ही मैचों में उन्होंने 91 विकेट भी झटके हैं। दासुन शनाका का इस प्रारूप में बेस्ट प्रदर्शन 16 रन देकर 4 विकेट रहा है। आपको बता दें कि गुजरात ने इस लीग में अब तक 6 मैच खेले हैं जिसमें इस टीम को 4 मैचों में जीत मिली है जबकि 2 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

## पेरिस में पदक नहीं जीत पाने का अफसोस: निकहत

**लखनऊ, एजेंसी।** निकहत लखनऊ में जारी संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं और उन्होंने बताया कि भविष्य के लिए उनकी तैयारियां कैसी चल रही हैं और पेरिस ओलंपिक की निराशा को कामयाबी की ओर मोड़ना चाहती हैं। दो बार की विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मिली निराशा के बाद से अब तक एक भी बाउट नहीं लड़ी है। निकहत लखनऊ में जारी संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं और उन्होंने बताया कि भविष्य के लिए उनकी तैयारियां कैसी चल रही हैं और पेरिस ओलंपिक की निराशा को कामयाबी की ओर मोड़ना चाहती हैं।

निकहत ने संवाद कार्यक्रम में खिलाड़ियों की राह, आसान या मुश्किल सत्र में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह भी मौजूद थे। भविष्य के कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर निकहत ने कहा, मेरा सपना रहा है ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना। 2024 पेरिस ओलंपिक में मैं ये पूरा नहीं कर पाई। ये मेरे लिए एक निराशा रहेगी, लेकिन मैं इस निराशा को कामयाबी की ओर मोड़ना चाहती हूं। मैंने तैयारी शुरू कर दी है और अभी मेरा पूरा ध्यान लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर है। पेरिस ओलंपिक के बाद से मैंने किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। जल्द ही मैं प्रतिस्पर्धी सर्किट में उतरूंगी। मेरा पहला ध्यान तो सितंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप पर है। वहां मैं अपने खिताब का बचाव करना चाहूंगी।

## श्रीयंका पहली बार विश्व कप फाइनलिस्ट की सूची में



**लीमा, एजेंसी।** पेरिस ओलंपियन श्रीयंका सदांगी इस दोहरे चरण वाले दक्षिण अमेरिकी प्रवास पर पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल के लिए कट बनाने वाली नवीनतम भारतीय निशानेबाज बन गई, उन्होंने चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। श्रीयंका अंतत: आठवें स्थान पर रहीं, स्टैंडिंग पोजिशन राउंड के 10वें शॉट के बाद बाहर हो गईं, जो 45 शॉट के फाइनल का 40वां शॉट था। पेरिस रजत पदक विजेता यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के अंत में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर था।भारतीय निशानेबाजों के लिए कुल मिलाकर चुनौतीपूर्ण दिन रहा, उनमें से कोई भी पुरुष 3पी फाइनल में नहीं पहुंच पाया और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में क्वालीफाइंग के पहले दौर के बाद भी उन्हें बहुत कुछ करना था।

## सौरव कोठारी ने हासिल की खास उपलब्धि, पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन बने




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोठारी (40 वर्ष) आडवाणी को 725-480 अंक से हराकर चैंपियन बने। कोठारी का 325 का ब्रेक मैच का सबसे शानदार पल था जो हालिया चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे बेहतरीन प्रयास में से एक भी रहा। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने आयरलैंड के कार्लो में कई बार के विजेता पंकज आडवाणी को फाइनल में हराकर 2025 आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया। क्यू स्पोर्ट्स की दुनिया ने बुधवार को स्नूकर और बिलियर्ड्स आयरलैंड (एसबीआई) अकादमी में प्रतिष्ठित खिताब के लिए भारत के दो बेहतरीन खिलाड़ियों- कोठारी और आडवाणी के बीच रोमांचक मुकाबला देखा। कोठारी (40 वर्ष) आडवाणी को 725-480 अंक से हराकर चैंपियन बने। कोठारी का 325 का ब्रेक मैच का सबसे शानदार पल था जो हालिया चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे बेहतरीन प्रयास में से एक भी रहा। कोठारी ने 119 और 112 के ब्रेक भी लगाए। इस जीत से कोठारी ने पहला ऐतिहासिक आईबीएसएफ विश्व खिताब (टाइम्ड' प्रारूप) अपने नाम किया।

# प्रधानमंत्री ने की वंदना कटारिया के करियर की सराहना, बोले- नई पारी के लिए शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की 32 वर्षीय पूर्व स्ट्राइकर वंदना ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी स्टार वंदना कटारिया के खेल में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अपने शानदार करियर में 320 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलना उनके कौशल और नेतृत्व का प्रमाण है जिसने भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कटारिया ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 15 साल के करियर का अंत हो गया।

इस 32 वर्षीय स्ट्राइकर ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर साझा किए गए पत्र में लिखा, भारतीय महिला हॉकी टीम की एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उपलब्धियों से भरे शानदार करियर की बधाई और जीवन की एक नई पारी शुरू करने के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएं। अपने खेल से देशवासियों को गर्व के अनेक अवसर देते हुए आपने विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में बड़ा योगदान दिया। हरिद्वार के रोशनाबाद में जन्मी कटारिया का जन्म साधारण पृष्ठभूमि से हुआ था। उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में तकनीशियन के रूप में काम करते थे। उन्होंने जाति-आधारित और लिंग-आधारित गालियों के साथ-साथ खराब स्वास्थ्य और अवसाद से जूझते हुए भारतीय



हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी बनने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री ने कहा, एक साधारण पृष्ठभूमि से आगे आकर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से हॉकी जगत में एक विशेष पहचान बनाने तक की आपकी यात्रा उल्लेखनीय है। भारतीय महिला हॉकी इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनना आपकी विशिष्ट क्षमताओं का परिचायक है। एक कप्तान के तौर पर आपकी नेतृत्व क्षमता व टीम भावना सराहनीय रही और हॉकी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में आपने अहम भूमिका निभायी।

उन्होंने लिखा, देश का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में आपके उत्साह और टीम की आवश्यकता के अनुरुप खेल में विविधता को सराहा जाता रहा है। जूनियर महिला विश्व कप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाना हो या महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सोने का तमगा जीतना या फिर एफआईएच महिला नेशंस कप में स्वर्ण, आपका करियर ऐसी अनेक सफलताओं से भरा हुआ है। कटारिया ओलंपिक में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला हैं। पीएम मोदी ने लिखा, आपके करियर में कई ऐसे मौके आए हैं जो प्रशंसकों के जेहन में हमेशा ताजा रहेंगे। इनमें से एक 2020 तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आपकी हैट्रिक भी शामिल है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने लिखा, एक खिलाड़ी के रूप में करोड़ों खेल प्रेमियों की उम्मीदों पर खरा उतरना और स्वयं को निरंतर निखारते रहना एक बड़ी चुनौती होती है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास के बाद जब आप पीछे मुड़कर अपने करियर को देखेंगी तो निश्चय ही आपको यह अनुभूति होगी कि आपने अपने परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के मस्तक को ऊंचा करने कार्य किया है।